हत्या के केस में फंसाए गए हरियाणा के वकील की तत्काल रिहाई का आदेश - 12

नौकरियों में सुधार के संकेत 2026 तक बढ़ सकती हैं 11 प्रतिशत नियुक्तियां - 12

भूटान की 13वीं पंचवर्षीय योजना को समर्थन की भारत ने की पुष्टि - 13

द. अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में रेड्डी की जगह जुरेल भारत ने किया अभ्यास - 14

आज का मौसम
27.0° अधिकतम तापमान
13.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.26
सूर्यास्त 05.19

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष नवमी 11:34 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2082

गुरुवार, 13 नवंबर 2025, वर्ष 4, अंक 90, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये

दिल्ली कार ब्लास्ट था आतंकवादी हमला

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने निंदा कर आतंक बर्दाश्त न करने की प्रतिबद्धता दोहराई

घटना में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी धमाके को कायरतापूर्ण कृत्य बताया

नई दिल्ली, एजेंसी

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने दिल्ली कार विस्फोट को जघन्य आतंकवादी घटना बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की है और सभी तरह के आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने की नीति के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस घटना में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनकी स्मृति में दो मिनट का मौन रखा। बैठक में विस्फोट की कड़ी निंदा करते हुए एक प्रस्ताव भी पारित किया गया। मंत्रिमंडल ने इसे कायरतापूर्ण और घृणित कृत्य बताते हुए निर्दोष लोगों की मौत की कठोर शब्दों में निंदा की।

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव के मुताबिक प्रस्ताव में कहा गया है कि कार विस्फोट के माध्यम से देश विरोधी ताकतों द्वारा जघन्य आतंकवादी घटना को अंजाम दिया गया। इस विस्फोट में कई लोगों की मौत हो गई और अनेक लोग घायल हुए। मंत्रिमंडल ने सभी तरह के आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने की देश की नीति के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को दोहराया। प्रस्ताव में यह भी कहा गया है कि इस घटना की जांच अत्यंत तत्परता और पेशेवर ढंग से करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि अपराधियों, उनके सहयोगियों और प्रायोजकों की पहचान कर उन्हें शीघ्र न्याय के कटघरे में लाया जा सके। सरकार लगातार सर्वोच्च स्तर पर स्थिति की निगरानी कर रही है। मंत्रिमंडल ने सरकार की सभी भारतीयों के जीवन और कल्याण की रक्षा करने की प्रतिबद्धता को भी दोहराया और कहा कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा और प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा के प्रति उसके संकल्प के अनुरूप है। मंत्रिमंडल ने दुनिया भर की कई सरकारों से प्राप्त एकजुटता और समर्थन के बयानों के लिए भी अपना आभार प्रकट किया। मंत्रिमंडल ने अधिकारियों, सुरक्षा एजेंसियों और नागरिकों द्वारा साहस और करुणा के साथ की गई समयबद्ध और समन्वित प्रतिक्रिया की सराहना की।

नई दिल्ली में लाल किले के पास हुए विस्फोट में क्षतिग्रस्त कारों का निरीक्षण करते अधिकारी।

विस्फोट से पहले उमर मस्जिद में तीन घंटे रुका था

नई दिल्ली। दिल्ली में लाल किले के पास जिस कार में विस्फोट हुआ उसे चला रहा शख्स रामलीला मैदान के पास एक मस्जिद में गया था। अधिकारी ने कहा कि अल-फलाह विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर डॉ. उमर नबी के बारे में माना जाता है कि वह सोमवार को वही कार चला रहा था जिसमें विस्फोट हुआ था और उसने अपराह्न करीब 3.19 बजे सुनहरी मस्जिद पार्किंग स्थल पर वाहन खड़ा किया था। उससे पहले, नबी आसफ अली रोड पर, रामलीला मैदान के पास एक मस्जिद गया था, जहां वह कथित तौर पर लगभग तीन घंटे तक रहा और नमाज अदा की।

अस्पताल में पीड़ितों से मिले मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले के निकट हुए विस्फोट में घायल लोगों से बुधवार को एलएनजेपी अस्पताल में मुलाकात की और कहा अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। प्रधानमंत्री लगभग 25 मिनट तक अस्पताल में रहे।

मोदी ने एक पोस्ट में कहा, सभी के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। इस साजिश के पीछे जो भी लोग हैं, उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाएगा! अस्पताल में तथा इसके आसपास भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। अधिकारियों ने बताया कि भूटान से वापस आने के बाद प्रधानमंत्री मोदी विस्फोट में घायल हुए लोगों से मिलने के लिए सीधे एलएनजेपी अस्पताल गए।

एलएनजेपी अस्पताल में घायल से मिलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

आई-20 कार की बिक्री में मदद करने वाला फरीदाबाद का कार विक्रेता हिरासत में

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने विस्फोट में मामले में फरीदाबाद के एक कार विक्रेता को हिरासत में लिया है। पुलिस ने इसी के साथ दिल्ली तथा आसपास के राज्यों के सभी पुराने कार विक्रेताओं से हाल में हुई वाहनों की बिक्री का विवरण सत्यापित करने और साझा करने का निर्देश दिया है। फरीदाबाद के सेक्टर 37 स्थित रॉयल कार प्लाजा के मालिक अमित को फरीदाबाद पुलिस की सहायता से रात हिरासत में लिया गया। उन्होंने हुंदै आई20 की बिक्री में मदद की थी, जिसका इस्तेमाल विस्फोट में किया गया था।

लाल फोर्ड इकोस्पोर्ट हरियाणा से बरामद

चंडीगढ़। दिल्ली के लाल किला विस्फोट मामले से जुड़ी एक संदिग्ध लाल फोर्ड इकोस्पोर्ट कार का पता लगा लिया गया है और इसे फरीदाबाद जिले के खंदावली में जब्त कर लिया गया है। दिल्ली पुलिस ने लाल फोर्ड इकोस्पोर्ट कार का पता लगाने के लिए राष्ट्रीय राजधानी के सभी पुलिस थानों, चौकियों और सीमा चौकियों पर अलर्ट जारी कर दिया था। यह अलर्ट तब जारी किया गया जब जांच में इस बात का पता चला कि विस्फोट में प्रयुक्त हुंदै आई20 से जुड़े अन्य संदिग्धों के पास एक अन्य लाल रंग की कार भी थी। वाहन का पता लगाने के लिए दिल्ली पुलिस की कम से कम पांच टीम तैनात की गयी थीं, जबकि पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश और हरियाणा पुलिस को भी कड़ी सतर्कता बरतने और तलाशी में सहायता करने के लिए सतर्क किया गया था।

एटीएस ने इंजीनियर को किया गिरफ्तार

मुंबई। महाराष्ट्र एटीएस ने अल-कायदा और अन्य प्रतिबंधित संगठनों से कथित संबंधों के लिए पुणे के एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर की गिरफ्तारी के सिलसिले में ठाणे में एक शिक्षक और पुणे में एक अन्य व्यक्ति के घर पर छापेमारी की। एटीएस ने स्पष्ट किया कि यह छापेमारी सोमवार को दिल्ली में हुए विस्फोट से संबंधित नहीं है लेकिन साथ ही बताया कि मानक प्रक्रिया के तहत एजेंसी इस बात की जांच कर रही है कि क्या राष्ट्रीय राजधानी में हुई इस घटना का महाराष्ट्र से कोई संबंध है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार इंजीनियर जुबैर हंगरगेकर ने ठाणे जिले के मुंब्रा स्थित शिक्षक के घर का इस्तेमाल एक बैठक के लिए किया था।

लाल किला समेत ऐतिहासिक स्थल थे निशाने पर

डॉक्टर मुजम्मिल और उमर ने साजिश के तहत की थी रेकी

- मुजम्मिल के फोन के डंप डेटा से हुआ खुलासा, अब तक कुल 56 डॉक्टरों से पूछताछ की जा चुकी

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली विस्फोट में शामिल डॉक्टर मुजम्मिल व उमर ने एक बड़ी आतंकी साजिश के तहत लाल किले की रेकी की थी और इस मॉड्यूल की साजिश गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को लाल किले व अन्य ऐतिहासिक स्थल को निशाना बनाने की थी। शीर्ष सूत्र ने यह भी खुलासा किया है कि यह मॉड्यूल दिवाली के दौरान भी भीड़भाड़ वाली जगह पर हमले की भी साजिश रच रहा था।

डॉक्टर मुजम्मिल ने आत्मघाती हमलावर डॉक्टर उमर के साथ मिलकर जनवरी के पहले हफ्ते में लाल किले की रेकी की थी। यह महत्वपूर्ण जानकारी डॉक्टर मुजम्मिल के फोन के डंप डेटा से प्राप्त की गई थी। यह खुलासा तब हुआ जब सुरक्षा एजेंसियों को डॉक्टर आतंकी मॉड्यूल मामले में महत्वपूर्ण सफलता मिली। 10 नवंबर को शाम 6:52 बजे लाल किले के बाहर हुए विस्फोट के सिलसिले में 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया और तीन को हिरासत में लिया गया। सभी गिरफ्तारियां जम्मू पुलिस द्वारा की गईं और अब तक कुल 56 डॉक्टरों से पूछताछ की जा चुकी है। जांच का पता जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर के नौगाम पुलिस स्टेशन क्षेत्र में सुरक्षा बलों को धमकी देने वाले एक आपत्तिजनक पोस्टर से चलता है। इस संबंध में 19 अक्टूबर को मामला दर्ज किया गया था। जांच विवरण से पता चलता है कि डॉ. उमर उस चलती आई-20 कार में सवार था जिसमें विस्फोट हुआ था। डॉ. उमर इस मामले में जम्मू-कश्मीर पुलिस के लिए वांछित है। डॉ. उमर ने लाल किला मेट्रो स्टेशन की पार्किंग में लगभग तीन घंटे बिताए, इस दौरान वह किसी के संपर्क में था। सीसीटीवी से पता चलता है कि कार दोपहर 3:19 बजे पार्क की गई थी तीन घंटे बाद 6:48 बजे पार्किंग क्षेत्र से बाहर निकली थी और विस्फोट कर दिया।

डॉक्टर मुजम्मिल डॉक्टर उमर

ब्रीफ न्यूज

ऑनलाइन सट्टेबाजी: अभिनेता प्रकाश राज से पूछताछ की

हैदराबाद। तेलंगाना सरकार के विशेष जांच दल (एसआईटी) ने यहां बुधवार को अभिनेता प्रकाश राज से एक ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप के प्रचार से जुड़े मामले में पूछताछ की। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रकाश राज ने दल के समक्ष पेश होकर अपना बयान दर्ज कराया। राज्य सरकार ने अवैध सट्टेबाजी पर रोक लगाने और ऑनलाइन सट्टेबाजी एप मामलों की विस्तृत जांच के लिए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, सीआईडी की निगरानी में एसआईटी का गठन किया है। छताछ के बाद मीडिया से बातचीत में प्रकाश राज ने बताया कि उन्होंने 2016 में एक ऐप का विज्ञापन किया था, जब उसमें सट्टेबाजी शुरू नहीं हुई थी।

रॉ प्रमुख पराग जैन को सुरक्षा सचिव का अतिरिक्त प्रभार

नई दिल्ली। खुफिया एजेंसी 'रॉ' के प्रमुख पराग जैन को बुधवार को कैबिनेट सचिवालय में सचिव (सुरक्षा) का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया। आईपीएस के पंजाब कैडर के 1989 बैच के अधिकारी जैन ने एक जुलाई को दो वर्ष के कार्यकाल के लिए देश की बाह्य खुफिया एजेंसी का कार्यभार संभाला था। नियुक्ति संबंधी कैबिनेट समिति द्वारा जारी आदेश में कहा गया, सक्षम प्राधिकार ने कैबिनेट सचिवालय के सचिव (सुरक्षा) का अतिरिक्त प्रभार आईपीएस अधिकारी पराग जैन (पंजाब कैडर, 1989 बैच) को सौंपने की मंजूरी दी है। आदेश में यह भी कहा गया कि पराग जैन को यह अतिरिक्त जिम्मेदारी तुरंत प्रभाव से तब तक के लिए दी गई है, जब तक नियमित नियुक्ति नहीं हो जाती या अगला आदेश जारी नहीं किया जाता।

दिल्ली में प्रदूषण गंभीर, एक्यूआई 423

- न्यूनतम तापमान 10.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली में वायु प्रदूषण और हवा की गुणवत्ता बुधवार सुबह लगातार दूसरे दिन गंभीर श्रेणी में बनी हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 414 दर्ज किया गया।

शहर में मंगलवार को इस मौसम की सबसे खराब वायु गुणवत्ता देखी गई, जब सूचकांक 423 पर पहुंच गया। केंद्र सरकार ने बिगड़ती वायु गुणवत्ता के मद्देनजर ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) के तीसरे चरण के तहत कड़े प्रदूषण-रोधी उपाय लागू किए हैं। सीपीसीबी वर्गीकरण के अनुसार, शून्य से 50 के बीच का वायु गुणवत्ता सूचकांक अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बेहद खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर माना जाता है। बुधवार को न्यूनतम तापमान 10.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो मौसम के सामान्य तापमान से 3.1 डिग्री कम है। मौसम विभाग ने दिन में हल्का कोहरा छाए रहने का भी अनुमान जताया है।

नई दिल्ली के आईटीओ पर धुंध के दौरान जातें वाहन।

अभिनेता धर्मेंद्र को अस्पताल से छुट्टी

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता धर्मेंद्र को बुधवार सुबह मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल से छुट्टी दे दी गई और अब वह घर पर ही स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करेंगे। उनकी सेहत को लेकर तमाम अटकलों के बीच परिवार और डॉक्टर ने यह जानकारी दी।

धर्मेंद्र (89) को थोड़े दिन पहले कुछ जांचों के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालांकि, उनके परिवार और अस्पताल के अधिकारियों ने इन जांचों या उनकी स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी।

खुदरा महंगाई 10 साल के न्यूनतम स्तर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

खुदरा मुद्रास्फीति अक्टूबर में घटकर रिकॉर्ड निचले स्तर 0.25 प्रतिशत पर आ गई। सब्जी, फल, अंडा जैसे खाने के सामान के सस्ता होने के साथ आम लोगों के उपयोग वाली लगभग 380 वस्तुओं पर जीएसटी में कटौती से महंगाई दर में नरमी आई है।

अक्टूबर माह की उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति वर्तमान श्रृंखला (आधार वर्ष 2012) में सबसे कम है। इसमें जनवरी, 2014 से आंकड़े शामिल हैं। खुदरा मुद्रास्फीति सितंबर में 1.44 प्रतिशत और बीते साल अक्टूबर में 6.21 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर में खाद्य मुद्रास्फीति में गिरावट आई और यह शून्य से नीचे 5.02 प्रतिशत रही। अक्टूबर, 2025 के दौरान कुल मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति में गिरावट का कारण मुख्य रूप से जीएसटी दर में कटौती रही।

जीएसटी में कटौती का असर

- अक्टूबर में 0.25% रही, सितंबर में 1.44% थी

ग्रामीण क्षेत्रों में घटी मुद्रास्फीति

एनएसओ के आंकड़ों के अनुसार, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में मुद्रास्फीति घटी है और यह क्रमशः 0.25 प्रतिशत और 0.88 प्रतिशत रही। सबसे अधिक मुद्रास्फीति केरल (8.56 प्रतिशत) में रही, उसके बाद जम्मू-कश्मीर (2.95 प्रतिशत), कर्नाटक (2.34 प्रतिशत), पंजाब (1.81 प्रतिशत) और तमिलनाडु (1.29 प्रतिशत) का स्थान रहा। असम, बिहार, छत्तीसगढ़, दिल्ली और उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में मुद्रास्फीति में कमी आई है।

विवि ने महिला सफाई कर्मियों से मांगा मासिक धर्म का प्रमाण

- सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन ने शीर्ष अदालत में याचिका दायर की
- एमडीयू से जुड़े तीन लोगों पर यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज

नई दिल्ली, एजेंसी

हरियाणा के महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में महिला सफाई कर्मचारियों से उनके मासिक धर्म को तस्वीरों के जरिए साबित करने के लिए कहे जाने के आरोपों को लेकर सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) ने शीर्ष अदालत में याचिका दायर की है। याचिका में, केंद्र और हरियाणा सरकार को घटना की विस्तृत जांच करने के निर्देश देने का अनुरोध किया गया है।

एसोसिएशन ने शीर्ष कोर्ट से यह सुनिश्चित करने के लिए दिशानिर्देश जारी करने का भी अनुरोध किया है कि मासिक धर्म के दौरान महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य, गरिमा, शारीरिक स्वायत्तता और निजता के अधिकार का हनन न हो। पुलिस ने बताया कि एमडीयू से जुड़े तीन लोगों पर यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज किया गया। इन लोगों पर आरोप है कि उन्होंने महिला सफाई कर्मचारियों से तस्वीरों के जरिये यह साबित करने को कहा कि उनका मासिक धर्म चालू है। विश्वविद्यालय ने एक बयान में कहा कि उसने दो पर्यवेक्षकों को निलंबित कर दिया है, जिन्हें हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड के माध्यम से अनुबंध पर नियुक्त किया गया था।

घोषणा मुख्यमंत्री योगी ने लखनऊ में जूनियर बालक हॉकी विश्वकप-2025 की ट्रॉफी का स्वागत किया

खेल व खिलाड़ियों को बेहतर माहौल देकर यूपी को करेंगे अग्रणी

- विश्वकप में भारतीय खिलाड़ियों के सफलता की मंगलकामना की

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खेल और खिलाड़ियों बेहतर माहौल देकर उत्तर प्रदेश को अग्रणी बनाने का वायदा कर खिलाड़ियों को उत्साहित किया है। बुधवार को उन्होंने लखनऊ में अपने सरकारी आवास पर जूनियर बालक हॉकी विश्वकप-2025 की ट्रॉफी का स्वागत किया।

इस दौरान उन्होंने विश्वकप में भारतीय खिलाड़ियों के सफलता की मंगलकामना भी की। योगी आदित्यनाथ ने यहां कहा कि लखनऊ में एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 की प्रतिष्ठित ट्रॉफी का स्वागत करना मेरे और प्रदेशवासियों के लिए आह्लादित करने वाला क्षण है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में इस ट्रॉफी का आना यूपी के स्वर्णिम इतिहास का स्मरण कराने वाला क्षण है। मुख्यमंत्री के मुताबिक, हॉकी इंडिया में उत्तर प्रदेश का योगदान अविस्मरणीय है। मालूम हो कि, तमिलनाडु के चेन्नई और मदुरै में जूनियर बालक हॉकी विश्वकप-2025 के मुकाबले 28 नवंबर से दस दिसंबर तक होंगे।

इसमें मेजबान भारत के साथ चीन, बेल्जियम जापान, स्पेन, न्यूजीलैंड चिली, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया समेत 24 टीम हिस्सा ले रही हैं। मेजबान भारत ने वर्ष 2001 और वर्ष 2016 में यह खिताब जीता था। भारत इस बार घरेलू मैदान पर तीसरी बार खिताब जीतने के लक्ष्य के साथ मैदान में उतरेगा।

लखनऊ में बुधवार को अपने सरकारी आवास पर पुरुष जूनियर हॉकी विश्व कप ट्रॉफी का स्वागत करते मुख्यमंत्री योगी।

मेरठ में ध्यानचंद खेल विवि का निर्माण

मुख्यमंत्री ने बताया कि हमारी सरकार मेरठ में मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय का निर्माण कर रही है। इस वर्ष से पहला सत्र प्रारंभ हो चुका है। यूपी में जन्मे हॉकी के प्रसिद्ध खिलाड़ी रहे केडी सिंह बाबू का भी जिक्र करते हुए कहा कि उनकी स्मृति को जीवंत रखने के लिए बाराबंकी में उनके निवास को एक म्यूजियम के रूप में बनाया जा रहा है।

जीरो पॉवर्टी अभियान मिशन मोड में करें पूरा : योगी

15 तक प्रथम चरण और द्वितीय चरण में सत्यापन की प्रक्रिया 30 तक हो पूरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में जीरो पॉवर्टी अभियान को मिशन मोड में आगे बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसी भी पात्र परिवार को सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। मुख्यमंत्री का कहना है कि इस अभियान का प्रथम चरण सात प्राथमिकता वाली योजनाओं को पूरी तरह लागू करने पर केंद्रित होगा।

- एक माह का विशेष अभियान चलाकर सभी पात्र लाभार्थियों को किया जाएगा चिन्हित

उन्होंने कहा कि यूपी सरकार की मंशा है कि इस विशेष अभियान के माध्यम से न केवल गरीब परिवारों को सामाजिक सुरक्षा मिले, बल्कि उनकी बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति भी सुनिश्चित हो। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अभियान की प्रगति की नियमित समीक्षा की जाए और जिलों में अभियान की प्रभावी मॉनिटरिंग हो।

पूरे परिवार का नाम राशन कार्ड में हो दर्ज

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि चिन्हित परिवारों के प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवेदन सुनिश्चित किए जाएं और साथ ही यह भी देखा जाए कि सभी लाभार्थियों के पूरे परिवार का नाम राशन कार्ड में दर्ज हो।

इनमें राशन कार्ड, दिव्यांगजन पेंशन, विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, पीएम किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत) शामिल हैं।

योगी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि 15 नवंबर तक प्रथम चरण की सभी योजनाओं का आच्छादन पूरा कर लिया जाए, जबकि द्वितीय चरण के अंतर्गत आने वाली योजनाओं के सत्यापन की प्रक्रिया 30 नवंबर तक हर हाल में पूरी हो जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि एक माह का विशेष अभियान चलाकर उन सभी पात्र लाभार्थियों को चिन्हित किया जाए, जो किसी कारणवश अभी तक इन प्राथमिकता वाली योजनाओं से वंचित हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा है कि प्रत्येक पात्र परिवार को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना ही जीरो पॉवर्टी अभियान का मूल उद्देश्य है।

फेंसेडिल सिरप की तस्करी में चार गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : नशे में इस्तेमाल के लिए फेंसेडिल कफ सिरप व कोडीन युक्त दवाओं का भंडारण कर तस्करी करने वाले चार आरोपियों को यूपी एसटीएफ ने सहारनपुर से बुधवार सुबह गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों में दो-दो सगे भाई हैं। आरोपियों के पास से दो पिस्टल, दस कारतूस, चार मोबाइल व भारी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक व भौतिक दस्तावेज बरामद हुए हैं। आरोपी करीब डेढ़ साल से लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी थाने में दर्ज मामले में फरार चल रहे थे। आरोपियों ने फेंसेडिल सिरप की तस्करी से करीब 200 करोड़ की संपति बनायी थी। जिसका ब्योरा एसटीएफ जुटा रही है। ट्रांजिट रिमांड

यूपी एसटीएफ की कार्रवाई में पकड़े गए तस्करी के आरोपी।

पर लेकर एसटीएफ चारों को लखनऊ लेकर पहुंची और सुशांत गोल्फ सिटी थाने में दाखिल कर दिया।

8 अप्रैल 2024 को यूपी एसटीएफ और औषधि विभाग की संयुक्त टीम ने सुशांत गोल्फ सिटी के अहिमामऊ से ट्रक चालक धर्मेंद्र कुमार निवासी मौरावां उन्नाव को गिरफ्तार किया था। ट्रक से 52 पेटी सिरप और अन्य सामान बरामद किया गया था। बरामद माल पश्चिम बंगाल भेजा जा रहा था। एसटीएफ की जांच में कुछ और नाम सामने आए। जिसके बाद डीएसपी एसटीएफ लाल प्रताप सिंह ने विभोर राणा, उसके भाई विशाल सिंह निवासी शास्त्रीनगर सदर बाजार सहारनपुर को नोटिस देकर पूछताछ के लिए बुलाया, लेकिन वे नहीं आए। जिसके बाद एसटीएफ ने सहारनपुर में छापेमारी कर विभोर राणा, विशाल सिंह, बिट्टू कुमार और उसके भाई सचिन कुमार निवासी अनमोल विहार कॉलोनी सहारनपुर

- एसटीएफ ने सहारनपुर से पकड़ा तस्करी से अर्जित की 200 करोड़ की संपति

हालपता अब्दुल्ला नगर देवबंद को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी विभोर राणा व विशाल सिंह ने बताया कि वर्ष 2018 में अपनी फर्म जीआर ट्रेडिंग सहारनपुर के नाम पर एबॉट कंपनी से सुपर डिस्ट्रीब्यूशनशिप लिया। लालच में आरोपियों ने परिचितों के नाम पर ड्रग लाइसेंस बनवाकर और उस पर फर्जी फर्म बनाकर कागजों में ही फेंसेडिल की खरीद फरोख्त दिखाकर दवा को असली रिटेलर को न देकर नशे के लिए बांग्लादेश तस्करी करने वाले गिरोह को दे देते थे।

न्यूज ब्रीफ

साउंड्स ऑफ कुंभ ग्रैमी में नामांकित

अमृत विचार, लखनऊ : प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ न केवल एक आध्यात्मिक महोत्सव के रूप में प्रतिष्ठित हुआ, बल्कि यह एक वैश्विक सांस्कृतिक मील का पत्थर भी बन गया। इसी असाधारण आयोजन को समर्पित एल्बम साउंड्स ऑफ कुंभ को अब 68वें ग्रैमी अवॉर्ड्स में बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम श्रेणी के लिए नामांकित किया गया है। गायक-संगीतकार सिद्धांत भाटिया की परिकल्पना पर आधारित इस एल्बम में 12 ट्रैक सम्मिलित हैं, जिन्हें भारत और विदेशों के लगभग 50 कलाकारों ने मिलकर साकार किया है। यह एल्बम जनवरी-फरवरी में आयोजित 45 दिवसीय महाकुंभ के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक भाव को संजोता है, जिसमें विश्व के कोने-कोने से करोड़ों श्रद्धालु आस्था के इस अद्वितीय संगम का हिस्सा बने।

जौनपुर से मिले सर्वाधिक फीडबैक

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप यूपी को 2047 तक विकसित प्रदेश बनाने के लक्ष्य को लेकर चल रहा समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश @2047 : समृद्धि का शताब्दी पर्व महा अभियान जनभागीदारी के नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है। अब तक पोर्टल samarthuttarpradesh.up.gov.in पर 87.37 लाख से अधिक फीडबैक प्राप्त हुए हैं। इस कड़ी में टॉप पांच जिलों में जौनपुर (818,599), संभल (751,586), गाजीपुर (351,198), गाजियाबाद (256,262) और हरदोई (221,520) शामिल हैं। वहीं, अब तक आए कुल 87,37,432 फीडबैक में से 67,80,358 सुझाव ग्रामीण क्षेत्रों से और 19,57,128 सुझाव नगरीय क्षेत्रों से आए हैं। इनमें 43,49,245 सुझाव आयु वर्ग 31 वर्ष से कम, 39,79,920 सुझाव 31-60 वर्ष के आयु वर्ग, तथा 4,08,276 सुझाव 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग से प्राप्त हुए हैं।

पहले आओ-पहले पाओ आलू बीज

अमृत विचार, लखनऊ : उद्यान एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने आगरा आलू बीज प्रकरण का संज्ञान लेते हुए आलू बीज निकासी और आवंटन प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाने के निर्देश दिए हैं। बीज आवंटन में "प्रथम आवक-प्रथम पावक" व्यवस्था को सख्ती से लागू किया जाए। स्पष्ट कहा कि किसान हितों के मामलों में किसी भी स्तर पर अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उद्यान मंत्री बुधवार को गौतमपल्ली स्थित अपने सरकारी आवास में विभागीय योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे।

भारत की सुरक्षा में सेंध लगाने वाले को चुकानी पड़ेगी कीमत : योगी

मुख्यमंत्री ने गुजरात के एकता नगर में भारत पर्व समारोह को किया संबोधित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रतिनिधिमंडल के साथ बुधवार को गुजरात के एकता नगर के दौरे पर रहे। वहां वे भारत रत्न, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित 'भारत पर्व-2025' में भी शामिल हुए। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भी देखा। सीएम स्टैच्यू ऑफ यूनिटी भी पहुंचे और लौहपुरुष को नमन किया।

- बोले, नया भारत सुरक्षा, संप्रभुता व अखंडता से समझौता नहीं करता

मुख्यमंत्री सूचना परिसर, लखनऊ से साझा की गई खबर के अनुसार, वहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गुजरात सदैव से देश को राह दिखाने वाला राज्य रहा है। साथ ही नया भारत देश की सुरक्षा, संप्रभुता व अखंडता से कोई समझौता नहीं करता है। भारत और उसके नागरिकों की सुरक्षा में सेंध लगाने का दुस्साहस करने वाले को कीमत चुकानी ही पड़ेगी। 11 वर्ष में सभी ने देखा कि नया भारत समय आने पर जवाब देता है। सीएम योगी ने गुजरात सरकार व आयोजन से जुड़े लोगों का अभिनंदन किया। योगी ने कहा कि 2018 में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के दर्शन का अवसर मिला था। उस समय कुछ दिन पूर्व ही प्रधानमंत्री ने इसे राष्ट्र को समर्पित किया था। पिछले सात वर्ष में यहां परिवर्तन हुआ है। वीरान जगह को विश्व पर्यटन के व्यस्त डेस्टिनेशन के रूप में कैसे स्थापित किया जा सकता है। स्टैच्यू ऑफ यूनिटी और सरदार सरोवर के तट पर हुआ विकास का यह कार्य दिखाता है। स्टैच्यू ऑफ यूनिटी भारत की एकता की प्रतिमूर्ति है। इस अवसर पर अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल कैवल्य त्रिविक्रम परनायक, उप्र. विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, जयवीर सिंह, गुजरात के मंत्री व पोरबंदर विधायक अर्जुन मोधवाडिया आदि मौजूद रहे।

गुजरात स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी देखने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी, साथ में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना व अन्य मंत्रीगण।

यूपी पर्यटन विभाग ने जीता दिल

अमृत विचार, लखनऊ : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में गुजरात के केवड़िया स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी परिसर में आयोजित भारत पर्व 2025 में बुधवार को 'उत्तर प्रदेश दिवस' मनाया गया। पवेलियन में राज्य की सांस्कृतिक, धार्मिक और पर्यटन धरोहर को आकर्षक रूप में पेश किया गया। पर्यटन मंत्री ने कहा कि भारत पर्व में उप्र.से पहुंचे 72 कलाकारों ने शहनाई, कथक, राई और मयूर नृत्य जैसी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शंखनाद और ढोलक की तालों से वातावरण गूंज उठा। उन्होंने कहा कि यूपी की संस्कृति, खान-पान, नृत्य, आध्यात्मिकता और पर्यटन विविधता देश के लिए प्रेरणा हैं।

एससी-एसटी मामलों में अनुसूचित वर्ग के अभियुक्त को भी जमानत नहीं

विधि संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अनुसूचित जाति-जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम व भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) के सम्बंधित प्रावधानों को स्पष्ट किया है। कोर्ट ने कहा कि उक्त अधिनियम के तहत दर्ज मामले में अधिनियम के तहत गठित विशेष अदालत द्वारा एससी वर्ग के अभियुक्त की भी जमानत खारिज किए जाने के पश्चात हाईकोर्ट में बीएनएसएस के तहत जमानत याचिका पोषणीय नहीं है। उसे भी अधिनियम की धारा 14ए(2) के तहत हाईकोर्ट में अपील ही दाखिल करनी होगी।

- हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने किया स्पष्ट

यह आदेश न्यायमूर्ति करुणेश सिंह पवार की एकल पीठ ने भीमसेन कोरी की जमानत याचिका को खारिज करते हुए पारित किया। अयोध्या जनपद से सम्बंधित उक्त आपराधिक मामले में एससी वर्ग के वादी ने एफआईआर दर्ज करते हुए, अभियुक्तों पर जानलेवा हमले का आरोप लगाया है। अन्य अभियुक्तों के सामान्य वर्ग का होने के कारण उन पर एससी-एसटी एक्ट की सम्बंधित धाराएं भी लगायी गई हैं। याची अभियुक्त की ओर से दलील दी गई थी कि वह स्वयं एससी वर्ग का है तथा आरोप पत्र में भी उसके विरुद्ध एससी-एसटी एक्ट की धाराएं नहीं लगायी गई हैं लिहाजा बीएनएसएस की धारा 483 के तहत उसकी जमानत याचिका पोषणीय है।

पीड़ित के अधिवक्ता चन्दन श्रीवास्तव ने इसका विरोध करते हुए कहा कि अधिनियम की धारा 14ए(2) प्रावधान करती है कि विशेष अदालत के आदेश को अपील के माध्यम से ही हाईकोर्ट में चुनौती दी जा सकती है लिहाजा बीएनएसएस के तहत वर्तमान जमानत याचिका पोषणीय नहीं है, भले ही अभियुक्त एससी वर्ग का है। कोर्ट ने भी पाया कि अभियुक्त के पास अपील दाखिल करने का ही विकल्प है।

अग्नि सुरक्षा प्रमाण पत्र की वैधता दो वर्ष बढ़ी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: राज्य सरकार ने उद्यमियों को राहत देने के लिए उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवा नियमावली, 2024 को पहले से ज्यादा सरल बना दिया है। वर्तमान समय में अग्नि सुरक्षा प्रमाण-पत्र (एनओसी) विभिन्न प्रकार के भवनों के उपयोग के वर्गीकरण के आधार पर दिया जाता है।

नेशनल बिल्डिंग कोड (एनबीसी) के अनुसार भवनों को निम्न प्रकार में वर्गीकृत किया गया है- यह हैं रेजिडेंशियल टाइप ऑक्यूपेन्सी, एजुकेशनल टाइप ऑक्यूपेन्सी, इन्स्टीट्यूशनल टाइप ऑक्यूपेन्सी, असेम्बली टाइप ऑक्यूपेन्सी, बिजनेस टाइप ऑक्यूपेन्सी, मर्केन्टाइल टाइप ऑक्यूपेन्सी, इंस्ट्रियल टाइप ऑक्यूपेन्सी, स्टोरेज टाइप ऑक्यूपेन्सी और हैजार्डस टाइप ऑक्यूपेन्सी।

- सरकार का ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के क्षेत्र में अहम निर्णय

मौजूदा नियमों के अनुसार उपरोक्त भवनों के लिए वर्तमान समय में अग्नि सुरक्षा प्रमाण-पत्र की अवधि आवासीय भवनों (होटल से भिन्न) के लिये 5 वर्ष और गैर-आवासीय भवनों के लिये के लिये 3 वर्ष है। वहीं होटलों, अस्पतालों और अत्यधिक संकट वाले औद्योगिक भवनों के लिये 1 वर्ष निर्धारित है। सरकार ने उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवा नियमावली, 2024 के प्रावधानों में बदलाव किया है। अब अत्यधिक संवेदनशील हॉस्पिटल (इन्स्टीट्यूशनल ऑक्यूपेन्सी) एवं हाई हैजार्ड इंडस्ट्रियल भवनों को छोड़कर ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के लिए शेष समस्त भवनों भवनों, ऑक्यूपेंसी के अग्नि सुरक्षा प्रमाण पत्रों की वैधता 3 वर्ष से बढ़ाकर 5 वर्ष करने का फैसला किया गया है। यह पहल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की नीति के तहत की गई है।

गोरखपुर में मार्च तक पूरा होगा विज्ञान पार्क का निर्माण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

अमृत विचार : प्रदेश सरकार गोरखपुर में विश्वस्तरीय ज्ञान विज्ञान पार्क बनवा रही है। वीर बहादुर सिंह नक्षत्रशाला में ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ के नाम पर बन रहे ज्ञान विज्ञान पार्क का निर्माण मार्च 2026 तक पूरा होना प्रस्तावित है।

यह राज्य का दूसरा विज्ञान पार्क होगा। इसके निर्माण पर 15 करोड़ 89 लाख रुपये की लागत आएगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर 46 करोड़ 88 लाख रुपये की लागत से वीर बहादुर सिंह नक्षत्रशाला का आधुनिकीकरण भी कराया जा रहा है। वीर बहादुर सिंह नक्षत्रशाला के प्रभारी डॉ. महादेव पांडेय के मुताबिक, आधुनिकीकरण से नक्षत्रशाला को विश्वस्तरीय बनाया जा रहा है। विज्ञान से संबंधित कई विशिष्ट उपकरण मंगाए जा रहे हैं। थ्री डी प्रोजेक्टर लगाने के साथ ही एम्फी थिएटर बनाया जा रहा है।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार ने बुधवार को नक्षत्रशाला के आधुनिकीकरण कार्य एवं निर्माणाधीन विज्ञान पार्क का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पार्क का निर्माण इस प्रकार किया जाए कि यह पूर्वांचल क्षेत्र के लिए विज्ञान शिक्षा का एक प्रमुख केंद्र बन सके।

वोट कटने नहीं देंगे पीडीए प्रहरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि पार्टी ने प्रदेशभर में 'पीडीए प्रहरी' बनाए हैं, जिनका उद्देश्य है कि हर व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में जुड़ जाए, खासकर पीडीए समाज का और किसी का भी वोट कटने न पाए। उन्होंने कहा कि सपा का संकल्प है कि एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) से डरना नहीं, बल्कि डटे रहना है।

सपा प्रमुख बुधवार को पार्टी मुख्यालय में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक के बाद प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा चाहती है लोग मतदाता सूची और एसआईआर में ही उलझे रहें, ताकि जनता सरकार की नाकामियों पर सवाल न उठा सके। प्रदेश में बीएलओ समेत पूरी सरकारी मशीनरी भाजपा का वोट बनवाने में लगी है। अधिकारी विपक्षी समर्थकों को परेशान कर रहे हैं, ताकि उनका वोट न बन सके।

बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव, सांसद नरेश उत्तम पटेल, नीरज मौर्य, देवेश शाक्य, प्रदेश अध्यक्ष श्याम पाल पाल सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और नेता मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री की भाषा हो गई सांप्रदायिक

अमृत विचार, लखनऊ : सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि उप्र. के मुख्यमंत्री की भाषा अब बेहद सांप्रदायिक हो गई है। आरोप लगाया कि जब भी मुख्यमंत्री को लगता है कि जनता और उनके विधायक उनसे नाराज हैं, तो वे घबरा जाते हैं और सांप्रदायिक भाषण देने लगते हैं। सपा प्रमुख ने पत्रकारों से कहा कि मुख्यमंत्री को स्टार्टअप, एआई और ऑरेंज इकॉनमी की समझ नहीं है।

एग्जिट पोल खोखले, बना रहे बेईमानी की भूमिका

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सपा प्रमुख ने कहा कि एग्जिट पोल केवल भूमिका बना रहे, ताकि ये लोग बेईमानी कर सकें। उप्र. के एक्जिट पोल में सब हमें हरा रहे थे, लेकिन क्या हुआ, सभी ने देखा।

फार्मर रजिस्ट्री बनाने में सुस्ती पर जताई नाराजगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्य सचिव एसपी गोयल ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग से सभी मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ बैठक कर फार्मर रजिस्ट्री, पराली प्रबंधन, पीएम सूर्यघर योजना, रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए।

- मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग से मंडलायुक्तों व जिलाधिकारियों के साथ की बैठक

मुख्य सचिव ने फार्मर रजिस्ट्री बनाने में हो रही सुस्ती पर कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि जिलों के लिए निर्धारित लक्ष्यों की तुलना में प्रगति कम है। कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के किसानों को फार्मर रजिस्ट्री कराना अनिवार्य किया गया है। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि एक सप्ताह के अंदर लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करें। इस कार्य में दिलचस्पी न लेने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

मुख्य सचिव ने पराली जलाने की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के भी कड़े निर्देश दिए।

अनुमति प्रमुख सचिव के समकक्ष अधिकारी को भी मिल सकेगी शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष की कमान

नियमावली में संशोधन के बाद शीघ्र मिलेगा नया अध्यक्ष

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग (संशोधन) अध्यादेश, 2025 को अनुमति दे दी है। इस संशोधन के तहत अब आयोग के अध्यक्ष पद पर केवल भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी ही नहीं, बल्कि राज्य सरकार में प्रमुख सचिव या उनके समकक्ष पद पर कार्य कर चुके अधिकारी भी नियुक्त हो सकेंगे।

इसकी स्वीकृति कैबिनेट बाई सर्कुलेशन मिल गई है। सेवा नियमावली में संशोधन होने के बाद शीघ्र ही आयोग को नया अध्यक्ष मिल सकता है। नियमावली में विस्तार से आयोग में आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल बढ़ाना, परीक्षाओं को समयबद्ध तरीके से कराना और चयन प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाना है। इससे पहले अधिनियम में यह व्यवस्था थी कि आयोग का अध्यक्ष वही व्यक्ति बन सकता है, जो भारतीय प्रशासनिक सेवा का सदस्य रहा हो और राज्य सरकार में प्रमुख सचिव या उसके समकक्ष पद पर कार्य कर चुका हो। लेकिन अब संशोधन के बाद यह दायरा बढ़ा दिया गया है। इसमें संशोधन करते हुए भारतीय प्रशासनिक सेवा का सदस्य हो के स्थान पर राज्य सरकार में प्रमुख सचिव का पद या उसके समकक्ष पद पर हो या हो रहा हो प्रतिस्थापित किया गया है।

- उप्र. शिक्षा सेवा चयन आयोग (संशोधन) अध्यादेश, 2025 को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन से स्वीकृति, अध्यक्ष पद की पात्रता में किया गया विस्तार

उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग (संशोधन) अध्यादेश, 2025 का प्रख्यापन कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के माध्यम से स्वीकृत कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा उच्च, माध्यमिक और बेसिक शिक्षा विभागों में सहायक आचार्य, टीईटी, टीजीटी, पीजीटी जैसी परीक्षाओं को पारदर्शी एवं शुचितापूर्ण ढंग से संचालित करने के लिए उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग अधिनियम, 2023 के तहत आयोग का गठन किया गया था। यह आयोग सभी स्तरों पर शिक्षा सेवा से जुड़ी भर्ती परीक्षाओं को एकीकृत, निष्पक्ष और तकनीकी रूप से सुदृढ़ प्रक्रिया के माध्यम से संपन्न कराने के लिए जिम्मेदार है।

उच्च शिक्षा मंत्री ने बताया कि आयोग की कार्य-संरचना और इसके बढ़ते दायरे को देखते हुए, अध्यक्ष पद पर नियुक्ति के लिए पात्रता का दायरा विस्तारित किया गया है। अधिनियम की धारा 4(2)(क) में संशोधन करते हुए पूर्व प्रावधान भारतीय प्रशासनिक सेवा का सदस्य हो या रहा हो और राज्य सरकार में प्रमुख सचिव का पद या उसके समकक्ष पद धारण किया हो, के स्थान पर अब 'राज्य सरकार में प्रमुख सचिव का पद या उसके समकक्ष पद पर हो या रहा हो' प्रतिस्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार का उद्देश्य है कि आयोग का नेतृत्व ऐसे अनुभवी, सक्षम और प्रशासनिक दृष्टि से दक्ष व्यक्तित्व को मिले, जो आधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी आधारित परीक्षा प्रणाली को अपनाकर पारदर्शी और समयबद्ध भर्ती सुनिश्चित कर सके।

निजी अस्पतालों में भी आयुष्मान कार्डधारकों को ओपीडी की सुविधा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान योजना) अंतर्गत कार्डधारक लाभार्थियों को निजी अस्पतालों में रियायती दरों पर ओपीडी परामर्श मिल रहा है। बीते एक माह में ही 600 से अधिक लाभार्थियों ने ऑनलाइन अप्वॉइंटमेंट लेकर डॉक्टरों से परामर्श प्राप्त किया है। इस प्रकार यूपी निजी अस्पतालों में रियायत दरों में ओपीडी परामर्श दिलाने वाला देश में पहला राज्य बन गया है।

स्टेट एजेंसी फॉर कॉम्प्रिहेन्सिव हेल्थ एंड इंटीग्रेटेड सर्विसेज (साचीज) की मुख्य कार्य पालक अर्चना वर्मा ने बताया कि मौजूदा समय में प्रदेश में कुल 6,147 अस्पताल आयुष्मान योजना से अनुबंधित हैं, जिनमें 3,198 निजी और 2,949 सरकारी अस्पताल शामिल हैं। हेल्पलाइन 1800-1800-4444 पर कॉल कर कोई भी कार्ड धारक ओपीडी अपॉइंटमेंट बुक कर सकते हैं।

मिलेगा ऑनलाइन अप्वॉइंटमेंट

अर्चना वर्मा ने बताया कि प्रयागराज का कैंटोनमेंट अस्पताल अब आयुष्मान भारत योजना में अनुबंधित किया गया है। अब यह अस्पताल न केवल रक्षा कर्मियों बल्कि पीएम-योजना के लाभार्थियों को भी चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेगा। इस प्रकार कैंटोनमेंट अस्पताल पहला सरकारी संस्थान बन गया है, जो आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों के लिए ओपीडी अप्वॉइंटमेंट सुविधा उपलब्ध कराएगा। उन्होंने बताया कि जल्द ही प्रयागराज एवं आसपास के जिलों में चित्रकूट, मिर्जापुर, भदोही और जौनपुर में लाभार्थियों को कार्डियोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, ऑन्कोलॉजी, न्यूरोलॉजी सहित टर्शियरी स्तर की सेवाएं, नि:शुल्क डायग्नोस्टिक जांचें, नि:शुल्क परिवहन व ओपीडी अपॉइंटमेंट की सुविधा मिलेगी।

न्यूज ब्रीफ

फंदे से लटकता मिला युवती का शव

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : हैरिंग्टनगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के बसवार कला गांव निवासी रामकुमार पटवा की बेटी खुशबू (24) का शव बुधवार को घर के टीन शेड से लटका हुआ पाया गया। घटना के समय युवती के पिता अपनी दुकान पर गए थे, जबकि मां खेत की ओर किसी काम से गई थीं। हैरिंग्टनगंज पुलिस चौकी प्रभारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना के संबंध में कुछ स्पष्ट कहा जा सकेगा।

ग्राम प्रधान पर जमीन हड़पने का आरोप

हैदरगंज, अयोध्या। अमृत विचार : पुलिस प्रशासन की मिली भगत से ग्राम प्रधान पर जमीन हड़पने का आरोप लगा है। थाना क्षेत्र हैदरगंज की गीता देवी पत्नी अमर प्रकाश ने राजस्व कर्मियों द्वारा गलत पैमाइश करके प्रधान को कब्जा दिलाने के विरुद्ध मुख्यमंत्री पोर्टल सहित मंडलायुक्त, जिला अधिकारी सहित आला अधिकारियों को लिखित शिकायती पत्र भेज कर कार्रवाई की मांग की है। नायब तहसीलदार राम खेलावन ने बताया कि पैमाइश सही ढंग से की गई है, पीड़िता का आरोप गलत है।

हिंदू इंटर कॉलेज से 17 को निकलेगी एकता यात्रा

रुदौली, अयोध्या, अमृत विचार। सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर 17 नवंबर को हिंदू इंटर कॉलेज से आजाद नगर तक भाजपा की एकता पदयात्रा निकलेगी। इसको लेकर बुधवार को हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए विधायक रामचंद्र यादव ने बूथ स्तर से लेकर पदयात्रा मार्ग तक की व्यवस्थाओं पर चर्चा की। कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी तथा सभी से अपने दायित्व पूर्ण निष्ठा से निभाने की अपील की। इस मौके पर भाजपा नेता तेज तिवारी, कुलदीप सोनकर, धर्मेंद्र सिंह, निर्मल शर्मा, राकेश तिवारी समेत अन्य मौजूद रहे।

अभाव में पलने वाले बच्चे होते सद्गुणी

सोहावल, अमृत विचार : सोहावल तहसील क्षेत्र के गोड़वा गांव में पूर्व प्रधान ओम प्रकाश मिश्र के यहां आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में कथा व्यास आचार्य रंगनाथ शांडिल्य रंगम ने कथा के पांचवें दिन कहा कि बच्चों का दो स्थितियों पालन होता है। प्रभाव के साथ स्वभाव से किया गया पालन विलासिता की ओर ले जाता है। अभाव के साथ स्वभाव में पलने वाले बालक सदगुणी के साथ होनहार होते है। कहा कि पद प्रतिष्ठा धन का प्रभाव छोड स्वभाव से पालन पोषण करें, जिससे आने वाली पीढियां देश और समाज में नाम रोशन करें।

शहीदी शौर्य दिवस 16 को, हुई बैठक

अयोध्या, अमृत विचार : सहादतगंज स्थित एक लॉन में सपा द्वारा वीरांगना ऊदा देवी पासी व झलकारीबाई कोरी का शहीदी शौर्य दिवस 16 नवंबर को मनाया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सपा के राष्ट्रीय महासचिव व सांसद अवधेश प्रसाद शिरकत करेंगे। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव की अध्यक्षता में बुधवार को सहादतगंज सांसद आवास पर कार्यक्रम की तैयारी बैठक आयोजित की गई। सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि यह कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। तैयारी बैठक को पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव, पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे, पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी उर्फ रुश्दी मियां, राघवेंद्र प्रताप सिंह अनूप आदि नेताओं ने संबोधित किया।

ग्राम पंचायतों में मिले 37 हजार डुप्लीकेट मतदाता

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या।

चिह्नित संभावित 2.62 लाख मतदाताओं का कराया गया सत्यापन, सूची से हटाए जाएंगे

अमृत विचार: जिले की ग्राम पंचायतों की मतदाता सूची में 36,844 डुप्लीकेट मतदाता पाए गए। सूची में चिह्नित संभावित कुल 2,61,898 मतदाताओं के नामों का सत्यापन कराया गया। जांच में मिले डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जाएंगे।

बिहार चुनाव के दौरान एसआईआर पर सियासी हलचल के बाद राज्य निर्वाचन आयोग ने भी डुप्लीकेट मतदाताओं की तलाश शुरू कराई थी। आर्टिफिशियल इंटलीजेंस के जरिए जिलेवार संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं को चिंहित किया गया था।अयोध्या में जिले में ऐसे संभावित मतदाताओं की संख्या 2,61,898 बताई गई थी। राज्य निर्वाचन आयोग ने 19 अगस्त से मतदाता सूची का प्रगाढ़ पुनरीक्षण शुरू कराया। बीएलओ घर-घर जाकर गणना पत्रक के जरिए जांच में लगाए गए। इसी के साथ चिंहित डुप्लीकेट मतदाताओं के सत्यापन के निर्देश दिए गए। सभी बीएलओ को संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची दी गई थी।

जिला निर्वाचन अधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने सभी खंड विकास अधिकारियों को डुप्लीकेट मतदाताओं की निगरानी और रिपोर्टिंग की जिम्मेदारी दी थी। बीएलओ ने घर जाकर उनका सत्यापन किया। शर्त यह थी कि संभावित डुप्लीकेट मतदाता यदि अब भी उस परिवार में निवास करते हैं तो उनका नाम सूची में शामिल रहेगा, लेकिन यदि उस नाम का कोई मतदाता संबंधित परिवार में नहीं है तो उसे डुप्लीकेट मतदाता मानते हुए बीएलओ उसका विलोपन कर देंगे। जांच और सत्यापन का यह काम 29 सितंबर तक चला। इसके बाद ग्राम पंचायत से ब्वालॉवार एकत्र किया गया। इसकी रिपोर्ट जिले से राज्य निर्वाचन आयोग को भेज दी गई। जिले में सभी 722 ग्राम पंचायतों की जांच में 36,844 नाम डुप्लीकेट पाए गए। इनमें सबसे ज्यादा डुप्लीकेट नाम मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र में पाए गए तो सबसे कम नाम रुदौली तहसील क्षेत्र में पाए गए।

सत्यापन में मिले डुप्लीकेट मतदाताओं की संख्या

तहसील	ग्राम पंचायत	संभावित मतदाता	डुप्लीकेट	सही
सदर	142	45640	8370	39269
सोहावल	108	33777	7053	28212
रुदौली	140	39215	2921	24392
मिल्कीपुर	191	67130	12740	54385
बीकापुर	191	76136	5760	70376
कुल योग	722	261898	36844	214634

"राज्य निर्वाचन आयोग से भेजी गई सूची में शामिल संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं का सत्यापन कराया गया। बीएलओ के सत्यापन के आधार पर कुल 36,844 नाम संबंधित परिवार में नहीं मिले। ऐसे नामों को बीएलओ के स्तर से मतदाता सूची से विलोपित किया जा रहा है।"
-सूर्यभान, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत), अयोध्या।

गणना पत्रकों के वितरण में दो दिन शेष

अयोध्या, अमृत विचार : विधानसभा मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर आयोग सख्त है। मतदाता सूची के प्रगाढ़ पुनरीक्षण में गणना पत्रकों को घर-घर पहुंचाने के लिए बीएलओ को डीएम निखिल टीकाराम फुंडे ने 15 नवंबर तक का समय दिया है। अब इसमें केवल दो दिन शेष रह गए हैं। घर-घर जाने को लेकर बीएलओ की निगरानी है। गणना पत्रकों की इंट्री में गड़बड़ी मिलने पर कार्रवाई हो सकती है।

डाटा आयोग की साइट पर फीड करने के निर्देश

अयोध्या, अमृत विचार : जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे पंचायत निर्वाचक नामावली वृहद पुनरीक्षण 2025 को लेकर कई निर्देश दिया है। उन्होंने ग्राम पंचायतवार बीएलओ से प्राप्त परिवर्धन, संशोधन, अपमार्जन की सूचना आयोग के पोर्टल पर फीड किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि वेन्डर से पांडुलिपियों के डाटा इंट्री के बाद एसडीएम की लॉगिन से अनुमोदन किया जाए। साथ बीएलओ से की गयी डाटा फीडिंग के अनुमोदन की प्रगति जानी। निर्देश दिया ग्राम पंचायत मतदाता सूची के कार्य तय समय में किए जाएं।

निष्क्रिय घोषित राइफल व डंडों के सहारे सुरक्षा गार्ड

सोहावल, अमृत विचार: जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने एसडीएम और तहसीलदारों की सुरक्षा में सुरक्षा गार्डों को तैनात किया है। अधिकारियों की सुरक्षा का दायित्व संभालने वाले पीआरडी होमगार्ड के जवानों को जिम्मेदारी तो सुरक्षा की मिली है, लेकिन कई बार तो पॉवर कॉर्पोरेशन से लेकर बैंक आदि की सुरक्षा व्यवस्था केवल डंडों के सहारे करनी पड़ती है। इन गार्डों को सुरक्षा के लिए जो राइफल दी जाती है। प्रशासन से उसे पहले ही निष्क्रिय घोषित कर दिया गया है। भीड़ अथवा अन्य आपत्तिकाल में इससे कितनी सुरक्षा हो सकेगी इसका जवाब किसी अधिकारी के पास नहीं है। बीओ होमगार्ड अरविंद उपाध्याय स्वयं इस निष्क्रिय राइफल की बात को स्वीकार करते है। बताते हैं कि हमारे जवान साथी बखूबी ड्यूटी कर दायित्व का निर्वहन केवल डंडे के सहारे कर रहे हैं।

अयोध्या प्रीमियर लीग के आयोजन पर ग्रहण

अयोध्या कार्यालय

- जांच समिति शासन को भेजेगी रिपोर्ट

अमृत विचार: उप्र क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित होने वाले बहुचर्चित अयोध्या प्रीमियर लीग (एपीएल) के आयोजन पर ग्रहण लग गया है। प्रतियोगिता उद्घाटन के ठीक एक दिन पूर्व जिला प्रशासन की आपत्ति के बाद एपीएल का आयोजन किसी न किसी वजह से टलता नजर आ रहा है।

क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अनिमेष सक्सेना ने बताया कि क्रीड़ा संकुल के नवनिर्मित क्रिकेट स्टेडियम के हस्तान्तरण के लिए जिलाधिकारी के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय टीम गठित की गई है। जिसमें सीडीओ केके सिंह अध्यक्ष, सहित पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन, सिंचाई विभाग के एक्सईएन, यूपी पॉवर कॉर्पोरेशन के एक्सईएन व आरएसओ सदस्य नामित किए गए हैं। गठित कमेटी जांच के बाद शासन को रिपोर्ट भेजेगी। शासन से हरी झंडी मिलने के बाद ही क्रिकेट स्टेडियम निर्माण एजेंसी द्वारा खेल विभाग को हस्तान्तरित किया जाएगा। आरएसओ ने बताया कि स्टेडियम के हस्तान्तरण के बाद ही आयोजन की संभावना है।

बताते चलें कि लगभग दो माह की तैयारियों व स्क्रीनिंग के बाद विभिन्न मंडलों व प्रदेशों के खिलाड़ियों से टीमों का चयन कर यूपीसीए ने डाभासेमर के अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल स्थित नवनिर्मित क्रिकेट मैदान में गत 9 नवम्बर को अयोध्या प्रीमियर लीग के भव्य आयोजन की पूरी तैयारी कर ली थी। उद्घाटन के एक दिन पूर्व ही जिलाधिकारी के आदेश पर निर्माण एजेन्सी द्वारा क्रीड़ा विभाग को क्रिकेट स्टेडियम हैण्डओवर किए बिना वहां प्रतियोगिता आयोजन पर रोक लग गई थी।

युवक के हत्यारे को आजीवन कारावास

अयोध्या कार्यालय

- एक लाख जुर्माना, जिसमें में से 50 हजार मृतक के पिता को देने का हुआ आदेश

अमृत विचार : मोबाइल का बकाया रुपया देने के बहाने बुलाकर युवक की धारदार हथियार से हत्या कर देने के मामले में हत्यारे को आजीवन कठोर कारावास की सजा से दंडित किया गया है। दोषी पर एक लाख रुपये जुर्माना भी हुआ है। जुर्माने की संपूर्ण धनराशि में से 50 हजार मृतक के पिता अस्मत अली को देने का आदेश भी हुआ है। यह फैसला अपर जिला जज सुरेंद्र मोहन सहाय की अदालत से बुधवार को हुआ।

फौजदारी के वरिष्ठ अधिवक्ता सईद खान व एडीजीसी ज्ञानेश चंद्र पांडेय रोहित पांडेय ने बताया कि घटना 27 नवंबर 2021 की है। कैंट थाना क्षेत्र के अब्बू सराय के रहने वाले रातिल इशरत को उनके गांव के ही शहनाज खान ने मोबाइल का बकाया रुपया देने के लिए बुलाया और रेलवे लाइन के पास ले जाकर धारदार हथियार से मार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसकी जानकारी होने पर रातिल के पिता अस्मत अली अन्य लोगों के साथ मौके पर पहुंचे और घायल को अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी रिपोर्ट अस्मत ने शहनाज खान और उसके भाई शादाब खान के खिलाफ लिखाई थी। शादाब खान को पुलिस ने विवेचना में क्लीन चिट दे दी। इस पर अभियोजन पक्ष से उसे विचारण के लिए तलब करने की अर्जी दी गई। कोर्ट ने उसे विचारण के लिए तलब किया। इस आदेश को शादाब ने उच्च न्यायालय में चुनौती दी। उच्च न्यायालय ने उसके प्रकरण पर सुनवाई पर रोक लगा दी है। इसलिए केवल शहनाज खान का विचारण हुआ और सुनवाई के बाद दोषी पाते हुए कोर्ट ने उसे सजा सुनाई।

डीएम-एसएसपी ने साकेत महाविद्यालय का किया निरीक्षण

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : राम मंदिर में 25 नवंबर को ध्वजारोहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर बुधवार को जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे व एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने साकेत महाविद्यालय के मैदान का निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

संभावना जताई जा रही है कि प्रधानमंत्री विशेष विमान से एयरपोर्ट पहुंचेंगे, वहां से सेना के हेलीकॉप्टर से साकेत महाविद्यालय उतरेंगे। यहां से सड़क मार्ग से श्रीराम जन्मभूमि मंदिर जाएंगे। इसको लेकर

साकेत महाविद्यालय के मैदान का निरीक्षण करते जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे व एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर।

मंगलवार रात एसएसपी ने पुलिस लाइंस सभागार में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर वीवीआईपी सुरक्षा को लेकर मंथन किया। उन्होंने कहा कि जिले में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाया जाए तथा अपराध नियंत्रण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों पर कड़ी निगरानी रखने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

निर्माण में तेजी और भूमि का प्रतिकर जल्द देने के दिये निर्देश

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार: जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे ने 84 कोसी परिक्रमा पथ सहित निर्माणाधीन परियोजनाओं में तेजी लाने का निर्देश दिये हैं। साथ ही कहा गया है कि परियोजनाओं के लिए किसानों से ली जा रही जमीन का प्रतिकर जल्द भुगतान किया जाए। जिले में कई बड़ी परियोजनाएं निर्माणाधीन है। इनमें 84 कोसी परिक्रमा पथ, आवास विकास, रिंग रोड, 14 कोसी व पंच कोसी परिक्रमा पथ के साथ अन्य कई अन्य परियोजनाएं हैं। फोरलेन 84 कोसी परिक्रमा पथ पांच जिलों अयोध्या, बाराबंकी, गोंडा, बस्ती और अंबेडकरनगर से सीमा क्षेत्र से होकर जा रहा है। किसानों से जमीनों की खरीद की जा रही है। अयोध्या-रायबरेली, अयोध्या- लखनऊ हाईवे सहित अन्य सड़कों पर ओवरब्रिज का निर्माण चल रहा है। साथ ही परिक्रमा पथ पर मिट्टी पटाई के साथ दूसरे काम और आगे की जमीन ली जा रही है। इसी तरह आवास विकास परिषद नव्य अयोध्या के लिए किसानों से जमीन लेने के प्रयास में है। पंचकोसी और 14 कोसी परिक्रमा का निर्माण अंतिम दौर में है। जिससे परियोजनाएं समय से पूरी की जा सकें।

मेडिकल पर पूर्व ब्लड बैंक प्रभारी जवाब-तलबी को भेजा स्पष्टीकरण

अयोध्या कार्यालय

- जिला अस्पताल में चिकित्सा अधीक्षक व तत्कालीन ब्लड बैंक प्रभारी के बीच विवाद का मामला

अमृत विचार : जिला अस्पताल में चिकित्सा अधीक्षक व तत्कालीन ब्लड बैंक प्रभारी के बीच हुए विवाद के बाद बैठी जांच समय बीतने के बाद भी अभी तक किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकी है। जांच टीम के अध्यक्ष एसीएमओ डॉ. आशुतोष की मानें तो विवाद के दौरान मौके पर मौजूद सभी ने अपना स्पष्टीकरण दे दिया है। अभी पूर्व ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. फुजैल की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। डॉ. फुजैल अभी जिला अस्पताल नहीं आ रहे हैं। न ही उन्होंने देवगांव 50 शैय्या में ज्वाइन किया है। सूचना मिली है कि वह मेडिकल पर चल रहे हैं।

दिवाली के पहले चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय चौधरी व तत्कालीन ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. फुजैल के बीच एचआईवी किट को लेकर विवाद हुआ था। आरोपों के मुताबिक डॉ. फुजैल ने जूता तान दिया था। वायरल सीसीटीवी फुटेज की खबर का संज्ञान लेते हुए सीएमओ डॉ. सुशील कुमार बानियान ने जांच बैठा डॉ. फुजैल का स्थानांतरण कर दिया था। एसीएमओ डॉ.आशुतोष ने बताया कि बुधवार को मेरे पास जिला चिकित्सालय से फोन आया था। पांच लोगों ने अपना स्पष्टीकरण तैयार कर लिया है। डॉ. फुजैल का स्पष्टीकरण नहीं आया है। हम नियमानुसार कार्य कर रहे हैं। स्पष्टीकरण की सूचना तीन बार भेजी जाएगी। अगर जवाब नहीं आता है तो सीएमओ की ओर से कार्रवाई की जाएगी।

विधायक ने लिया जयंती पर एकता यात्रा और जनसभा की तैयारी का जायजा

पूराबाजार, अयोध्या

अमृत विचार: भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर पूरा ब्लॉक में एकता और अखंडता का संदेश देने हेतु एकता यात्रा और जनसभा का आयोजन होगा। आयोजन की कमान ब्लॉक प्रमुख संघ जिलाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने संभाली है। तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने बताया कि यह एकता यात्रा 15 नवंबर को बिल्वहरि घाट हनुमान मंदिर चौराहा पूरा बाजार से शुरू होकरा 10 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए श्री निर्भय सिंह औद्योगिक इंटर

कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता साथ में महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव व ब्लॉक प्रमुख संघ के शिवेंद्र सिंह।

कॉलेज कर्मा चौराहा पर पहुंचकर भव्य जनसभा में परिवर्तित होगी।

यात्रा में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा और बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल होंगे। आयोजन का उद्देश्य सरदार पटेल के देश की एकता, अखंडता और राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को जन-जन तक पहुंचाना है। जिलाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने लोगों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होने के लिए कहा है। इस अवसर पर प्रधान संघ पूराबाजार अभिषेक सूर्यवंशी अंकुर, ओम प्रकाश, रमेश सिंह प्रधान नारा, अनूप वर्मा प्रधान, राकेश सिंह प्रधान, राणा सिंह, विजय आदि मौजूद रहे।

रोडवेज पर मिला लावारिस बैग, हड़कंप

अयोध्या कार्यालय।

अमृत विचार : कोतवाली नगर क्षेत्र अंतर्गत सिविल लाइंस स्थित अयोध्या बस स्टेशन के सामने बुधवार दोपहर करीब 12 बजे सड़क पर एक लावारिस बैग मिलने से हड़कंप मच गया। दलबल के साथ पहुंचे चौकी प्रभारी सिविल लाइन अमित कुमार ने तत्काल दोनों तरफ यातायात रोककर वहां से यात्रियों व वाहनों को दूर कराया। बम व डॉग स्क्वॉयड की टीम ने जांच के बाद बैग को खोला तो उसमें कपड़े, दो जोड़ी जूते, 6053 रुपये नकद व कुछ जेवरात मिले, तब पुलिस ने राहत की सांस ली। इसके चलते करीब 45 मिनट तक वहां अफरा तफरी का माहौल रहा।

लावारिस बैग को चेक करती डॉग स्क्वायड की टीम।

बम व डॉग स्क्वॉयड ने की जांच, बैग में मिले कपड़े, जूते व नकदी

अयोध्या के जनौरा निवासी का था बैग, लखनऊ की बस में चढ़ते समय छूट गया था

पुलिस ने बैग के संबंध में आसपास पूछताछ की तो कुछ पता नहीं चला। चौकी प्रभारी ने बस स्टेशन के अधिकारियों से संपर्क किया व उनसे अनुरोध किया कि बैग मिलने से करीब एक घंटे पूर्व जो भी बस यहां से गुजरी हो, उसके परिचालकों से संपर्क कर यह पता किया जाए कि किसी यात्री का बैग तो नहीं छूटा है। उनकी यह कोशिश रंग लाई, कुछ ही देर में एक बस के परिचालक ने फोन कर बताया कि उनकी बस में बैठे एक यात्री का एक नया बैग छूट गया है। यात्री की पहचान सिद्धांत सिंह निवासी जनौरा कोतवाली नगर के रूप में हुई। चौकी प्रभारी के अनुसार सिद्धांत ने बताया कि वह अपने परिवार व मित्रों के साथ मां वैष्णो देवी का दर्शन करने जम्मू जा रहे हैं, उनके साथ कुल 10 लोग हैं। उनकी ट्रेन लखनऊ से है, वहां पहुंचने के लिए उन्होंने अयोध्या बस स्टेशन से बस पकड़ी थी। इस दौरान उनका बैग वहीं छूट गया। इसकी सूचना उन्होंने अपने घर पर दी थी। चौकी प्रभारी ने बताया कि सिद्धांत के चाचा आए व बैग लेकर चले गए।

ग्राम पंचायत बीबीपुर में फर्जीवाड़ा केस दर्ज करने का आदेश

मवई, अयोध्या। अमृत विचार : ग्राम पंचायत बीबीपुर में शासन द्वारा जारी धनराशि के गबन और फर्जी बिल-वाउचर के माध्यम से भुगतान किए जाने के गंभीर आरोपों के मामले में अदालत ने मवई थाना पुलिस को केस दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। शिकायतकर्ता पूर्व प्रधान खुशनुमा द्वारा दायर प्रार्थना-पत्र में आरोप लगाया गया था कि वर्ष 2015 से 2020 के बीच पंचायत भवन निर्माण कार्यों के नाम पर एक लाख 65 हजार 576 रुपये की सरकारी धनराशि का भुगतान गलत और फर्जी बिल-वाउचर लगाकर कर दिया गया, जबकि मौके पर कार्य पूरा नहीं किया गया था। शिकायत पर जांच में पाया गया कि दिए गए बिल और भुगतान कागज़ी रूप में किए गए, परंतु कार्य वास्तविक रूप से पूरा नहीं हुआ। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अयोध्या की अदालत ने प्रार्थना-पत्र को स्वीकार करते हुए वर्तमान ग्राम प्रधान व तत्कालीन सचिव के खिलाफ केस दर्ज कर विवेचना करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने तीन दिन के भीतर न्यायालय को सूचित करने के भी निर्देश दिए। थाना मवई प्रभारी सुरेश कुमार पटेल ने बताया कि कोर्ट द्वारा मुकदमा दर्ज करने का आदेश प्राप्त हुआ है। बहुत जल्द मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

20 को राष्ट्रीय एकता यात्रा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष होंगे शामिल

अयोध्या, अमृत विचार: गोसाईंगंज विधानसभा क्षेत्र में 20 नवंबर को राष्ट्रीय एकता यात्रा का आयोजन होगा। यात्रा जाना बाजार से शुरू होकर परशुराम महाविद्यालय तारून में संपन्न होगी। यात्रा के समापन पर आयोजित जनसभा मंन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। यात्रा की तैयारियों को लेकर तारून ब्लॉक सभागार में जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू, व जिला महामंत्री राघवेंद्र पांडेय ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की।पूर्व विधायक ने ने कहा कि गोसाईंगंज विधानसभा की जनता हमेशा राष्ट्रवादी विचारधारा के साथ खड़ी रही है। यह यात्रा हमारे कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और जोश का संचार करेगी। बैठक में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

व्यवस्था

मरीजों को बरगलाने वालों पर सादी वर्दी में तैनात रहेगी पुलिस

मेडिकल कॉलेज में अब अनाधिकृतों की खैर नहीं

- दलाली करने वालों की घुसपैठ पर पूरी तरह से लगाया जाएगा अंकुश

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : दर्शननगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में मरीजों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्राचार्य ने जनहित में एक और सख्त फैसला लिया है। अब अस्पताल परिसर में अनाधिकृत/दलाली करने वालों की घुसपैठ पर पूरी तरह से अंकुश लगाया जाएगा। इसके लिए न केवल पहले से गठित एंटी स्क्वायड टीम सक्रिय रहेगी, बल्कि पुलिस विभाग की मदद भी ली जाएगी। सादी वर्दी में पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे, जो संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखेंगे। साथ ही वार्ड बॉय में से चयनित कर्मचारियों को विशेष अटेंडेंट बनाया जाएगा, जो बेवजह घूमते या बैठे लोगों पर पैनी निगाह रखेंगे।

राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज

मेडिकल कॉलेज में रोज बड़ी संख्या में मरीज पहुंचते हैं। ओपीडी में ही करीब दो हजार मरीजों का इलाज होता है। ऐसे में दलालों और अनाधिकृत तत्वों की वजह से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। पर्चा काउंटर, गेट नंबर एक-दो के निकट, मर्चरी के पास अक्सर कुछ अनाधिकृत लोग दिखाई देते हैं। ये लोग न तो अस्पताल स्टाफ हैं और न ही मरीजों के परिजन। कई बार इन पर मरीजों को बरगला कर बाहरी जांच व दवा की खरीदारी कराने के भी आरोप लगते हैं। ये अनाधिकृत मेडिकल कॉलेज की छवि धूमिल करने का कार्य करते हैं।

प्राचार्य डॉ. सत्यजीत वर्मा ने बुधवार को बताया कि दो दिन पहले ही देखा गया कि कुछ लोग एप्रन डालकर मेडिकल कॉलेज में प्रवेश कर गए थे। जब उनसे पूछताछ की तो भागने लगे। इसे देखते हुए कॉलेज प्रशासन अब इनसे सख्ती से निपटने के लिए तैयार हो गया है। पुलिस प्रशासन से पत्राचार किया जा रहा है। पुलिसकर्मी बेवजह घूमने व अनाधिकृत लोगों पर नजर रखेंगे। सादी वर्दी में भी पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी। आसानी से ऐसे व्यक्तियों की पहचान की जा सकेगी।

ड्रेस कोड में दिखेंगे कर्मचारी, पहचान पत्र रखना जरूरी

मेडिकल कॉलेज में बाहरी व दलालों पर कार्रवाई करने के लिए सभी कर्मचारियों को ड्रेस कोड जारी किया जा रहा है। इसके साथ ही उन्हें कॉलेज से जारी पहचानपत्र भी रखना जरूरी होगा। प्राचार्य डॉ. सत्यजीत ने बताया कि कई बार एंटी स्क्वायड की टीम वार्डों में भी निरीक्षण के लिए जाती है। देखा जाता है कि हमारे कर्मचारियों के पास ही पहचानपत्र नहीं मिलता। इस सूरत में अब पहचापपत्र न रखने वाले कर्मचारियों पर फाइन लगाया जाएगा।

सत्यापित दुकानदार ही रामनगरी में बेच सकेंगे सामान

एसएसपी ने बनाई पांच टीमें, अब तक 425 फेरी वालों का हुआ सत्यापन ▪ अनाधिकृत दुकानदारों के खिलाफ होगी कार्रवाई

अयोध्या कार्यालय।

अमृत विचार : प्रधानमंत्री के 25 नवंबर को प्रस्तावित दौरे को लेकर पुलिस ने अयोध्या धाम में फेरी लगाकर सामान बेचने वालों को सत्यापन करना शुरू कर दिया है, अब तक 425 दुकानदारों का सत्यापन हो चुका है। सत्यापित दुकानदार ही दुकान लगा सकेंगे। बिना सत्यापित लोगों द्वारा दुकान लगाने पर उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई भी की जाएगी।

ठेले-खोमचे के साथ पटरी दुकानदारों के चलते रामपथ पर जगह अतिक्रमण भी दिखता है।

विशेष सचिव द्वारा जारी किया गया पत्र एवं रामपथ पर दुकान लगाए महिला।

एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर के निर्देश पर ऐसे दुकानदारों को सत्यापन शुरू कर दिया गया है। इसके लिए पुलिस की पांच टीमें लगी हुई है, जो ऐसे दुकानदारों का आधार कार्ड का सत्यापन करा रही हैं। इसमें ठेले पर चाट-समोसा, पूरी-सब्जी, फास्ट फूड, कपड़े, मजीरा, फोटो समेत अन्य सामान बेचने वालों के साथ चंदन टीका लगाने वाले व व्हील चेयर चलाने वाले भी शामिल हैं। इन सभी का सत्यापन कराकर उसे कोतवाली अयोध्या के रजिस्टर में दर्ज किया जा रहा है। साथ ही दुकानदारों को रजिस्टर पर दर्ज नंबर दिया जा रहा है। चेकिंग के दौरान उन्हें अपना नंबर बताना होगा। एसएसपी के स्पष्ट है कि बिना सत्यापित दुकानदारों को किसी भी कीमत पर दुकान लगाने नहीं दिया जाएगा। ऐसे लोगों के खिलाफ विधिक कार्रवाई भी की जाएगी। साथ ही इन्हें यह भी निर्देश दिया जा रहा है कि यह कहीं एक जगह स्थाई रूप से दुकान नहीं लगा सकेंगे। ध्यान रहे कि अयोध्या धाम में तीन हजार से ज्यादा दुकानदार फेरी लगाकर सामान बेचते हैं, इनमें अधिकतर गैर जनपद के हैं।

किराएदारों को सत्यापन जरूरी, होटल आदि में ठहरे बाहरी लोगों पर भी रहेगी निगाह

अयोध्या धाम में किरायदारों का भी सत्यापन अनिवार्य कर दिया गया है। पुलिस ने सख्त हिदायत दी है कि बिना पुलिस सत्यापन के कोई भी किसी को मासिक किराए के रूप में कमरा आदि नहीं दे सकता है। मकान मालिक किराए पर कमरा देने से पहले निकटतम पुलिस चौकी, कोतवाली या थाने में किराएदार के संबंध में सूचना दें व उसका पहचान पत्र की फोटो कॉपी जमा कराएं। पुलिस उनके आधार कार्ड का सत्यापन कराने के बाद ही कमरा देने की अनुमति देगी। वहीं, दूसरी ओर होटल, धर्मशाला, गेस्ट हाउस व होम स्टे आदि के प्रबंधकों को भी चेतावनी दी गई है कि बिना पहचान पत्र के किसी को भी अपनी यहां न ठहराए। इसकी रोजाना जांच की जाएगी।

> फेरी लगाकर सामान बेचने वालों के सत्यापन के लिए पांच टीमें लगाई गई है। बिना सत्यापित दुकानदारों को किसी भी कीमत पर दुकान लगाने नहीं दिया जाएगा। किराएदारों के सत्यापन के लिए चौकी पुलिस को जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह सब सुरक्षा कही दृष्टि से किया जा रहा है। **–मनोज कुमार शर्मा, कोतवाल अयोध्या।**

अरणि मंथन से हुआ अग्निदेव का प्राकट्य, पड़ेगीं 5 लाख आहुतियां

अयोध्या कार्यालय

● **लक्ष्मी नारायण कुंड के पास श्री महालक्ष्मी यज्ञ का अद्भुत संयोग**

अमृत विचार: क्षत्रिय बोर्डिंग परिसर फतेहगंज में चल रही श्री महालक्ष्मी महायज्ञ में बुधवार को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अरणि मंथन किया गया। अग्निदेव का प्राकट्य हुआ। हवनकुंड में आहुतियां डाली जाने लगी। पांच दिन में एक लाख आहुतियां डाले जाने का संकल्प है।

श्रीमद्भागवत कथा में कथा व्यास आचार्य शिवेंद्र जी महराज ने कहा कि यहां सन्निकट लक्ष्मी नारायण कुंड भी है। लक्ष्मी नारायण कुंड के पास श्री महालक्ष्मी महायज्ञ अद्भुत संयोग है।

शाम को श्रीमद्भागवत कथा में कथा व्यास आचार्य ने मैत्रेय विदुर जी का संवाद, कपिल भगवान और देवहूति मैया के संवाद की कथा का रसपान कराया। यज्ञ और कथा में यजमानों चंद्र शेखर सिंह, डॉ. हरीश सिंह, संतोष, उमेश. डॉ. चक्रवर्ती सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

होटल प्रणव इन में चल रहा था देह व्यापार, महिला हिरासत में, होटल सील

अयोध्या कार्यालय।

● **सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो के आधार पर पुलिस ने की कार्रवाई**

● **होटल के संचालक, मैनेजर समेत एक महिला पर केस दर्ज**

अमृत विचार : कोतवाली नगर की नवीन चौकी अंतर्गत स्थित एक होटल में देह व्यापार का अवैध कारोबार चलने की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक महिला को गिरफ्तार किया है। महिला समेत होटल के संचालक व मैनेजर पर केस दर्ज कर होटल को सील कर दिया है।

सोशल मीडिया पर सोमवार को एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें एक महिला जो बिहार की निवासी है, उसने इस धंधे में शामिल होने की बात कही। पुलिस ने जब उक्त महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ कि तो उसने बताया कि उसरू स्थित महाराजपुरम कॉलोनी में स्थित होटल प्रणव इन में उसे अकसर बुलाया जाता है, इसके लिए उसे प्रति व्यक्ति पांच सौ रुपये मिलते थे। होटल में देह व्यापार की पुष्टि होने पर जब चौकी प्रभारी नवीन मंडी जय किशोर अवस्थी व उनके टीम ने मंगलवार रात होटल पर कार्रवाई की तो पता चला कि इसका संचालन विजय सिंह निवासी सुरुआरा थाना इनायतनगर द्वारा किराये पर लेकर किया जा रहा है। देखरेख के लिए उसने राहुल गुप्ता को प्रबंधक के रूप में रखा है। दोनों ने देह व्यापार के लिए उक्त महिला को बिहार के जनपद जहानाबाद से बुलाया था। नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय ने बताया कि चौकी प्रभारी की तहरीर पर होटल संचालक, प्रबंधक व एक महिला के खिलाफ देह व्यापार अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है। महिला हिरासत में है, जबकि अन्य दो आरोपियों की तलाश की जा रही है। उक्त होटल को सील कर दिया गया है।

अधिवक्ताओं ने खोला तहसील प्रशासन के खिलाफ मोर्चा

सोहावल, अयोध्या।

● **भ्रष्टाचार और लापरवाही का लगाया आरोप**

अमृत विचार: मंगलवार को अधिवक्ताओं ने तहसील प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। तहसील परिसर में बुधवार को नारे लगाए, धरना-प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि तहसील प्रशासन भ्रष्टाचार में पूरी तरह लिप्त है। अधिवक्ताओं की समस्याओं को जानबूझकर अनदेखा किया जा रहा है।

मामला एक अधिवक्ता के घर के रास्ते में हुए अतिक्रमण से जुड़ा है।अधिवक्ताओं का कहना है कि इस संबंध में हाईकोर्ट ने अतिक्रमण हटाने का आदेश जारी किया है,लेकिन तहसील प्रशासन ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। तहसीलदार प्रदीप कुमार सिंह का कहना है कि मामला आबादी क्षेत्र के अंदर का है। अभी तक हाईकोर्ट का कोई आदेश हमारे कार्यालय को प्राप्त नहीं हुआ है। अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया विधिक रूप से ही संपन्न की जाएगी। यदि अदालत का आदेश हमें प्राप्त होगा तो उसका पालन अवश्य किया जाएगा।अधिवक्ताओं के इस विरोध प्रदर्शन से तहसील परिसर में पूरे दिन हलचल बनी रही।

खादी संस्था ग्राम स्वावलम्बी विद्यालय रनीवां के निर्वाचित पदाधिकारी। अमृत विचार

खादी संस्था ग्राम स्वावलंबी विद्यालय के मंत्री बने ओम प्रकाश

अयोध्या, अमृत विचार। खादी संस्था ग्राम स्वावलंबी विद्यालय रनीवां अचार्य नगर की संरक्षक मंडल की बैठक बुधवार को अध्यक्ष आशा सिंह की अध्यक्षता में हुई। इसमें संस्था के मंत्री ओम प्रकाश मिश्र का कार्यकाल पूर्ण होने पर शेष कार्यकाल के लिए सर्वजीत पांडेय को मंत्री व मुख्य प्रबंधक के रूप में धीसू प्रसाद वर्मा का चयन हुआ। संस्था अध्यक्ष राम सुंदर मिश्र ने संस्था के प्रति निष्ठा, समर्पण तथा सेवा भाव से कार्य करने तथा संस्था की प्रगति में अपना सहयोग प्रदान करने की कामना की। बैठक में अमिताभ मिश्र, राम नायक पाण्डेय, श्रीराम द्विवेदी, विश्वनाथ मिश्र, राघवराम पाण्डेय समेत अन्य मौजूद रहे।

पेपर लीक और युवाओं के शोषण का केंद्र बन गया उत्तर प्रदेश : संजय

पदयात्रा की अगुवाई करते आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह।

अयोध्या कार्यालय।

● **रोज़गार दो-सामाजिक न्याय दो, पदयात्रा शुरू, सरयू का आशीर्वाद लेकर निकले आप सांसद**

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश पेपर लीक और युवाओं के शोषण का केंद्र बन गया है। सरकार भर्तियां नहीं निकाल रही है, बेरोजगारी चरम पर है, नौजवान परेशान और हताश है। यह बातें आम आदमी पार्टी के नेता व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कही। उन्होंने बुधवार को रोज़गार दो-सामाजिक न्याय दो की मांग को लेकर सरयू से संगम तक पदयात्रा का शुभारंभ किया। पदयात्रा की शुरुआत नयाघाट स्थित सरयू तट पर माता सरयू की आरती से हुई। यहां पर उन्होंने अपने राजनीतिक गुरु रघु ठाकुर का आशीर्वाद लेते हुए प्रभु श्रीराम के आदर्शों से प्रेरणा लेकर रोजगार और सामाजिक न्याय की इस लड़ाई को लड़ने का संकल्प लिया।

इसके बाद देवकाली स्थित एक लॉन में जनसभा को संबोधित किया। आप के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने बताया कि 13 दिन तक चलने वाली और लगभग 200 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। जो अयोध्या, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, अमेठी होते हुए प्रयागराज को जाएगी। पदयात्रा में समाजवादी चिंतक रघु ठाकुर भी मौजूद रहे। पदयात्रा का नाका, ब्रह्म बाबा और नहरिया के पास स्वागत किया गया। पदयात्रा में अनिल झा, दिनेश पटेल, विनय पटेल, अनिल कुमार प्रजापति, इमरान लतीफ समेत भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

छात्र को थप्पड़ मारने के मामले में शिक्षिका ने माफी मांगी

लिटिल फ्लावर स्कूल में धर्मांतरण का मामला निकला बेबुनियाद

मसौधा, अयोध्या।

अमृत विचार : भरतकुंड के निकट लिटिल फ्लावर स्कूल में कपड़े की धुलाई को लेकर थप्पड़ मारने के मामले में शिक्षिका द्वारा माफी मांगे जाने पर मामला शांत हो गया। वहीं दूसरी तरफ सोशल मीडिया पर वायरल हुआ धर्मांतरण का मामला भी पुलिसिया जांच में बेबुनियाद पाया गया।

भरतकुंड स्थित लिटिल फ्लावर स्कूल में आठ नवंबर फादर के जन्मदिन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें विद्यालय के छात्रों ने नाटक मंचन कार्यक्रम भाग लिया था। विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा चार के छात्र अपूर्व तिवारी पुत्र आनंद तिवारी निवासी कस्बा भदरसा ने भी नाटक मंचन में अपनी भूमिका निभाई थी। जिसमें कपड़ा गंदा हो गया था। विद्यालय प्रबंधन का निर्देश था कि जिस छात्र ने जो ड्रेस पहन कर नाटक मंचन किया है। वह उसे अपने घर से धुलवा कर ले आएगा। सभी छात्र अपने पहने हुए ड्रेस को साफ करके लाए थे, लेकिन अपूर्व ड्रेस को धुलवा कर नहीं लाया। मामले में शिक्षिका सुहानी दुबे ने उसे डाटा फटकारा, विरोध करने पर उसे थप्पड़ भी जड़ा। इसकी शिकायत उसने अपने पिता से की। पिता आनंद बुधवार को एक रिश्तेदार कथा वाचक पवन कुमार तिवारी के साथ विद्यालय पहुंचे और गुस्से का इजहार किया। जिस पर शिक्षिका ने माफी मांगी। पिता का कहना है कि उन्होंने मामले में किसी तरह की कोई शिकायत विद्यालय प्रबंधन व पुलिस से नहीं की है। थाना प्रभारी पूरा कलंदर संजीव सिंह का कहना है कि सोशल मीडिया पर धर्मांतरण की खबर वायरल होते ही वह लिटिल फ्लावर स्कूल गए, जहां धर्मांतरण की बात बुनियाद निकली। अलबत्ता नाटक मंचन में छात्र द्वारा पहने गए ड्रेस को धुलवाकर न लाने पर शिक्षिका द्वारा डांट फटकार की बात सामने आई। किसी तरह की शिकायत नहीं मिली है।

दिव्य कथा में महराज बोले- सनातन को बढ़ावा देने की जरूरत



एक होटल में कथा का रसपान कराते स्वामी वेद पुत्र महाराज

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: अयोध्या धाम में श्रीमद् जगतगुरु श्रीश्री 1008 अनंत विभूषित श्रीश्री सिद्ध भैरव पीठाधीश्वर स्वामी वेद पुत्र जी महाराज से राम से राम तक की श्रृंखला की प्रथम दिव्य कथा का आयोजन बुधवार को एक होटल में किया गया। आयोजन इंटरनेशनल हयूमन राइट्स क्राइम कंट्रोल काउंसिल संस्था से सहआयोजक के रूप में किया गया। कार्यक्रम में श्री 1008 अनंत विभूषित बगलामुखी पीठाधीश्वर वेद मूर्ति गिरी जी महाराज भी शामिल हुए।

सिद्ध भैरव पीठाधीश्वर स्वामी वेद पुत्र जी महाराज ने कहा कि सनातन को और बढ़ावा देने की जरूरत है। सनातन का विकास किस तरह किया जाए। देश को हिंदू राष्ट्र कैसे बनाया जाए, इस पर भी गहन चिंतन किया गया। कार्यक्रम में मुंबई से बॉलीवुड कलाकार पुनीत इस्सर भी शामिल हुए। सम्मेलन में जय शंकर राय को इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स एंड क्राइम कंट्रोल काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार दिया गया। कार्यक्रम के अंत में दिल्ली बम ब्लास्ट की दुखद घटना में मारे गए लोगों की श्रद्धांजलि दी गई। शाम को कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। इसमें हास्य कवि सुरेंद्र शर्मा के साथ कई नामचीन हास्य कवियों ने अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में घनश्याम, सौरभ सचान, प्रिय सचान के साथ बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

आवश्यकता है

मुबारकपुर गर्ल्स डिग्री कॉलेज मुबारकपुर, आजमगढ़ सम्बद्ध महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय आजमगढ़

में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर प्राणी विज्ञान , वनस्पति विज्ञान , रसायन विज्ञान , भौतिक विज्ञान, गणित में एक–एक तथा स्नातकोत्तर स्तर पर उर्दू में दो प्रवक्ताओं की। यूजीसी योग्यतानुसार इच्छुक अभ्यर्थी 21 दिनों के अंदर अपने नवीन फोटोग्राफ के साथ 2 प्रतियों में आवेदन पंजीकृत डाक / व्यक्तिगत रूप से महाविद्यालय के पते पर भेजें ।

प्रबंधक
मो0–9415 65 5995 ,
9795 1982 86

एम.के.एस.एस इंस्टीट्यूट आफ लॉ बेलहरी, धानेपुर, गोण्डा

आवश्यकता है

प्राचार्य – 01 पद एवं **प्रवक्ता विधि त्रिवर्षीय** – 09 पद,
अर्हता एवं वेतनमान–यू.जी.सी./बार काउंसिल/विश्वविद्यालय के नियमानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी अपने अर्हता सम्बन्धी प्रमाण पत्र, एक बायोडाटा एवं 03 पासपोर्ट फोटो के साथ विज्ञापन के 15 कार्य दिवस के अन्दर कालेज में उपस्थित होकर अथवा डाक या मेल द्वारा प्रेषित करें।
साक्षात्कार हेतु बुलाये जाने पर किसी भी प्रकार का टी.ए./डी.ए. देय नहीं होगा।

प्रबंधक–9648122511
E-mail:- mkssinstituteoflaw@gmail.com

एच0सी0जे0फार्म नं0–32 पार्ट नं0 7
H.C.J.PARTVIINO- 33
हेतु संदर्शित करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
न्यायालय सिविल जज/अ0ख0 महोदय
जिला-श्रावस्ती
वाद संख्या–497/ सन् 2025 ई0 वादी
घोषणात्मक वाद अन्तर्गत धारा –34
विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम
ता0 पेशी–20/11/2025
ज्ञानेन्द्र कुमार झा
बनाम
अलका त्रिपाठी
अलका त्रिपाठी पुत्री प्रेम शंकर त्रिपाठी, निवासिनी– ग्राम चक हनुमान पो0– हरियापुर, जनपद उन्नाव को
चूंकि ऊपर नामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आशर्वेदन के खिलाफ संर्दिशत करने के लिए 2025/11/20 से दिवस 10: 00 बजे सुबह पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसर्जित हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 2025 के माह 11 के दिवस 10 को निकाली गयी।

आज्ञा से
न्यायाधीश

कार्यालय ग्राम पंचायत बझना, वि0ख0कूरेभार, जनपद सुलतानपुर

पत्रांक–मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2025–2026 दिनांक–12.11.2025

अल्पकालीन निविदा सूचना/कोटेशन

सर्वसाधाण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बझना वि0ख0कूरेभार, जनपद सुलतानपुर मे राज्यवित्त/ पंद्रहवांवित्त योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 के क्रम में कराये जाने वाले कार्य पर निम्न विवरण के अनुसार सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक स्थानीय फर्म/भठ्ठा मालिक आपूर्ति के लिए दिनांक–13.11.2025 से 19.11.2025 सायं 03:00 बजे तक निविदा/कोटेशन सचिवालय बझना, वि0ख0कूरेभार, जनपद सुलतानपुर में दे सकते हैं। प्राप्त निविदा उसी दिनांक–19.11.2025 को सायं 04: 00 बजे ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी। समिति द्वारा दिया गया निर्णय अंतिम और सर्वमान्य होगा।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रुपये में)	सामग्री विवरण	शपथ पत्र हेतु स्टाम्प का मूल्य (रुपये में)
1	पिच रोड से श्यामराज के घर तक खड़ंजा निर्माण कार्य ।	4.04 लाख रुपये।	एस0ओ0बी0 ईट आदि सामग्री ।	100

नोट– निविदा से सम्बंधित नियम व शर्ते कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस के निर्धारित समय में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान **ग्राम पंचायत सचिव**
ग्रा0पं0- बझना वि0ख0कूरेभार जनपद-सुल्तानपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत काँछाभिटौरा, वि0ख0 मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर

पत्रांक–मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2025–2026 दिनांक–12.11.2025

अल्पकालीन निविदा सूचना/कोटेशन

सर्वसाधाण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत काँछाभिटौरा, विकासखंड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर मे राज्यवित्त/पंद्रहवाँ वित्त योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 के क्रम में कराये जाने वाले कार्य पर निम्न विवरण के अनुसार सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक स्थानीय फर्म/भठ्ठा मालिक आपूर्ति के लिए दिनांक–13.11.2025 से 19.11.2025 सायं 03:00 बजे तक निविदा/कोटेशन सचिवालय ग्राम पंचायत काँछाभिटौरा, विकास खण्ड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर में दे सकते हैं। प्राप्त निविदा उसी दिनांक–19.11.2025 को सायं 04: 00 बजे ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी। समिति द्वारा दिया गया निर्णय अंतिम और सर्वमान्य होगा।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रुपये में)	सामग्री विवरण	शपथ पत्र हेतु स्टाम्प का मूल्य (रुपये में)
1	राम केवल निषाद के घर से सुभाष निषाद के घर तक इंटरलांकिंग कार्य ।	4.99 लाख रुपये।	बालू, मोरंग, सीमेन्ट, ईट गिट्टी, इंटरलांकिंग ईट, प्रथम श्रेणी ईट, गिट्टी आदि सामग्री	100

नोट– निविदा से सम्बंधित नियम व शर्ते कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस के निर्धारित समय में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान **ग्राम पंचायत सचिव**
ग्रा0पं0- काँछाभिटौरा वि0खं0-मोतिगरपुर जनपद-सुल्तानपुर

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया भारत सरकार का उपक्रम **Union Bank of India** A Government of India Undertaking

ई-नीलामी बिक्री सूचना
(सरफेसी अधिनियम के अंतर्गत)

क्षेत्रीय कार्यालय : अयोध्या 436 अतरदीप कॉम्प्लेक्स, देवकाली बाईपास, अयोध्या–224001 ई–मेल : crld.roayodhya@unionbankofindia.bank

अचल सम्पत्तियों के लिए बिक्री सूचना, परिशिष्ट-IV- [नियम 8(6) और नियम 9 (1) के प्रावधान को देखें]

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन), 2002 के नियम 8 (6) और नियम 9 (1) के परन्तुक सपठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनगर्ठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस

सर्वसाधारण को विशेषकर ऋणियों एवं जमानतदारों को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पतियां, जो प्रतिभूति के रूप में हमारे बैंक के पास दृष्टिबंधक / बंधक है जिसका **सांकेतिक कब्ज़ा** यूनियन बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है का विक्रय दिनांक **28.11.2025** (समयः **प्रातः 12 बजे से सायं 05 बजे तक**) को होने वाली ई. नीलामी में ''जहाँ है'' ''जो कुछ भी है'' और ''बिना किसी सहारे के'' आधार पर नीचे वर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों से सम्बन्धित उनकी देनदारी की वसूली के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (सुरक्षित लेनदार) के द्वारा किया जायेगा। आरक्षित धनराशि एवं ईएमडी राशि नीचे वर्णित है। ई–नीलामी के नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (सुरक्षित लेनदार) के वेबसाइट **www.unionbankofindia.co.in** पर लिंक उपलब्ध है। निम्नलिखित संपत्तियों की बिक्री वेबसाइट **https://baanknet.com** के माध्यम से ऑनलाइन ई–नीलामी द्वारा की जाएगी। नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियां ऑनलाइन ई–नीलामी में वेबसाइट https://baanknet.com के द्वारा दिनांक **28.11.2025** को ऋणियों एवं जमानतदारों से सम्बन्धित उनकी देनदारी ब्याज एवं अन्य कोई व्यय की वसूली के लिए बिक्री की जायेगी।

ऑनलाइन ई-नीलामी के माध्यम से बेबसाइट : https://baanknet.com नीलामी की तिथि व समय - 28.11.2025 समय : प्रातः 12 बजे से सायं 05:00 बजे (10 मिनट के असीमित अतिरिक्त समय सहित) बोली/ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि : नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने से पहले ईएमडी जमा करानी होगी

1. उधारकर्ता का नाम 2. जमानतकर्ता का नाम	अचल सम्पत्ति का विवरण बंधक/सम्पत्ति मालिक का नाम (बंधक सम्पत्ति/या परिसम्पत्ति से सम्बन्धित सभी भाग व एवं हिस्सों सहित)	अ) डिमांड नोटिस की तिथि 13(2) सरफेसी नियम 2002 ब) कब्जा की तिथि स) बकाया राशि द) कब्जे का प्रकार (सांकेतिक/भौतिक)	अ) आरक्षित मूल्य ब) धरोहर धनराशि स) वृद्धिशील बिड धनराशि द) प्राधिकृत अधिकारी
शाखा : मुख्य शाखा, बस्ती			
उधारकर्ता : मेसर्स कामधेनु दुग्ध उत्पादन केंद्र, प्रो. श्री प्रेम प्रकाश, निवासी : परसा तुड़ी, पोस्ट : भेलखा, तहसील : सदर बस्ती जिला : बस्ती–272001	सभी सम्पत्ति के भाग व हिस्से निहित स्थित आवासीय भवन का समस्त भाग एवं पार्सल– गाटा/प्लॉट संख्या–50 आ. क्षेत्र 0.094 हेक्टेयर, खाता संख्या 0039 परसा तुड़ी, टप्पा हवेली, परगना : बस्ती पश्चिम तहसील: बस्ती सदर जिला : बस्ती **स्वामित्व** : श्री प्रेम प्रकाश, **चौहद्दी** : उत्तरः हरदाई राम की भूमि, दक्षिणः राम केश की भूमि, पूर्वः सड़क और पश्चिमः प्रेम प्रकाश की भूमि (बंधक)	अ) 22.02.2022 ब) 13.10.2022 स) रू. 18,18,194.00 दिनांक 16.03.2022 से ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क द) सांकेतिक कब्जा	अ)रू. 40,99,000.00 ब)रू. 4,09,900.00 स)रू. 40,990.00 द) श्री शैलेन्द्र भदौरिया 9752520989

इच्छुक खरीददार/बोलीकर्ता से अनुरोध है कि ई–नीलामी में भाग लेने हेतु नीलामी की बोली प्रस्तुत करने के पूर्व ई–नीलामी के नियम व शर्तों तथा अन्य ब्यौरे को बैंक की बेबसाइट **www.unionbankofindia.co.in** पर अवश्य देख लें। साथ ही इच्छुक खरीददार/बोलीकर्ता, बेबसाइट https://baanknet.com हेल्प लाइन ई–मेल आईडी **eauctionhelpdesk@unionbankofindia.bank** पर भी जा सकते हैं। ऑनलाइन नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक खरीददार/बोलीकर्ता के पास वैध ई–मेल आईडी होना आवश्यक है। विक्रय से संबंधित नियम व शर्तें प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के अधीन होंगें।

Security Interest (Enforcement) Rule 2002 के नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के अंतर्गत 15 दिन की बिक्री सूचना

इसे **Security Interest (Enforcement) Rule** 2002 के नियम 8(6) के नियम 9(1) के अन्तर्गत उक्त तिथि को की जा रही ई– नीलामी / बिक्री के सम्बन्ध में उक्त ऋण के बकाया राशि वाले ऋणियों / जमानतकर्ताओं को जारी किया हुआ नोटिस भी माना जाये।

दिनांक : 13.11.2025 स्थान : अयोध्या प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया

खेलकूद | **कार्यदायी संस्था सीएण्डडीएस को मिली जिम्मेदारी, पहली किश्त मंजूर**

जीआईसी में पांच करोड़ की लागत से बनेगा मिनी स्टेडियम

दिनेश मिश्र, अयोध्या।

अमृत विचार: प्रदेश सरकार की खेलों को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को संसाधन उपलब्ध कराने की महत्वपूर्ण योजना के तहत राजकीय इंटर कॉलेज (जीआईसी) में मिनी स्टेडियम बनाने के लिए सरकार ने मंजूरी देते हुए निर्माण की पहली किश्त जारी कर दी है। मिनी स्टेडियम निर्माण की जिम्मेदारी कार्यदाई संस्था कॉन्ट्रक्शन एण्ड डिजाइनिंग सर्विसेज (सीएण्डडीएस) को सौंपी गई है।

उ.प्र.शासन के विशेष सचिव कृष्ण कुमार गुप्त ने माध्यमिक शिक्षा निदेशक को इस बाबत पत्र जारी कर उप्र के 17 जिलों के 21 राजकीय इंटर कॉलेजों (बालक/बालिका) में मिनी स्टेडियम

जीआईसी का प्रवेश द्वार।

निर्माण हेतु वित्तीय स्वीकृति की जानकारी देते हुए आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया है। पत्र के अनुसार अयोध्या के राजकीय इंटर कॉलेज में 492 लाख धनराशि से मिनी स्टेडियम बनाने की योजना है। इसके लिए प्रदेश सरकार ने कार्यदाई संस्था सीएण्डडीएस को निर्माण के लिए पहली किश्त लाख की धनराशि 216 अवमुक्त कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार मिनी स्टेडियम में दो इंडोर हॉल बैडमिन्टन, टेबल टेनिस, ताइक्वाण्डो आदि इंडोर गेम्स के लिए बनाए जाने का प्रस्ताव है। मिनी स्टेडियम में 400 मीटर की छह लेन की एथलेटिक्स ट्रैक होगी। एथलेटिक्स की रनिंग ट्रैक को सिन्थेटिक ट्रैक बनाने की योजना है। साथ ही क्रिकेट, फुटबॉल व हॉकी खेल के लिए मैदान भी होगा। इन्डोर हॉल में ही इन्डोर हैण्डबॉल, बास्केटबॉल व वॉलीबॉल खेलों के प्रशिक्षण भी हो सकेंगे। सूत्रों के अनुसार जिले के विद्यालयीय खिलाड़ियों के नियमित प्रशिक्षण हेतु योग्य व अनुभवी खेल विशेषज्ञ प्रशिक्षक भी नियुक्त किए जाएंगे। जो विद्यालयीय खिलाड़ियों को खेल के आधुनिक नियम के साथ तकनीक की जानकारी भी देंगे।

प्रदेश सरकार की योजना के अनुसार निर्माण एजेन्सी सीएण्डडीएस को एक वर्ष में मिनी स्टेडियम तैयार करने के निर्देश दिए दिए हैं। मिनी स्टेडियम निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाएगा। शासन से जारी निर्देश के अनुसार निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच जिला स्तरीय टास्क फोर्स से कराया जाएगा। निर्माण कार्य की विशिष्टियां मानक व गुणवता की जिम्मेदारी सम्बन्धित जिला विद्यालय निरीक्षक व जीआईसी के प्रधानाचार्य की होगी। जिससे वह सुनिश्चित करेगे कि निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा एक वर्ष की अवधि में ही पूर्ण हो जाए।

मानकों के अनुरूप लिए जाए ड्राइविंग टेस्ट

परिवहन आयुक्त किंजल ने अयोध्या, मथुरा व वाराणसी के परिवहन अधिकारियों व कर्मचारियों के प्रशिक्षण शिविर का किया उद्घाटन

अयोध्या कार्यालय।

अमृत विचार : सभी जिलों में मानक अनुरूप ड्राइविंग टेस्ट लिए जाए ताकि दक्ष चालकों को ही लाइसेंस प्राप्त हो। यह बात बुधवार को परिवहन आयुक्त किंजल सिंह ने ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट अयोध्या में प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए कही। इस कार्यशाला में अयोध्या, मथुरा व वाराणसी जनपद के परिवहन अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया।

कार्यशाला में अधिकारियों व कर्मचारियों को ऑटोमेटेड सेंसर के माध्यम से टेस्टिंग ट्रैक पर ड्राइविंग टेस्ट लेने की प्रक्रिया, आवेदकों द्वारा भरे जाने वाले आवेदन पत्रों में सही ई-मेल, मोबाइल नंबर की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही जल परिवहन से संबंधित जानकारी दी गई। ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक में सर्पेंटाइन पॉथ, चढ़ाई, ढलान, एच शेप पार्किंग, पैरलर पार्किंग, आठ के आकार में एलएमवी व एचएमवी के मार्क पर किस प्रकार वाहन परीक्षण किया जाना है, पास-फेल के मानक पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया।

डीटीआई का निरीक्षण करतीं परिवहन आयुक्त किंजल सिंह, साथ में अयोध्या आरटीओ ऋतु सिंह व अन्य।

• ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट अयोध्या में हुई प्रशिक्षण कार्यशाला

इससे पूर्व अयोध्या आरटीओ प्रशासन ऋतु सिंह ने परिवहन आयुक्त का स्वागत किया। इसके बाइ परिवहन आयुक्त ने डीटीआई का निरीक्षण कर ड्राइविंग टेस्ट आटोमेटेड टेस्टिंग ट्रैक पर टेस्ट लिये जाने की प्रक्रिया और ड्राइविंग लाइसेंस जारी किए जाने के तरीकों को देखा। आरटीओ ने सड़क सुरक्षा एवं ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट की कार्य प्रणाली में सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को परिचित कराया व अयोध्या में संचालित किए जा रहे विभिन्न महत्वपूर्ण अभियानों पर प्रकाश डाला। इस दौरान मारुति सुजुकी के डीजीएम आलोक मलिक द्वारा पॉवर प्वॉइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से तकनीकी बारीकियां बताई गई। मौके पर आरटीओ प्रवर्तन विश्वजीत सिंह, एआरटीओ डॉ. आरपी सिंह, नीतू सिंह, मनोज वर्मा, मोटरयान निरीक्षक राजीव कुमार, नरेश कुमार व प्रमेंद्र समेत तीनों जनपदों के कर्मचारीगण मौजूद रहे।

न्यूनापूरब टीम बनीं बाल क्रीड़ा चैम्पियन

• अंश, आशिका, बलजीत व राजकुमारी व्यक्तिगत चैम्पियन

ब्लॉक स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह के साथ।

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: ब्लॉक स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में न्यूनापूरब ने सर्वाधिक 97 अंकों के साथ चैंपियन ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। कंपोजिट विद्यालय कोछा में बुधवार को आयोजित प्रतियोगिता में वहीं बैतीकला टीम द्वितीय व साथ कोछा टीम तृतीय रही। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने विजेता टीमों को ट्रॉफी व खिलाड़ियों को पुरस्कार से सम्मानित किया। इसके पूर्व बच्चों खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट किया और मुख्य अतिथि ने सलामी ली। खंड शिक्षा अधिकारी शिक्षक प्रतिनिधियों ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

प्रतियोगिता में न्यूना पूरब टीम सर्वाधिक 97 अंकों के साथ प्रथम, 85 अंकों के साथ बैतीकला टीम द्वितीय व 57 अंकों के साथ कोछा टीम तृतीय रही। बालक वर्ग में अंश कुमार न्यून पूरब, बालिका वर्ग में आशिका, जूनियर बालक वर्ग में बलजीत, जूनियर बालिका वर्ग में राजकुमारी व्यक्तिगत चैम्पियन रहे।

प्रतियोगिता के प्राथमिक स्तर बालक 50 मीटर दौड़ में अंश प्रथम, अनुराग द्वितीय व अरविंद तृतीय

• बेसिंक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में बैतीकला द्वितीय व कोछा टीम रही तृतीय

रहे। 100 मीटर में अंश प्रथम, आयुष द्वितीय, अरविंद तृतीय, 200 मीटर में अंश प्रथम, आयुष द्वितीय, अरविंद तृतीय स्थान पर रहे। कबड्डी में न्यूनतम विजेता और मजरूद्दीनपुर उपविजेता रहा। खो-खो में न्यूनतम विजेता और कोछा उपविजेता रहा। प्राथमिक स्तर बालिका 50 मीटर में आनवी प्रथम, सोनाक्षी द्वितीय, प्रियंका तृतीय, 100 मीटर में अंशिका प्रथम, सोनाक्षी द्वितीय शालिनी तृतीय, 200 मीटर में नैंसी प्रथम, अंशिका द्वितीय, सोनाक्षी तृतीय रहीं। कबड्डी में भर्ती कला विजेता रही। खो-खो में न्यूना पूरब विजेता व कोछा उपविजेता रहा। जूनियर बालक 100 मीटर में दीपक प्रथम, एशियाई द्वितीय, अनुभव तृतीय, 200 मीटर में एहसान प्रथम, बलजीत द्वितीय, शनि तृतीय रहे। कबड्डी में न्यूना पूरब विजेता, बैंतीकला उपविजेता, खो-खो में बैंतीकला विजेता व न्यूना पूरब उपविजेता रहा। लंबी कूद में सतीश प्रथम, बलजीत द्वितीय, दीपक तृतीय रहे। हिंदी सुलेख में मो. अफरोज प्रथम, आकाश मिश्रा द्वितीय, अनन्या मिश्रा तृतीय रही। चक्का फेंक में गौरव प्रथम, बदल द्वितीय, अभिषेक तृतीय रहे। जूनियर बालिका 100 मीटर दौड़ में गुड़िया प्रथम, अलअसीफा द्वितीय, अनामिका तृतीय, 200 मीटर में राजकुमारी प्रथम, अर्चिता द्वितीय, अनामिका तृतीय स्थान रहीं। कबड्डी गुंधौर विजेता व खजुराहट उपविजेता रहा। खो-खो में बैंतीकला विजेता और न्यूना पूरब उपविजेता रहा। गोला फेंक में आलिया प्रथम सम द्वितीय, प्रियंका तृतीय, चक्का फेक में समा प्रथम, खुशी द्वितीय, अंजुम पाल तृतीय। अंताक्षरी में कोछा विजेता व न्यूनापूरब उपविजेता रहा। खंड शिक्षा अधिकारी अमित श्रीवास्तव की देखरेख में व्यायाम शिक्षक हरिकिशन निषाद और हरिशरण सिंह के प्रभार में क्रीडा प्रतियोगिता संपन्न हुई। इस अवसर पर प्राशि संघ के जिला कोषाध्यक्ष वीरेंद्र भारती, संजय उपाध्याय, मंडलीय मंत्री अमरजीत वर्मा, जिलाध्यक्ष सुधीर श्रीवास्तव, जिला मंत्री अशोक वर्मा, एआरपी दंगल सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष प्रियकांत्र पांडे, जिलामंत्री अर्जुन भारती, मंत्री रविंद्र गौतम, अध्यक्ष अनिल सिंह, मंत्री डीडी उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनेगी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती

अयोध्या, अमृत विचार: भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने यह जानकारी दी। बताया कि जनजातीय गौरव सप्ताह में जनजागरण कार्यक्रम, परिचर्चा व स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। 14 नवम्बर को अनुसूचित जाति मोर्चा से विशेष कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही संबोधित करेंगे। इस दौरान महानगर महामंत्री शैलेन्द्र कोरी, मीडिया प्रभारी दिवाकर सिंह, वरूण चौधरी, अमल गुप्ता, सुशील मिश्र बब्लू मौजूद रहे।

उडुपी की मातृशक्ति का विष्णु सहस्त्रनाम पाठ

अयोध्या, अमृत विचार : श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर की यज्ञशाला में बुधवार को कर्नाटक के उडुपी (मंगलौर) से आईं 41 मातृशक्तियों ने विष्णु सहस्त्रनाम पाठ किया। ट्रस्ट की ओर से आयोजन सहयोगी शैलेन्द्र शुक्ल ने बताया एच.आर. दिनेश के नेतृत्व में आईं महिला साधकों ने द्वितीय बेला में पारायण के बाद प्रभु श्रीराम लला का दर्शन पूजन किया।

त्वचा रोगों के नवीन उपचार पर मंथन

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : भारतीय त्वचा रोग विशेषज्ञ संघ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन क्यूटिकॉन अयोध्या 2025 का बुधवार को समापन हो गया। एक होटल में चले तीन दिवसीय कार्यक्रम में देशभर से करीब 600 प्रतिष्ठित त्वचा रोग विशेषज्ञ, शिक्षक, शोधकर्ता और युवा डॉक्टर शामिल हुए। इस दौरान नवीन उपचार पर मंथन हुआ।

सम्मेलन में त्वचा रोगों के नवीन उपचार, कॉस्मेटिक डेर्मेटोलॉजी, लेजर तकनीक और क्लिनिकल रिसर्च पर केंद्रित विशेष सत्र आयोजित किए गए। पोस्टर प्रेजेंटेशन, लाइव वर्कशॉप और इंटरएक्टिव चर्चाओं के जरिए प्रतिभागियों ने एक-दूसरे के साथ नवीनतम चिकित्सकीय ज्ञान और अनुभव साझा किए। अतिथियों ने सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) और वैज्ञानिक शोध की बढ़ती जरूरत पर जोर दिया। आयोजन समिति ने सभी प्रतिभागियों, सहयोगियों और प्रायोजकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्यूटिकॉन अयोध्या 2025 ने न केवल चिकित्सा जगत को समृद्ध किया, बल्कि अयोध्या की सांस्कृतिक विरासत को भी वैश्विक पटल पर गौरवान्वित किया। प्रमुख आयोजक में संघ के सचिव डॉ. सुजय घोष, डॉ. जी.डी. वर्मा, कोषाध्यक्ष डॉ. आरबी वर्मा, डॉ. लक्ष्मीकांत, वैज्ञानिक अध्यक्ष डॉ. पल्लवी श्रीवास्तव, डॉ. पंकज गोंड, डॉ. अपूर्वा कौशल शामिल हुए।

क्यूटिकॉन अयोध्या कांफ्रेंस में मौजूद चिकित्सक। अमृत विचार

• क्यूटिकॉन अयोध्या 2025 में उमड़े त्वचा रोग विशेषज्ञ

पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से करें लाभांवित: सीडीओ

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

अमृत विचार। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के निर्देशानुसार मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य वित्तीय वर्ष 2025-26 में ओडीओपी मार्जिन मनी योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना और मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत आवंटित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करना था। बैठक में सीडीओ ने जिम्मेदारों को पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से लाभांवित करने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने उक्त योजनाओं की ऋण स्वीकृति

आवंटित लक्ष्यों को लेकर जिम्मेदारों के साथ बैठक करते सीडीओ आनंद कुमार शुक्ला।

समीक्षा बैठक

और वितरण की प्रगति की योजनावार समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों और बैंकों को निर्देशित किया कि लंबित आवेदनों का अभियान चलाकर त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। सीडीओ ने विशेष रूप से बैंक ऑफ बड़ौदा, उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को निर्देश दिए कि वह प्राप्त आवेदनों के समयबद्ध निस्तारण पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि केवल स्वीकृति ही नहीं, बल्कि ऋण वितरण प्रक्रिया में भी तेजी लाई जाए, ताकि पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का शीघ्र लाभ मिल सके। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन आवेदनों को रिजेक्ट किया गया है, उनका पुनः परीक्षण कर बैंकों को पुनः प्रेषित किया जाए।

आवारा पशुओं के आतंक से मिली राहत

जलालपुर (अंबेडकरनगर)। नगर क्षेत्र में आवारा पशुओं के बढ़ते आतंक से लोगों को छुटकारा दिलाने के लिए नगर पालिका अधिशासी अधिकारी अरविंद कुमार के निर्देश पर अतिक्रमण प्रभारी रमाकांत चौबे के नेतृत्व में एक टीम ने अभियान चलाया। टीम ने नगर के अलग-अलग स्थानों से दर्जनों आवारा गोवंशों को पकडकर ट्राले में भरकर नगर पालिका द्वारा संचालित गौशाला में पहुंचाया। ग्रामीणों ने नगर पालिका की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए बताया कि नगर क्षेत्र में आवारा पशुओं का आतंक लंबे समय से बना हुआ था। इनके कारण अक्सर सडक़ दुर्घटनाएं हो जाती थीं। अभियान के तहत राहगीरों और छात्र छात्राओं को काफी राहत मिलेगी।

पुलिस अधीक्षक के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा

जलालपुर (अंबेडकरनगर)। कोतवाली क्षेत्र के मंगुराडिला गांव निवासी महेंद्र कुमार की मोटरसाइकिल चोरी के मामले में पुलिस अधीक्षक के हस्तक्षेप के बाद आखिरकार मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पीड़ित महेंद्र कुमार ने बताया कि वह 4 नवंबर को अपनी पत्नी के नाम पंजीकृत बाइक से न्याय पंचायत भवन मंगुराडिला में केवाईसी कराने गए थे। जब वह बाहर निकले तो उनकी बाइक गायब थी। काफी तलाश करने के बाद भी मोटरसाइकिल का कोई सुराग नहीं मिला। महेंद्र ने उसी दिन जलालपुर कोतवाली में लिखित तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने कोई नहीं कार्रवाई की। तभी पुलिस अधीक्षक से शिकायत के बाद कार्रवाई हुई है।

छात्राओं को योजनाओं को लेकर किया जागरूक

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

अमृत विचार। शासन के निर्देशानुसार और जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के मार्गदर्शन में बुधवार को मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत जनपद के विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों में समाज में बालिकाओं के जन्म के प्रति सकारात्मक सोच विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज में बालिकाओं के जन्म को लेकर सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना और महिला सुरक्षा, सम्मान तथा स्वावलंबन के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना है। इस अवसर पर राजकीय बालिका इंटर कॉलेज इनामीपुर टांडा, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अकबरपुर, राजकीय बालिका हाईस्कूल बड़ेपुर, राजकीय

विद्यालय में छात्राओं को उनके हक के बारे में जानकारी देते शिक्षक। अमृत विचार

मिशन शक्ति 5.0

बालिका हाईस्कूल फरीदपुर कुतुब टांडा, राजकीय बालिका हाईस्कूल बसिया, राजकीय हाईस्कूल डिहवा मोहिउद्दीनपुर, रामलाल रामपुर इंटर कॉलेज सेवागंज, रामनाथ परमात्मा प्रसाद इंटर कॉलेज पतौना सहित कई विद्यालयों में कार्यक्रम संपन्न हुए। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को शिक्षकों ने 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 101 अग्निशमन सेवा, 102 गर्भवती महिला एंबुलेंस सेवा, 108 आपातकालीन एंबुलेंस सेवा, 112 आपातकालीन पुलिस सेवा आदि की जानकारी दी।

पटेल जी की जयंती को लेकर भाजपाइयों ने की बैठक

जलालपुर (अंबेडकरनगर)

अमृत विचार। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर भाजपा द्वारा आयोजित किए जाने वाले विशेष कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विधानसभा कोर टीम और वरिष्ठ नेताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक विधानसभा कार्यालय जलालपुर में आयोजित की गई।

बैठक में पूर्व सांसद रितेश पांडे और पूर्व जिलाध्यक्ष यमुना प्रसाद चतुर्वेदी ने पदाधिकारियों से यात्रा की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा करते हुए दिशा-निर्देश दिए। पूर्व सांसद रितेश पांडे ने बताया कि यात्रा का शुभारंभ रविवार

तैयारियों पर हुई चर्चा

को सरस्वती स्कूल से किया जाएगा और इसका समापन स्थल पर एक बड़ी जनसभा के साथ होगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन, विचारों और देश के एकीकरण में उनके अमूल्य योगदान को जन-जन तक पहुंचाना है। बैठक का सफल संचालन भाजपा जिला मंत्री पंकज वर्मा ने किया। पूर्व जिलाध्यक्ष राम प्रकाश यादव, वरिष्ठ नेता आशुतोष उपाध्याय, ब्लॉक प्रमुख त्रिभुवननाथ, युवा मोर्चा जिला महामंत्री संजीव सिंह, यात्रा सुरक्षा प्रमुख धनंजय त्रिपाठी, नगर अध्यक्ष संदीप अग्रहरि, मंडल अध्यक्ष सरिता निषाद, प्रवीण गौड़, पूर्व नगर अध्यक्ष संजीव मिश्र, सभासद शीतल सोनी, लालचंद, बेचन पांडे, दिलीप यादव और नगर महामंत्री कृष्ण गोपाल गुप्त, मंडल महामंत्री सत्यम श्रीवास्तव समेत अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। विकाश निषाद ने जानकारी दी कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद यादव मौजूद रहेंगे। बैठक में कार्यक्रम की सफलता के लिए सुरक्षा, स्वच्छता, चिकित्सा व्यवस्था, पड़ाव स्थल और जनसभा स्थल जैसे सभी महत्वपूर्ण पहलुओं पर विशेष ध्यान देने पर सहमति बनी।

जयंती पर याद किए गए मौलाना अबुल कलाम आजाद

जलालपुर (अंबेडकरनगर)। कन्या सीनियर बेसिक विद्यालय जलालपुर में भारत के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की जयंती शिक्षा दिवस के रूप में समारोह पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मुम्बई में सेवा दे रहे प्रसिद्ध साहित्यकार व शायर तौफीक फाखरी का आगमन हुआ। वहीं विशिष्ट अतिथि बेचन पाण्डेय सभासद नगर पालिका परिषद जलालपुर, अति विशिष्ट अतिथि पवन कुमार सोनी प्रबंधक आर्य समाज इंटर कॉलेज तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ शायर मजहर जलालपुरी ने किया। वहीं कार्यक्रम का संचालन डॉ. मोहम्मद असअद ने किया। सर्व प्रथम अतिथियों ने मौलाना अबुल कलाम आजाद की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस दौरान बेचन पाण्डेय पवन कुमार सोनी, लक्ष्मी देवी, मेराज हुसैन, पार्वती देवी, लाली देवी ने भी अपने विचार रखे।

92.73 प्रतिशत मतदाताओं तक पहुंचा गणना प्रपत्र : जिला निर्वाचन अधिकारी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एसआईआर कार्यक्रम के तहत बीएलओ द्वारा 04 नवंबर से मतदेय स्थल से संबंधित सभी मतदाताओं को घर-घर जाकर गणना प्रपत्र 02 प्रतियों में वितरित और एकत्रित किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम शुक्ला ने बताया कि जनपद में कुल 18 लाख 70 हजार 776 मतदाताओं के सापेक्ष अब तक 17 लाख 34 हजार 767 92.73 प्रतिशत मतदाताओं को घर-घर जाकर बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्र वितरित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि बीएलओ द्वारा मतदाताओं से गणना प्रपत्र भरकर 01 प्रति में वापस प्राप्त किया जाएगा और 01 प्रति पर बीएलओ मतदाता को गणना प्रपत्र पर प्राप्ति देंगे। मतदाताओं को गणना प्रपत्र में वर्ष-2003 ओर वर्ष-2025 की मतदाता सूची का विवरण मतदाताओं को भरना होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम शुक्ला के निर्देशन में जनपद में बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्र वितरण की समीक्षा संबंधित उपजिलाधिकारी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा निरन्तर किया जा रहा है।

कोतवाली के निरीक्षण में साफ-सफाई और अभिलेख रख-रखाव पर जोर

जलालपुर (अंबेडकरनगर)। बुधवार को क्षेत्राधिकारी अनूप कुमार सिंह द्वारा जलालपुर कोतवाली का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कोतवाली परिसर के प्रत्येक विभाग का बारीकी से जायजा लिया। सीओ अनूप कुमार सिंह ने ई-मालखाना, कंप्यूटर कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, मालखाना, बैरक और अभिलेख कक्ष का निरीक्षण करते हुए वहां की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को परिसर को और अधिक स्वच्छ व व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने रजिस्टरों एवं अभिलेखों के रखरखाव में पारदर्शिता और अनुशासन बनाए रखने पर विशेष बल दिया। निरीक्षण के दौरान सीओ ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों से उनके कार्य और जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण | जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को उपज के सही आंकड़े शासन को प्रेषित करने के दिए निर्देश

डीएम ने खेत में क्रॉप कटिंग कर परखा धान का उत्पादन

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

अमृत विचार। डीएम अनुपम शुक्ला ने तहसील अकबरपुर अन्तर्गत राजस्व ग्राम हाजीपुर मरूई में खरीफ सीजन की फसल धान की क्रॉप कटिंग सीसीई एग्री ऐप के माध्यम से की गई तथा उत्पादकता का निरीक्षण किया गया।

जिलाधिकारी ने किसान के खेत में पक कर तैयार धान की फसल को हसिया से कटाई की गई। इस दौरान मौके पर उपस्थित अधिकारियों द्वारा रैंडमली ऑनलाइन चयनित ग्राम हाजीपुर मरूई के गाटा संख्या 08 और 267 जगराम और रामनयन के खेत में 10 मीटर भुजा वाले समबाहु त्रिभुज क्षेत्र के तहत अन्तर्गत खरीफ फसल धान की कटाई और मड़ाई कर उससे प्राप्त धान का वजन भी

किसान के खेत में धान की कटाई करते जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला।

कराया गया। गाटा संख्या 08 में निर्धारित क्षेत्रफल 43.30 वर्ग मीटर में 22.540 किग्रा तथा गाटा संख्या 267 में निर्धारित क्षेत्रफल 43.30 वर्ग मीटर में 21.200 किग्रा की फसल का उत्पादन प्राप्त हुआ। जिसके अनुसार प्रति हेक्टेयर उत्पादकता क्रमशः लगभग 52 और 49 कुंतल होती है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को उपज के सही आंकड़े शासन को प्रेषित करने के निर्देश दिए।

किसानों से हासिल की धान के उत्पादन की जानकारी : जिलाधिकारी द्वारा मौके पर उपस्थित लोगों से क्षेत्र में उत्पादित की जाने वाली प्रमुख फसलों, धान की विभिन्न किस्मों और उत्पादकता संबंधी जानकारी भी प्राप्त की गई। क्रॉप कटिंग या फसल कटाई के प्रयोग द्वारा क्षेत्र में फसल की औसत पैदावार निकाली जाती है। क्रॉप कटिंग के आधार पर ही जनपद के कृषि उत्पादन के आंकड़े तैयार कर शासन को भेजे जाते है और इसी आधार पर फसल बीमा धारकों को नुकसान का मुआवजा भी दिया जाता है। कृषि विभाग जनपद के समस्त क्षेत्रों के क्रॉप कटिंग के आंकड़ों को संग्रहित करके शासन को भेजता है। इसके आधार पर उत्पादकता का निर्धारण किया जाता है।

डीएम के निर्देश पर धान खरीद के सभी केंद्र सक्रिय

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के सख्त निर्देशन में जनपद में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत विभिन्न एजेन्सियों द्वारा संचालित सभी 100 धान क्रय केंद्रों पर धान खरीद कार्य प्रारम्भ करा दिया गया है। प्रारंभिक चरण में कुछ केन्द्रों पर खरीद कार्य प्रारम्भ नहीं हो पाया था, जिसकी सूचना प्राप्त होते ही जिलाधिकारी ने संबंधित टीमों को निरीक्षण के लिए भेजा। निरीक्षण उपरांत तत्काल आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कराते हुए धान क्रय कार्य को पूर्ण रूप से प्रारम्भ कराया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, तोल प्रक्रिया पारदर्शी रहे तथा खरीद दर शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य पर ही किया

जिलाधिकारी ने दिए अधिशासी अधिकारी के खिलाफ जांच करने के आदेश

संवाददाता, आजमगढ़

अमृत विचार। नगर पंचायत मार्टिनगंज के गौशाला की जांच करने के लिए बुधवार को जिलाधिकारी आजमगढ़ रविंद्र कुमार पहुंचे तो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मार्टिनगंज आशीष राय से डेली रजिस्टर पशुओं की संख्या का रजिस्टर मांगा लेकिन उपलब्ध नहीं मिला। जब उन्होंने पशुओं के केयरटेकर की संख्या रजिस्टर व दाना-भूसा स्टॉक रजिस्टर मांगा तो कर्मी नहीं दे पाए, जिसके कारण वास्तविकता नहीं पता चल पाई। जिलाधिकारी ने कहा कि सूचना के बाद भी रजिस्टर उपलब्ध न कराने को विभागीय लापरवाही मानते हुए अधिशासी अधिकारी के खिलाफ जांच के

गौशाला का निरीक्षण

मार्टिनगंज गौशाला का निरीक्षण करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

आदेश दिए।

उन्होंने कहा कि सरकारी अभिलेख गायब मिला है कोई कागज नहीं है। 10 केयर टेकर है भूसा रजिस्टर मांगा वह भी नहीं मिला। वहीं पशु चिकित्सा अधिकारी अजय श्रीवास्तव ने जिलाधिकारी को बताया कि सभी पशुओं का टैग कर दिया गया है। भूसा और दाने का स्टॉक देखा हरा चारा उपलब्ध में रहने पर अधिशासी अधिकारी को फटकार लगाया और कि हरा चारा की बुआई क्यों नहीं की गई जिस पर अधिशासी अधिकारी ने कहा कि हरा चारा की बुआई कराई गई थी जो खत्म हो गया है। तो उन्होंने कई प्रजातियों के नाम बताएं अगर उनकी बुआई आप करते तो हरे चारे की कभी भी कमी नहीं होती। वहीं नायब तहसीलदार अरुण कुमार को नगर पंचायत के जिस भूमि पर हरा चारा बोया जा रहा है, उसे पर जांच करके हरे चारे की बुआई करने का आदेश दिया और किसी ने अगर उसे पर कब्जा किया है तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिया है।

न्यूज ब्रीफ

एंबुलेंस को रास्ता दें अभियान के तहत जागरूक हुए छात्र

गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार : कटका क्लब सामाजिक संस्था द्वारा श्री सुभाष इंटर कॉलेज पलिया में "एंबुलेंस को रास्ता दें" अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य संतोष कुमार सिंह व संचालन संजय सिंह ने किया। प्रदेश प्रभारी ऋषभदेव शुक्ला ने कहा कि एंबुलेंस में गंभीर मरीज होते हैं, इसलिए उसे तुरंत रास्ता देना मानवता का कर्तव्य है। कथा वाचक शनि मिश्र ने बताया कि एंबुलेंस का रास्ता रोकने पर 6 माह की जेल या 10 हजार रुपये जुर्माना हो सकता है। अध्यक्ष सौरभ मिश्र ने प्रशासन से ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की मांग की।

आरपीपीजी में क्रीड़ा प्रतियोगिता 14 से

सुलतानपुर, अमृत विचार : राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता 14 नवंबर से होगी। प्रबंधक एडवोकेट बालचंद्र सिंह ने बताया कि संयोजक बृजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में दौड़, कूद, गोला फेंक, भाला फेंक सहित कई खेल आयोजित होंगे। शिक्षकों व कर्मचारियों के लिए प्रतियोगिताएं भी होंगी। छात्र अपने संकायाध्यक्ष से पंजीकरण करा सकते हैं।

केएनआई में 13 से शुरू होगी मुख्य परीक्षा

सुलतानपुर, अमृत विचार : जिले के एकमात्र नैक ए-ग्रेड प्राप्त स्वायत्तशासी संस्थान कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान (केएनआईपीएसएस) में 13 नवंबर से मुख्य परीक्षा शुरू हो रही है। यह परीक्षा स्नातक व परास्नातक प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर की सत्र 2025-26 की मुख्य परीक्षा होगी। परीक्षा नियंत्रक प्रो. प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षार्थी संस्थान की वेबसाइट पर अपना परीक्षाफार्म नंबर और जन्मतिथि दर्ज कर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

दहेज के लिए तोड़ दी शादी, मुकदमा दर्ज

सुलतानपुर, अमृत विचार : अखंडनगर थाना क्षेत्र भीउरा गांव निवासी रमेश ने बताया कि वह अपनी पुत्री का विवाह रुपईपुर निवासी प्रेमशंकर के बेटे से तय की थी। सब कुछ होने के बाद बरीक्षा किया था जिसमें पचास हजार रुपए खर्च हुए थे।आरोप है कि अब अमित उसके पिता प्रेम शंकर अमित के चचेरे भाई गुड्डू ने दहेज में दो लाख रुपए नगद व बुलेट मांग रहे हैं। साथ ही धमकी दी है कि अगर पुलिस से शिकायत किया तो तुम्हे व तुम्हारे बेटी की हत्या कर देंगे। अखण्ड नगर थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर पर दहेज लोभियों पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

11 कांग्रेसियों ने किया सरेंडर, हुए रिहा

आरोप तय, 28 नवंबर को होगी अगली सुनवाई, अगस्त क्रांति दिवस पर धरना-प्रदर्शन का मामला

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः अगस्त क्रांति दिवस पर आठ साल पूर्व धरना-प्रदर्शन, सड़क जाम और सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में बुधवार को अमेठी के पूर्व एमएलसी दीपक सिंह समेत 11 कांग्रेस नेताओं ने एमपी-एमएलए अदालत में सरेंडर किया। विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने सुनवाई के बाद आरोपियों को जमानत पर रिहा कर दिया है। कोर्ट ने सभी आरोपियो के खिलाफ आरोप तय कर सुनवाई के लिए 28 नवंबर की तारीख नियत की है।

गौरतलब है कि 9 अगस्त 2017 को कांग्रेस पार्टी के अमेठी जिलाध्यक्ष योगेंद्र मिश्र के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पर अगस्त क्रांति दिवस के अवसर पर धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया था। प्रदर्शनकारियों ने तहसील मुख्यालय की ओर जुलूस निकालते हुए जामों तिराहे पर वाहन खड़ा कर मार्ग अवरुद्ध कर दिया था। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने सरकार विरोधी नारेबाजी की और भाषण देते हुए सड़क जाम कर दी, जिससे यातायात ठप हो गया। गौरीगंज के पूर्व थानाध्यक्ष राज कुमार पांडेय की तहरीर पर दर्ज केस में गौरीगंज पुलिस ने तत्कालीन कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेन्द्र मिश्र, पूर्व एमएलसी दीपक सिंह, धर्मेंद्र शुक्ला , नईम, पंकज सिंह, अनिल सिंह, प्रदीप सिंह, नदीम अशरफ, चुन्नू उर्फ शेषनाथ सिंह, संपूर्णानंद मिश्र और सौरभ मिश्रा पर चार्जशीट दाखिल की थी। प्रकरण में बुधवार को सभी आरोपियों ने अदालत में सरेंडर किया, जहां उनकी जमानत मंजूर कर आरोप तय किए गए।

पूर्व मंत्री सोमनाथ भारती के खिलाफ विवादित टिप्पणी प्रकरण में अब 27 नवम्बर को चार्ज पर होगी सुनवाई

संवाददाता, सुलतानपुर : आम आदमी पार्टी के पूर्व कानून मंत्री सोमनाथ भारती के खिलाफ विवादित टिप्पणी के मामले में बुधवार को आरोप तय नहीं हो सके। विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत ने उन्हें अंतिम अवसर देते हुए सुनवाई के लिए 27 नवम्बर की तारीख नियत की है। विशेष लोक अभियोजक वैभव पाण्डेय के मुताबिक अमेठी जनपद के जगदीशपुर थाने में वर्ष 2021 में दर्ज इस मुकदमे में सोमनाथ भारती की ओर से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आरोप तय करने की अर्जी दी गई थी। अदालत ने उन्हें वीडियो कांफ्रेंसिंग से पेश होने की अनुमति तो दी, लेकिन व्यक्तिगत लिंक से नहीं। कोर्ट ने निर्देश दिया है कि वे अपने क्षेत्राधिकार के जिला एवं सत्र न्यायालय में स्थापित वीडियो कांफ्रेंसिंग सुविधा के माध्यम से ही पेश हों। अब यह मामला 27 नवम्बर को चार्ज पर सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है।

भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष ने कोर्ट में किया सरेंडर

संवाददाता, सुलतानपुर : कोतवाली नगर क्षेत्र के विवेकानंद नगर में साल 2008 में हुए बलवा, मारपीट, हत्या की धमकी के मामले में बुधवार को भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष चन्दन सिंह ने सीजेएम कोर्ट में सरेंडर कर दिया। कोर्ट ने उनकी जमानत मंजूर कर ली। अभियोजन के अनुसार, 13 मार्च 2008 को वादी अधिवक्ता बृजेश सिंह ने आरोप लगाया था कि उनके पुत्र दिलीप द्वारा सिगरेट देने से मना करने पर चंदन सिंह, अजय नारायण सिंह, विजय नारायण सिंह, अंकित, कुसुम और वीरू सिंह ने मारपीट की थी। पुलिस विवेचना के दौरान कुसुम को क्लीन चिट देते हुए पांच आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। बुधवार को आरोपी चंदन सिंह ने अधिवक्ता रणजीत सिंह त्रिसुंडी के माध्यम से मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नवनीत सिंह की अदालत में सरेंडर किया, जहां से उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया।

दो महिला आरोपियों को मिली जमानत

संवाददाता, सुलतानपुर : जयसिंहपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बाहरपुर बंधवा में जानलेवा हमले की घटना में गिरफ्तार दो महिलाओं को अदालत से राहत मिली है। सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार की अदालत ने निर्मला देवी व रंजना निषाद की जमानत मंजूर कर लिया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा के मुताबिक वादिनी रागिनी निषाद ने 23 अक्टूबर 2025 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि पूर्व रंजिश को लेकर आरोपियों ने उसके परिवार के सदस्यों के साथ लाठी-डंडों व लोहे की रॉड से मारपीट की, जिससे गंभीर चोटें आईं।

जेल में निरुद्ध दो आरोपियों को राहत

गोसाईगंज थाना क्षेत्र के पलिया गांव में बीती 24-25 जुलाई की रात हुई जेवरात और 21 हजार रुपये नकदी चोरी के मामले में जेल में निरुद्ध दो आरोपियों को अदालत से राहत मिली है। पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने नटौली निवासी श्रीराम बनराजा और अयोध्या जनपद के महाराजगंज थाना क्षेत्र के बनगंवा निवासी सुन्दर बनराजा की जमानत मंजूर की है। आरोपयों केअधिवक्ता अभय तिवारी ने बताया कि वादिनी नूरजहां ने उक्त चोरी प्रकरण में शक के आधार पर वीरेंद्र, लल्लू, अरुण और रामशब्द के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने जांच के दौरान आरोपी श्रीराम और सुन्दर बनराजा के कब्जे से चोरी का सामान बरामद कर 24 सितंबर को जेल भेज दिया था।

जानलेवा हमले के मामले में चश्मदीद की गवाही जारी

बल्दीराय थाना क्षेत्र के बिरधौरा गांव में बकरी चोरी के आरोप में हुए जानलेवा हमले के मामले में बुधवार को न्यायाधीश जलाल मोहम्मद अकबर की अदालत में अभियोजन पक्ष की गवाही जारी रही। बचाव पक्ष के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने प्रत्यक्षदर्शी गवाह मुर्गी फार्म मालिक अनुपम सिंह से जिरह की। उल्लेखनीय है कि 26 मार्च 2023 को हुए इस हमले में घायल राकेश ने आरोपी कल्लू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 6 जनवरी नियत की है।

संग्रह अमीन हत्याकांड में इंस्पेक्टर की गवाही दर्ज

अमेठी जिले के मुसाफिरखाना कोतवाली के भद्दौर गांव के रहने वाले संग्रह अमीन सुरेश यादव व उनके भतीजे बृजेश यादव की 27 फरवरी 2023 को गोली मारकर हत्या के मामले में बुधवार को अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम सन्ध्या चौधरी की अदालत में सुनवाई हुई। मामले में अभियोजन गवाह इंस्पेक्टर अमर सिंह से बचाव पक्ष ने जिरह की। कोर्ट ने शेष आरोपियों की तरफ से जिरह न करने पर बचाव पक्ष का अवसर समाप्त कर आरोपियों के बयान दर्ज करने के लिए 18 नवम्बर की तारीख नियत की है। एडीजीसी पवन दूबे ने बताया इस मामले में जलालुद्दीन, संजय यादव प्रधान, मनोज यादव, डब्बू यादव, मुइनुद्दीन, मुकेश यादव, राहुल यादव, अभय यादव, अंकित यादव, कल्लू, हरीफूल शुक्ल, वसीर समेत कुल 13 आरोपियों के खिलाफ हत्या सहित गंभीर आरोपों में चार्जशीट दाखिल हुई थी।

खड़े ट्रक से टकराई मिनी ट्रक मां-बेटा सहित चालक गंभीर

दुर्घटनास्थल पर मौजूद लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

● जिला अस्पताल रेफर, पुलिस जांच में जुटी

भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचारः कोतवाली देहात क्षेत्र के सुलतानपुर-वाराणसी फोरलेन पर हनुमानगंज बाईपास के समीप बुधवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। विकवाजितपुर के पास खड़ी ट्रक में पीछे से मालवाहक मिनी ट्रक जा घुसी, जिससे मिनी ट्रक चालक और उस पर सवार मां-बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार जौनपुर जिले के जफराबाद थाना क्षेत्र के रामनगर जमैथा निवासी 49 वर्षीय आरती शुक्ला अपने 22 वर्षीय बेटे अनमोल शुक्ला के साथ लखनऊ से सामान खरीदकर घर लौट रही थीं। मिनी ट्रक को सलमान (35) निवासी आदमपुर, धुरतली लोरपुर, मुरादाबाद चला रहे थे।विकवाजितपुर गांव के पास पहुंचते ही मिनी ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी ट्रक में पीछे से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि चालक केबिन में फंस गया। मौके पर पहुंचे राहगीरों और स्थानीय लोगों ने तत्काल बचाव कार्य शुरू कर स्टेयरिंग काटकर चालक को बाहर निकाला। एंबुलेंस से सभी घायलों को सीएचसी भदैंया भेजा गया, जहां से उनकी नाजुक हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना पर पहुंची देहात कोतवाली पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

सड़क हादसे में घायल छात्र की मौत

राज चौहान

अखंडनगर, सुलतानपुर : स्थानीय थाना क्षेत्र के अयोध्या नगर बाजार में मंगलवार सुबह सड़क दुर्घटना में घायल हुए छात्र राज चौहान पुत्र रामउदय चौहान, निवासी जगदीशपुर साड़ी की बीती रात इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। पूर्व ग्राम प्रधान के परिवार से संबंध रखने वाले राज चौहान की असमय मौत पर गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। बुधवार सुबह परिजनों ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक संत कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। वहीं, उसी दुर्घटना में घायल दूसरे छात्र दिपांशु चौहान पुत्र संतोष कुमार चौहान का उपचार जारी है।

दो पक्षों में जमकर मारपीट, क्रास केस दर्ज

दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : उघड़पुरा भटपुरा गांव में मंगलवार को भूत-प्रेत की बात को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। घटना में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए। पहले पक्ष की रामावती ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि पड़ोसी गुड्डी, शिवम, शेजल और विनय उनके दरवाजे पर आए और भूत-प्रेत की चर्चा को लेकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर चारों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे उनके पति रिंकू को भी पीट दिया गया और घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल को तोड़ दिया गया। वहीं, दूसरे पक्ष के शिवम ने भी पलटकर आरोप लगाए हैं। उसका कहना है कि जब वह खेत से लौट रहे थे, तभी रामावती ने उन्हें अपशब्द कहे। मना करने पर रामावती और उनके पति रिंकू ने हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचीं शिवम की मां गुड्डी और बहन शेजल पर भी हमला कर दिया गया, जिससे तीनों घायल हो गए। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है।

पुरानी रंजिश में विपक्षियों ने युवक को पीटा, केस दर्ज

सुलतानपुर, अमृत विचार : बल्दीराय थाना क्षेत्र के कनेहटी गांव निवासी तस्दीका ने बताया कि उसका देवर इकराम हुसैन पारा बाजार से घर लौट रहा था। सर्विस लेन के नंदराई गांव के समीप दो बाइक पर अयोध्या जिले के बीकापुर थाना क्षेत्र के मुर्तजा का पुरवा निवासी अब्दुल कलीम उर्फ मुन्ना, मेराज, रिजवान उर्फ सुल्तान व शानू ने गाली गलौज देते हुए उसे रोक लिया। लाठी डंडे व लात घूंसे से पीटने के चलते उसका देवर बेहोश हो गया तो उक्त लोग भाग निकले। राहगीरों से सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंच उसे सीएचसी बल्दीराय ले गई जहां मौजूद चिकित्सको ने उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। बल्दीराय थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

खेल से होता शारीरिक व मानसिक विकास

बल्दीराय, सुलतानपुर

खेलकूद प्रतियोगिता में जोर-आजमाइश करते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

● ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में नन्हें खिलाड़ियों ने बटोरीं तालियां

अमृत विचारः बल्दीराय ब्लॉक के खेल मैदान हलियापुर में ब्लॉक स्तरीय वार्षिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष उषा सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उद्घाटन सत्र में ब्लॉक प्रमुख शिव कुमार सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर कहा कि खेल भविष्य निर्माण का सशक्त माध्यम हैं, ये न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक व सामाजिक विकास में भी सहायक हैं।

समापन अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी श्याम बिहारी ने विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए कहा कि जीत-हार खेल का हिस्सा है, पर सच्चा खिलाड़ी वही जो हार से सीखकर आगे बढ़े। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष वेद प्रताप सिंह ने कहा कि खेल बच्चों के बौद्धिक और भावनात्मक विकास का भी महत्वपूर्ण माध्यम हैं। प्रतियोगिताओं में तिरहुत न्याय पंचायत योगा पीटी ओवरऑल चौंपियन रहा, जबकि हेमनापुर ने ऑल राउंड चौंपियन का खिताब जीता। दौड़, कबड्डी, खो-खो और वॉलीबॉल में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

अमृत विचार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

मेरे द्वारा ली गई एल.आई.सी. की पालिसी सं. 266578807 में मेरा नाम कृष्णा गुप्ता दर्ज है। जबकि आधार कार्ड व बैंक खाता में पोनी गुप्ता दर्ज है। पोनी गुप्ता व कृष्णा गुप्ता दोनो मेरे ही नाम है। दोनों ही नाम से मैं जाना व पहचाना जाता हूं। **-पोनी गुप्ता पुत्र अरविंद कुमार गुप्ता, मोहल्ला अशोक नगर, गुरसहायगंज, कन्नौज।**

सूचना

मैने अपना नाम KAMAYANI PANDEY से बदलकर KAMAYANI PANDE रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। D/0-BINEET PANDEY, ADD-266 HARI NAGAR FAIZABAD ROAD DIST-LUCKNOW-226016 (U.P.)

सूचना

मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम गलती से प्रियाशू श्रीवास्तव (PRIYANSHU SHRI VASTVA) पुत्र ANIL KUMA SRHIVASTVA निवासी करनपुर बभनान गोंडा हो गया है जबकि मेरा सही नाम PRANSHU SRIVASTAV पुत्र ANIL KUMAR SRIVAS TAV है जो पूर्णतया सत्य है।

सूचना

मैंने अपने पुत्र तुषार प्रताप सिंह को इसके गलत आचरण के कारण इसे अपनी समस्त चल - अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इसके द्वारा किये किसी भी कृत्य की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी- **वीरेन्द्र प्रताप सिंह नि- 494/140, सराय हसनगंज, डालीगंज, लखनऊ**

सूचना

मैंने अपना नाम साफिआ हसन से बदल कर साफिया पत्नी श्री रियाजुल हसन रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **साफिया पत्नी श्री रियाजुल हसन निवासी- 465 / 265, हाता सितारा बेगम, ठाकुरगंज, थाना-ठाकुरगंज, लखनऊ**

सूचना

मैने अपना नाम गौरव से बदलकर अभय प्रताप सिंह कर लिया है व जन्मतिथि 11/09/1997 है मेरे सभी शैक्षणिक दस्तावेजों,आधार में अभय प्रताप सिंह के नाम से जाना जाय । **अभय प्रताप सिंह पुत्र निशान सिंह गांव ससोटा दोषपुर पोस्ट अलीगंज जनपद एटा उ0 प्र 0**

सूचना

सूचित हो कि मैं **इन्द्र बहादुर सिंह पुत्र स्व0 राम चरन सिंह, निवासी 494/106 सराय हसनगंज चरही निराला नगर लखनऊ,** मेरा पुत्र शैलेन्द्र प्रताप सिंह (हैप्पी) जिसके समाज विरोधी गतिविधियों, कार्यकलापों व बर्ताव के कारण मेरी एवं परिवार के सदस्यों की छवि धूमिल करने के कारण उसे अपनी समस्त चल, अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूँ यदि कोई भी शख्स इनसे लेन-देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का किसी भी प्रकार से देनदार, जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना

मैं **सुबराती पुत्र डल्लू निवासी- ग्राम- पुरैना, थाना- विशेशवरगंज जनपद बहराइच** का हूँ। मेरा पुत्र फजरे अली आज से 10 वर्ष पूर्व घर से गायब हो गया था जिसका कोई अता पता नहीं है। अगर मेरा पुत्र कहीं भी जीवित हो कोई घटना दुर्घटना करता है। तो उसकी सारी जिम्मेदारी फजर अली की होगी मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

सूचना

मेरा सही नाम BEERENDRA KUMAR YADAV व पिता जी का नाम HARCHHATH मान्य व सही है । मेरी ड्राइविंग लाइसेंस UP30 20110009057 में त्रुटिवश मेरा नाम VIRENDRA KUMAR YADAV व पिता जी का नाम HARIHAR YADAV अंकित हो गया है जो कि अमान्य व गलत है । **नाम बीरेंद्र कुमार यादव पुत्र हरछठ निवासी ग्राम नारियाखेड़ा पीपरगांव नेवादा अतरौली संडीला हरदोई।**

सूचना

मैंने अपने पुत्र शिवम उर्फ अशीष कुमार के गलत आचरण एवं चाल चलन के चलते संबंध विच्छेद कर समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कृत्य या लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता या सरोकार नहीं होगा वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **ब्रजेश उर्फ कन्हैयालाल पुत्र रामचन्द्र व ममता उर्फ प्रभा पोरवाल पत्नी ब्रजेश उर्फ कन्हैयालाल, निवासीगण -वंशी -थाना- अछल्दा -तहसील- बिधूना- जिला -औरैया।**

सूचना

सूचित हो कि मैं **निजाम पुत्र मोहम्मद इदरीस निवासी मोहल्ला शेखपुर थाना व जिला कन्नौज** मेरा बड़ा बेटा अजीम व उसकी पत्नी नाजौ आए दिन मेरे वह मेरे परिवार के साथ घर का बंटवारा कराने के लिए गाली गलौज, गृह क्लेश, मानसिक और शारीरिक रूप से भी प्रताड़ित करते हैं। पुत्र व पुत्रवधू के इन कृत्यों से तंग आकर मैं अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से इन दोनों को बेदखल करता हूं। अब मेरा वह मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का इन लोगों के कृत्यों से भविष्य में कोई सरोकार नहीं होगा।

सूचना

सूचित हो कि मैं **मुन्नू लाल पुत्र दयाराम निवासी ग्राम मवई रियायक मतौली थाना व जिला कन्नौज** मेरा छोटा पुत्र सूरज कुमार व उसकी पत्नी रिंकी आए दिन मेरे व मेरे परिवार के साथ गाली गलौज गृह क्लेश करते हैं सूरज ने अपनी मर्जी से रिंकी से विवाह किया है अब वह दोनों हमारे परिवार को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते हैं दोनों के इन कृत्यों से तंग आकर मैं अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से इन लोगों को बेदखल करता हूं भविष्य में मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का इन लोगों के कृत्यों से कोई सरोकार नहीं होगा।

शिक्षा व पोषण से निखरेगा देश का भविष्य

● आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मिला 'पोषण भी, पढ़ाई भी' का मंत्र

विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर

आंगनबाड़ी को प्रमाण पत्र देते सीडीपीओ। ● अमृत विचार

अमृत विचारः विकासखंड धनपतगंज सभागार में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन बुधवार को हुआ। प्रशिक्षण का उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पोषण और शालापूर्व शिक्षा को सुदृढ़ बनाना था।

तीन दिवसीय कार्यक्रम में "पढ़ाई", "पोषण" और "पोषण भी, पढ़ाई भी" विषयों पर प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए। बाल विकास परियोजना अधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां बच्चों की पहली शिक्षिका होती हैं, जो शिक्षा और पोषण के संगम से देश का भविष्य संवारती हैं। उन्होंने केंद्रों को मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र के रूप में विकसित करने का आह्वान किया। सीडीपीओ धनपतगंज ने आईसीडीएस की छह प्रमुख सेवाओं, शालापूर्व शिक्षा और मातृत्व वंदना योजना की जानकारी दी। कार्यक्रम में सुरेश गुप्ता (रॉकेट लर्निंग संस्था) ने प्रशिक्षण दिया। मौके पर शिखा शुक्ला, नीरज मिश्रा, अंतिमा सिंह, सपना यादव, संध्या यादव, उमा यादव, प्रिया गुप्ता सहित सैकड़ों आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां मौजूद रहीं।

राष्ट्र ऋषि दत्तोपंत ठेगड़ी का मनाया गया जन्म दिवस

सुलतानपुर, अमृत विचार : नगर क्षेत्र के बलवंता मंदिर स्थित संघ कार्यालय पर भारतीय मजदूर संघ के संस्थापक राष्ट्र ऋषि दत्तोपंत ठेगड़ी का 105वां जन्म दिवस सादगीपूर्ण तरीके से स्वावलंबन दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा ने बताया कि ठेगड़ी जी का जन्म 10 नवम्बर 1920 को महाराष्ट्र के वर्धा में दीपावली के दिन हुआ था। उन्होंने अपने जीवन को राष्ट्र सेवा और कामगारों के हितों के प्रति समर्पित किया। उनके विचार आज भी स्वावलंबन और राष्ट्रनिर्माण की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर दिनेश शुक्ला (विभाग प्रमुख), शशांक मोहन शुक्ल (जिला मंत्री) और वी.सी. शुक्ल (वरिष्ठ उपाध्यक्ष) ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में अनूप श्रीवास्तव, प्रेमचंद्र श्रीवास्तव, विनय सेन, सतीश चंद्र मिश्र आदि मौजूद रहे।

दुख और अंधकार का नाश करती है श्रीमद्भागवतः शास्त्री

सुलतानपुर, अमृत विचारः भदैंया विकास खंड के हरिपुर बनवा गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिवस पर अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास आचार्य आलोक शास्त्री जी महाराज ने कहा कि "श्रीमद्भागवत कथा सुनने और उसे हृदय में बसाने से दुख और अंधकार का नाश होता है। गुरु ही वह साधन है, जो जीव को ब्रह्म से मिलाता है।"

मंगलाचरण, वेद वंदना और पूजन के साथ कथा आरंभ होते ही पूरा वातावरण "राधे-राधे" के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। आचार्य आलोक शास्त्री जी ने कहा कि "श्रीमद्भागवत महापुराण मात्र एक ग्रंथ नहीं, बल्कि यह जीवन को ईश्वर की ओर मोड़ने वाला दिव्य मार्ग है।" उन्होंने गुरू की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान से साक्षात्कार कराने वाला यदि कोई है तो वह केवल गुरू ही है। आगे उन्होंने व्यास जी के तप और शुकदेव जी की ज्ञानगाथा का सुंदर वर्णन किया। कथा परीक्षित के रूप में विजय कुमार मिश्र एवं उनके परिवार सहित क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु भक्तों ने इस पावन कथा का रसपान किया। कार्यक्रम में महेश तिवारी, चिंतामणि तिवारी, दिनेश मिश्रा व समीर मिश्रा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

फूटा गुस्सा

डीएम को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा, सात दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन करने की दी चेतावनी

पंत स्टेडियम में फीस वसूली के विरोध में एसएफआई का प्रदर्शन

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः बुधवार को छात्र संगठन एसएफआई ने पंत स्टेडियम में दौड़ और भर्ती की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं से की जा रही रजिस्ट्रेशन व मासिक फीस वसूली के विरोध में जिला अधिकारी सुलतानपुर को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट प्रीति जैन को सौंपा।

संगठन के राज्य कमेटी सदस्य विवेक विक्रम सिंह ने कहा कि पंत स्टेडियम के निर्माण वर्ष से लेकर 2024 तक किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं वसूला गया, लेकिन अब भर्ती की तैयारी करने वाले युवाओं से जबरन फीस ली जा रही है, जो पूरी तरह गलत है। जिला सचिव दुर्गेश यादव ने कहा कि सुलतानपुर में तैयारी के लिए केवल दो ग्राउंड पुलिस लाइन और पंत स्टेडियम हैं। पुलिस लाइन में आम प्रवेश पहले ही प्रतिबंधित है, अब पंत स्टेडियम में भी फीस वसूली से गरीब छात्रों को बाहर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था केवल अमीर छात्रों के लिए अवसर छोड़ रही है, जिसका हम सख्त विरोध करते हैं। राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सचिव रवि प्रसाद ने बताया कि फीस वसूली शुरू होने के बाद कई छात्रों ने प्रैक्टिस छोड़ दी है, यह युवाओं के साथ अन्याय है। जिला कमेटी सदस्य बलराम गौड़ ने चेतावनी दी कि यदि सात दिन के भीतर वसूली बंद नहीं हुई तो संगठन बड़ा आंदोलन करेगा। प्रदर्शन में दीपक कुमार, अखिलेश, विनय यादव, सत्येंद्र प्रताप सिंह, अतुल पाल, रजनीश, निखिल बारी, सत्यम गौतम, अंकित मौर्य, आकाशदीप, मोहम्मद तसलीम, अंश वर्मा, ज्ञानेंद्र प्रजापति, आदित्य दुबे, अकरम खान, अनिकेत वर्मा व अविरल त्रिपाठी सहित कई छात्र मौजूद रहे।

सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते एसएफआई के लोग।

टैक्सी स्टैंड को लेकर राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी का प्रदर्शन

● प्रदेश प्रभारी सर्वेश कुमार सिंह के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा

संवाददाता, सुलतानपुर : शहर के पयागीपुर और अमहट में संचालित अवैध टैक्सी स्टैंडों के विरोध में राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ ने बुधवार को जिला प्रशासन के खिलाफ सख्त रुख अपनाया। प्रदेश प्रभारी सर्वेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। दूसरा ज्ञापन पुलिस अधीक्षक के माध्यम से सीओ ट्रैफिक को दिया गया। ज्ञापन में कहा गया कि अवैध टैक्सी स्टैंडों से हजारों वाहन बिना अनुमति संचालित हैं, जिससे सरकार को करोड़ों रुपये का नुकसान हो रहा है। यात्रियों से मनमाना किराया वसूला जा रहा और आए दिन विवाद की घटनाएं बढ़ रही हैं। संगठन ने चौकी इंचार्जों की भूमिका संदिग्ध बताते हुए जांच व निलंबन की मांग की। प्रदेश प्रभारी ने कहा कि इन स्टैंडों से शहर की ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। पयागीपुर, कूरेभार और अमहट चौराहों पर ट्रैफिक लाइट लगाने की मांग की गई। संघ ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो राज्यव्यापी आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में जयशंकर दुबे, विनय सिंह 'बिन्नू', पूनम सिंह, उदय मिश्रा, बृजेश श्रीवास्तव 'बंटू', धर्मेंद्र सोनी सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

राशन कार्ड सूची से नाम गायब होने की शिकायत

रुपईडीह : स्थानीय ब्लॉक की ग्राम पंचायत शिवगढ़ में पात्र गृहस्थी योजना के तहत लाभार्थियों में शामिल 12 लोगों का नाम बगैर किसी कारण के निरस्त किए जाने की शिकायत ग्राम प्रधान रमेश कुमार वर्मा ने जिला पूर्ति अधिकारी से की है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा पात्र गृहस्थी योजना के तहत 12 लाभार्थियों का नाम शामिल किया गया था लेकिन पता नहीं किन कारणो से इन लाभार्थियों का नाम सूची से निरस्त कर दिया गया। ऐसी स्थिति में उन सभी को भरण पोषण के लिए दिक्कतें उठानी पड़ रही है।

पुल निर्माण की उठाई मांग

रुपईडीह : स्थानीय ब्लॉक की ग्राम पंचायत पुरैनिया से भुलईडीह जाने वाले मार्ग पर बिशुही नदी पर पुल का निर्माण कराये जाने की मांग जिला पंचायत सदस्य श्रवण कुमार शुक्ल में क्षेत्रीय विधायक बावन सिंह से की है। उन्होंने बताया कि उक्त स्थान पुल का निर्माण न होने से क्षेत्रीय जनता को आवागमन के लिए दिक्कते उठानी पड़ रही है।

अपहृत युवती सकुशल बरामद

धानेपुर : थाना धानेपुर पुलिस ने बुधवार को एक अपहृत युवती को सकुशल बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस टीम ने अपहृता को गोंडा पुलिस ऑफिस के पास से बरामद किया। बरामदगी टीम में उपनिरीक्षक प्रशांत पाण्डेय, मुख्य आरक्षी पवन यादव और महिला आरक्षी अंजली देवी शामिल रहीं। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि प्रकरण में अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है।

अधिवक्ता व बेटों पर चाकू से हमला

गोंडा : अधिवक्ता व उनके दो बेटे पर युवक ने चाकू से हमला बोल दिया, जिससे तीनों लोगों को गंभीर चोट आई है। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरोपी के खिलाफ नगर कोतवाली में तहरीर दी गई है। पुलिस जांच में जुटी हुई है। नगर कोतवाली अंतर्गत खैराबाग के रहने वाले अधिवक्ता अशोक मिश्रा के मुताबिक वह अपने घर पर बने चेंबर में मंगलवार देर शाम बैठे हुए थे, अचानक उनके गांव के ही रहने वाले आरोपी मुन्ना उर्फ इरशाद में चाकू से हमला बोल दिया। शोरगुल सुन कर उनके बेटे मोहित मिश्रा तथा सागर प्रताप उनको बचाने दौड़े , तो आरोपी ने उन पर भी हमला बोल दिया। जब आरोपी ने चाकू से हमला किया तो वह लोग उसको रोकने का प्रयास किया जिससे हाथ में गंभीर चोट लग गई। ग्रामीणों ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। अधिवक्ता की ओर से आरोपी के खिलाफ नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया। सेमरा चौकी इंचार्ज उदित वर्मा ने बताया कि अधिवक्ता पर हमला करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

राष्ट्रीय लोक अदालत 13 दिसंबर को

गोंडा : इस वर्ष 2025 की चौथी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आगामी 13 दिसंबर को किया जाएगा। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जनपद न्यायाधीश के निर्देशन में आयोजित होने जा रही राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। तैयारियों का जायजा लेने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में अपर जिला जज व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दानिश हसनैन ने सभी तहसीलों के तहसीलदारों के साथ बैठक की।

आग लगने से गृहस्थी का सामान जला

इटियाथोक : ग्राम पंचायत बिशनपुर तिवारी में अज्ञात कारणों से आग लग गई। घटना में तीन घर प्रभावित हुए हैं । आग उस समय लगी जब घर के लोग खेत में काम करने गए हुए थे। पीड़ित शेष राम वर्मा ने बताया कि वह राजगीर का काम करते हैं। उनकी पत्नी खेत में काम करने गई थी , इसी दौरान घर में अज्ञात कारणो से आग लग गई। आसपास के लोग जुटे आग को बुझाने का प्रयास किया, जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक शेषराम वर्मा के मडहे के साथ-साथ सूर्यभान और अनंतराम के घर भी चपेट में आ गए। आगजनी में तीन घरों का अनाज, कपड़े, नगदी तथा घरेलू सामान जलकर खाक हो गए।

घायल पत्रकार की इलाज के दौरान मौत

इटियाथोक, गोंडा : सड़क दुर्घटना में घायल इटियाथोक निवासी पत्रकार की उपचार के दौरान लखनऊ में मौत हो गई। ग्राम इटियाथोक के मो अनीस (45) 3 नवंबर को इटियाथोक से धनोहरी रिश्तेदारी में एक शादी कार्यक्रम में जा रहे थे। गिलौली बाजार के पास अचानक जानवर आ जाने से बचने के चक्कर में दुर्घटनाग्रस्त होकर घायल गए थे। मोटरसाइकिल पर पीछे उनकी पत्नी भी बैठी हुई थी। परिजनों को जानकारी होने पर इलाज के लिए गोंडा स्थित ओएन पांडेय अस्पताल में भर्ती कराया गया।

अवैध मिट्टी खनन रोकने पहुंचे लेखपाल पर दबंगों का हमला

नवाबगंज, अमृत विचारः रिंग रोड निर्माण कार्य के दौरान अवैध मिट्टी खनन रोकने पहुंचे लेखपाल पर दबंगों ने हमला कर दिया। सरकारी कार्य में बाधा डालने के साथ ही वीडियो सबूत नष्ट करने का भी प्रयास किया गया। लेखपाल विनीत कुमार मंगलवार को तुलसीपुर मांझा गांव के पूरे राम प्रसाद पुरखा मजरे में जांच के लिए पहुंचे थे। मौके पर प्रमोद यादव पुत्र श्रीपति चौधरी रिंग रोड के कर्मचारियों के साथ जेसीबी, डंपर और लोडर की मदद से मिट्टी खनन कर रहा था। लेखपाल ने जब सरकारी आदेश का हवाला देते हुए खनन रोकने को कहा, तो प्रमोद भड़क उठा और गाली-गलौज करते हुए लेखपाल को जमीन पर गिराकर मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित लेखपाल ने बताया कि विरोध करने पर आरोपी ने धमकी दी मैनेज हो जाओ, नहीं तो अंजाम बहुत बुरा होगा। जब उन्होंने अपने मोबाइल से वीडियो रिकॉर्डिंग शुरू की, तो आरोपी ने मोबाइल छीनकर पानी में फेंक दिया। तहरीर नवाबगंज थाने में दी गई है। पुलिस ने बताया कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की जा रही है।

राहुल की डायरी में दर्ज हैं नेटवर्क से जुड़े लोगों के नाम

संवाददाता, गोंडा

अमृत विचार Follow UP

फॉरेक्स घोटाला

- डायरी कब्जे में लेकर पड़ताल में जुटी है जांच एजेंसी

अमृत विचार : फॉरेक्स ट्रेडिंग घोटाले की जांच जैसे जैसे आगे बढ रही है उसमें कई अहम जानकारियां सामने आ रही है। इस छानबीन में कैप्टर मनी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, क्यूएफएक्स ट्रेड लिमिटेड और यॉर्कर एफएक्स के को फाउंडर बताए जा रहे राहुल सिंह की डायरी जांच एजेंसी के कब्जे में पहुंच गयी है। इस डायरी में नेटवर्क से जुड़े साझेदारों, एजेंटों और वित्तीय सहयेगियों के नाम दर्ज बताए जा रहे हैं। इनमें कुछ नाम बेहद प्रभावशाली माने जा रहे हैं। लेन-देन करने वालों के इलाकाई लोगों के नाम भी दर्ज हैं। जांच एजेंसी इसकी गहराई से पड़ताल कर रही है। माना जा रहा है कि डायरी में दर्ज व्यक्तियों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

राहुल की डायरी में दर्ज कई एंट्री विदेशी खातों और ऑनलाइन वॉलेट से जुड़ी हैं। जांच एजेंसियों के अनुसार, राहुल की डायरी में कोड वर्ड्स और लेनदेन से जुड़ी कई रहस्यमयी प्रविष्टियां दर्ज हैं। कई पन्नों में अहम जानकारी दर्ज है। जिनका सीधा संबंध लविश चौधरी की कंपनी क्यूएफएक्स ट्रेड लिमिटेड से जोड़ा जा रहा है। मंत्रालय के अधिकारियों का कहना है कि इन एंट्रीज का मिलान उन डिजिटल खातों से किया जा रहा है, जिनसे बीते छह महीनों में करीब 25 करोड़ रुपये विदेशी खातों में ट्रांसफर किए गए हैं। राहुल को इन लेनदेन की रूपरेखा तैयार करने और निवेशकों से संपर्क बनाए रखने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। विदेश मंत्रालय की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि राहुल ने दुबई, सिंगापुर और मलेशिया की यात्राओं के दौरान कई नए निवेशक और सहयोगी जोड़े थे। मंत्रालय ने डायरी में दर्ज छह नामों को संभावित साझेदार के रूप में चिह्नित किया है। ये सभी सहयोगी भारत और विदेश में बने डमी खातों और क्रिप्टो वॉलेट्स के माध्यम से रकम ट्रांसफर करने में शामिल बताए जा रहे हैं। राहुल और लविश चौधरी के बीच हुए लेनदेन की हर कड़ी की जांच की जा रही है। राहुल की डायरी से कई बड़े नामों के सामने आने की संभावना है।

लखनऊ के ठिकाने पर सक्रिय है राहुल

राहुल गोमतीनगर और चिनहट स्थित ठिकानों से अब सक्रिय है। यहीं से वह अब अपने पैठ गहरी कर रहा है। राजनीतिक रूप से वह भाजपा के इतर अन्य दलों से जुड़ चुका है। जिससे आने वाले दिनों में दिक्कत बढ़े तो मामले को राजनीतिक रंग दिया जा सके। भाजपा में पैठ बनाने में विदेश राज्यमंत्री की दखल से मुश्किल हुई तो उसने नया पैंतरा चला है। उसने विपक्षी दलों में ठौर खोज लिया है। जिससे कद को कद्दावर बना सके।

सरदार पटेल के पद चिन्हों पर चल कर देश को आगे बढ़ा रहे पीएम

तिरंगा यात्रा में शामिल हुए कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान

संवाददाता, मनकापुर, गोंडा

कार्यक्रम को संबोधित करते कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान। अमृत विचार

अमृत विचार : लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर बुधवार को विधान सभा मनकापुर क्षेत्र में भव्य एकता यात्रा निकाली गई। यात्रा का नेतृत्व पूर्व मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक रमापति शास्त्री ने किया, जबकि यात्रा का संचालन लोकसभा संयोजक विद्याभूषण द्विवेदी और केन्द्रीय वन मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह के प्रतिनिधि यूपी सिंह ने किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के प्रभारी मंत्री एवं कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान रहे।एकता यात्रा झिलाही बाजार से प्रारंभ होकर आरपी आदर्श इंटर कॉलेज मैदान पहुंची। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के बाद मंत्री दारा सिंह चौहान और विधायक रमापति शास्त्री ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. राजा रघुराज प्रताप सिंह के चित्र पर माल्यार्पण किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि सरदार पटेल ने पांच सौ बासठ रियासतों को भारत में मिलाकर देश की एकता का बेजोड़ उदाहरण प्रस्तुत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उन्हीं के पदचिन्हों पर चलकर देश को सशक्त बना रहे हैं। आज भारत किसी के आगे झुकने वाला नहीं है। पूर्व मंत्री रमापति शास्त्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में देश और प्रदेश निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर हैं। इस अवसर पर केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री एवं सांसद कीर्तिवर्धन सिंह ने वर्चुअल माध्यम से उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख जगदेव चौधरी, नगर चेयरमैन दुर्गेश सोनी, सभासद बैभव सिंह,सावित्री देवी, सभासद वैजयंती सिंह, सारिका सिंह समेत उपस्थित रहे।

दहशतगर्दों को पाताल से खोज निकालेंगे : दारा सिंह

दिल्ली ब्लास्ट में शामिल रही डॉक्टर शाहीन का कनेक्शन उत्तर प्रदेश के लखनऊ से आने सामने आने के बाद इंटेलिजेंस फेल्योर की बात उठने लगी है। इस संबंध में जिले के प्रभारी मंत्री दारा सिंह चौहान का कहना है कि यह इंटेलिजेंस फेलियर की बात नहीं है। जिस तरह से देश के गृहमंत्री, देश के रक्षा मंत्री व देश के प्रधानमंत्री ने इस घटना को गंभीरता से लिया है मुझे लगता है की जिसने भी यह दुस्साहस किया है वह चाहे जितना शक्तिशाली हो या जहां का भी होगा जहां से भी उसके तार जुड़े होंगे उसे बक्शा नहीं जाएगा। अगर पाताल में भी होगा तो उसे निकाल करके उसकी सजा दिलाई जाएगी। तिरंगा यात्रा में शामिल होने गोंडा पहुंचे कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने कहा कि निश्चित रूप से मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में इस तरह जो कुत्सित कार्य करने वाले लोग है वहां पर बाबा का बुलडोजर पहुंचा है।

भक्ति और विनम्रता ही ईश्वर तक पहुंचने का मार्ग : पं. विनोद

नवाबगंज : स्थानीय नगर के पड़ाव मोहल्ले में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास आचार्य पं. विनोद शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण की मनोहर बाल लीलाओं का जब भावपूर्ण वर्णन किया, तो पूरा पंडाल भक्ति रस में डूब गया। पं. शास्त्री ने कहा कि जब संसार में अन्याय और अहंकार बढ़ जाता है, तब ईश्वर स्वयं अपने भक्तों की रक्षा के लिए अवतरित होते हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने बाल्यकाल में ही ब्रजवासियों को सिखाया कि प्रकृति और कर्म ही सच्चे देवता हैं। उन्होंने इंद्र के अभिमान को चूर करने के लिए अपनी कनिष्ठा अँगुली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा की। यह प्रसंग सिखाता है कि भक्ति और विनम्रता ही ईश्वर तक पहुंचने का सच्चा मार्ग हैं। समापन पर मुख्य यजमान विमला देवी ने अपने पुत्रों विंध्य प्रकाश त्रिपाठी और आनन्द प्रकाश त्रिपाठी के साथ भगवान श्रीकृष्ण की आरती उतारी। इस अवसर पर गजेंद्र त्रिपाठी, कैलाश त्रिपाठी, अवधेश त्रिपाठी, इंद्रभूषण पांडेय, शनि मिश्रा, उत्कर्ष पांडेय, सौर्य पांडेय, आदित्य पांडेय सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

आग का गोला बनी स्कूल वैन

आग की लपटों से घिरी स्कूल वैन। अमृत विचार

- मौके पर जुटे ग्रामीणों ने सभी बच्चों को बचाया

गोंडा, अमृत विचारः गोंडा अयोध्या मार्ग पर बनघुसरा गांव के समीप बुधवार को बच्चों को लेकर जा एक स्कूल वैन आग का गोला बन गई। हालांकि आग लगते ही ड्राइवर ने सूझबूझ का परिचय देते हुए वैन को रोक लिया और मौके पर जुटे ग्रामीणों ने सभी बच्चों को सकुशल बाहर निकाल लिया।

सर सेंट जोसेफ स्कूल की वैन बुधवार को स्कूल में छुट्टी होने के बाद बच्चों को उनके घर छोड़ने जा रही थी। वैन में बनघुसरा गांव के बच्चे ही बैठे थे। वैन जैसे ही गांव के करीब सिंह ट्रेडर्स के पास पहुंची कि अचानक उसमें आग लग गयी। वैन से आग की लपटें निकलती देख चालक ने तत्काल उसे सड़क किनारे रोक लिया। तब तक ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए और तत्परता दिखाते हुये सभी बच्चों को बाहर निकाल लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक वैन गैस से संचालित हो रही थी। कुछ ही देर बाद वैन पूरी तरह से आग की चपेट में आ गयी और पूरी तरह जलकर राख हो गयी। सिंह ट्रेडर्स के संचालक दिवाकर सिंह ने बताया कि हनी मत रही कि ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और बच्चों को समय रहते बाहर निकाल लिया गया वरना एक बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के वक्त वैन में करीब 8 से 10 बच्चे सवार थे।

मतदेय स्थलों की सूचियों का आलेख्य प्रकाशन

18 नवम्बर तक दे सकेंगे सुझाव

गोंडा, अमृत विचार : भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में जिले के विभिन्न विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मतदेय स्थलों की सूचियों का आलेख्य प्रकाशन कर दिया गया है। यह प्रकाशन लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 25 के तहत किया गया है।

अपर जिलाधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक कुमार ने बताया कि विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमशः 295 मेहनौन, 296 गोंडा, 297 कटराबाजार, 298 करनैलगंज, 299 तरबगंज, 300 मनकापुर (अ.जा.) और 301 गौरा के लिए मतदान स्थलों की सूची तैयार कर ली गई है और उसका प्रकाशन 10 नवम्बर 2025 को किया गया। यह सूचियां सभी कार्य दिवसों में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी / उपजिलाधिकारी गोंडा, करनैलगंज, तरबगंज, मनकापुर तथा जिला निर्वाचन कार्यालय, गोंडा में निःशुल्क निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेंगी। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि 18 नवम्बर 2025 को वर्तमान सांसद, विधायक एवं मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी। प्राप्त शिकायतों एवं सुझावों के निस्तारण के उपरांत मतदेय स्थलों की सूचियों को अंतिम रूप दिया जाएगा।

बीएसए व समन्वयकों पर लटकी गिरफ्तारी की तलवार

- मंगलवार देर रात निलंबित किए गए बीएसए अतुल तिवारी
- फर्नीचर सप्लाई में 2.25 करोड़ रुपये कमीशन मांगने के मामले में दर्ज है एफआईआर

गोंडा, अमृत विचारः परिषदीय सस्कूलों में फर्नीचर सप्लाई के नाम पर 2.25 करोड़ रुपये कमीशन मांगने के मामले में निलंबित होने के बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल तिवारी की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। निलंबन की कार्रवाई के बाद अब उन पर गिरफ्तारी की तलवार लटकने लगी है। बीएसए के साथ ही एफआईआर में नामजद किए गए दोनों जिला समन्वयकों पर भी जल्द ही कार्रवाई होने की संभावना है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल तिवारी के खिलाफ हरियाणा के गुरुग्राम में संचालित नीमन सीटिंग सल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक मनोज पांडेय ने एंटी करप्शन कोर्ट के आदेश पर नगर कोतवाली में एफआईआर दर्ज करायी है। आरोप है कि बीएसए ने फर्नीचर सप्लाई के नाम पर मनोज पांडेय से 2.25 करोड़ रुपये के कमीशन की मांग की और बतौर एडवांस 22 लाख रुपये ले लिए। जिला समन्वयक (जेम) प्रेम शंकर मिश्र व जिला समन्वयक निर्माण विद्या भूषण मिश्र ने भी कमीशन को तौर पर दो दो लाख रुपये लिए, लेकिन कमीशन लेने के बाद भी बीएसए ने मनोज पांडेय की फर्म को ब्लैक लिस्ट कर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी। इससे आहत मनोज पांडेय ने एंटी करप्शन कोर्ट गोरखपुर में पूरे मामले की शिकायत करते हुए कोर्ट के आदेश पर नगर कोतवाली में बीएसए व दोनों जिला समन्वयको के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी है। एफआईआर दर्ज होने के बाद आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील व डीएम प्रियंका निरंजन ने शासन को अपनी रिपोर्ट भेजी थी।

इस रिपोर्ट के आधार पर मंगलवार की देर शाम शासन ने बीएसए अतुल तिवारी को निलंबित कर दिया है। निलंबन के बाद अब बीएसए व उनके अधीनस्थों पर गिरफ्तारी की तलवार लटक गयी है। माना जा रहा है कि पुलिस इस मामले में जल्द ही कार्रवाई कर सकती है। हालांकि सीओ आनंद राय का कहना है कि अभी तथ्यों की पड़ताल की जा रही है। साक्ष्य संकलन की कार्रवाई पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

बर्खास्त किए जा सकते हैं दोनों जिला समन्वयक

कमीशन खोरी के मामले में बीएसए के निलंबन के बाद जिला समन्वयक प्रेम शंकर मिश्रा व जिला समन्वयक निर्माण विद्याभूषण मिश्रा पर बर्खास्तगी की कार्रवाई तय मानी जा रही है। हालांकि शासन स्तर से अभी दोनों के भूमिका की जांच की जा रही है लेकिन जिस तरह से इन पर कमीशन खोरी के आरोप लगाए गए हैं और एंटी करप्शन कोर्ट में व्हाट्सएप चैट प्रस्तुत किया गया है उसके बाद यह दोनों भी सरकार के राडार पर हैं। इन दोनों जिला समन्वयकों की तैनाती आउटसोर्सिंग के माध्यम से है। ऐसे में भ्रष्टाचार के खिलाफ योगी सरकार की जीरो टालरेंस नीति को देखते हुए यह माना जा रहा है कि देर सबेर इन दोनों के खिलाफ भी कार्रवाई हो सकती है।

हाईकोर्ट से याचिका वापस ले चुके हैं बीएसए

एंटी करप्शन कोर्ट के आदेश पर दर्ज एफआईआर को रद्द करने की मांग को लेकर बीएसए ने लखनऊ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। न्यायमूर्ति अब्दुल मोईन और न्यायमूर्ति राजीव भारती की खंडपीठ ने 7 नवंबर को इस याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया था लेकिन सुनवाई से ठीक बीएसए को आभास हो गया था कि फैसला उनके विपरीत होगा इसलिए सुनवाई से पहले ही उन्होने अपने अधिवक्ता के माध्यम से याचिका वापस लेने का प्रार्थना पत्र उच्च न्यायालय में दाखिल कर दिया था। उच्च न्यायालय ने इसे स्वीकार करते हुए याचिका को खारिज कर दिया था।

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के वरिष्ठ सहायक को ईओडब्ल्यू ने किया गिरफ्तार

- गाजीपुर जिले में मार्जिन मनी ऋण का गबन करने का है आरोप

गोंडा, अमृत विचारः गाजीपुर जिले में अपनी तैनाती के दौरान मार्जिन मनी ऋण का गबन करने वाले पटल सहायक को आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ईओडब्ल्यू) की टीम ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किया गया आरोपी इमरान जिले के अल्पसंख्यक कल्याण विभाग में वरिष्ठ सहायक के पद पर तैनात था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस उसे अपने साथ गाजीपुर ले गई है।

उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक वित्तीय एवं विकास निगम लिमिटेड जवाहर भवन लखनऊ की तरफ से जनपद गाजीपुर में वर्ष 1996 से अप्रैल 2000 के मध्य मार्जिन मनी ऋण का वितरण किया गया था। इसमें इमरान ने अन्य अधिकारियों के साथ मिलकर फर्जी अभिलेख तैयार किया और निगम मुख्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों से मिलीभगत कर फर्जी नाम पते से जिला प्रबंधक उत्तर प्रदेश वित्तीय एवं विकास निगम गाजीपुर/अपर जिला विकास अधिकारी (समाज कल्याण) जनपद गाजीपुर व सम्बन्धित बैंक की फर्जी तौर पर औपचारिकताएं पूर्ण कर मार्जिन मनी के रूप में 11 लाख रुपये निकाल कर गबन कर लिया। इस मामले में गाजीपुर जिले में गबन, जालसाजी व साजिश रचने समेत अन्य कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था और जांच आर्थिक अपराध अनुसंधान शाखा वाराणसी को सौंपी गयी थी। जांच के दौरान इस मामले में इमरान समेत 13 आरोपियों की संलिप्तता पायी गयी थी। बुधवार को ईओडब्ल्यू की टीम ने आरोपी इमरान को विकास भवन स्थित अल्पसंख्यक कार्यालय से गिरफ्तार कर लिया। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रमेशचंद्र ने बताया कि लखनऊ के बाग ऐना बीवी हुसेनगंज का रहने वाला मोहम्मद इमरान उत्तर प्रदेश अल्प संख्यक वित्त एवं विकास निगम में वरिष्ठ सहायक को पद पर कार्यरत है।

उपलब्धि | 120 में से मिले 107 अंक, 89 .17 प्रतिशत सफलता के साथ अव्वल आया मंडल

जन शिकायतों के निस्तारण में देवीपाटन मंडल प्रदेश में पहले स्थान पर

गोंडा, अमृत विचारः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों पर संचालित एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) पोर्टल पर आने वाली शिकायतों के निस्तारण में देवीपाटन मंडल को पूरे प्रदेश में पहला स्थान मिला है। अक्टूबर 2025 की रैंकिंग में मंडल ने 120 में से 107 अंक अर्जित किए हैं और 89.17 प्रतिशत की सफलता दर प्राप्त की है। यह उपलब्धि पिछले माह की तुलना में 2.50 प्रतिशत अधिक है।

शशि भूषण लाल सुशील, आयुक्त देवी पाटन मंडल। अमृत विचार

आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में देवीपाटन मंडल पहले भी कई बार प्रदेश में शीर्ष स्थान प्राप्त कर चुका है। शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष और समयबद्ध निस्तारण के लिए मंडल प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी की जाती है। आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील के नेतृत्व में मंडल के सभी चारों जिलों श्रावस्ती, बहराइच, गोंडा और बलरामपुर में शिकायत निस्तारण की प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाया गया है। आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी क्रम में प्रत्येक माह वह खुद सभी जिलों की शिकायतों की समीक्षा करते हैं और रेंडम रूप से पांच शिकायतकर्ताओं से फोन के माध्यम से फीडबैक भी लेते हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि शिकायतों पर वास्तविक कार्रवाई हुई है या केवल औपचारिक रिपोर्ट लगाई गई है। इस पहल ने निस्तारण की गुणवत्ता और पारदर्शिता को नया आयाम दिया है।

आयुक्त ने कहा कि देवीपाटन मंडल में विभागवार शिकायतों की समीक्षा और निस्तारण की रफ्तार पर निरंतर मॉनीटरिंग की जा रही है। प्रत्येक माह विभागीय आख्या की जांच भी की जाती है। यदि किसी शिकायत में लापरवाही या सतही निस्तारण की शिकायत मिलती है तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाती है।

मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद कार्यक्रम की अहम भूमिका

जन शिकायतों का निस्तारण में पहला स्थान प्राप्त करने में सबसे अहम भूमिका मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद कार्यक्रम की रही है। महिलाएं और बेटियों की समस्या के समाधान के लिए आयुक्त की तरफ यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। संवाद के दौरान महिलाओं की तरफ से रखी गई समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाता है, जिससे महिला सशक्तिकरण की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकें। आयुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में शिकायत निवारण प्रणाली को पूरी तरह तकनीकी और पारदर्शी बनाया गया है। आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से आम नागरिकों को अपने घर से ही शिकायत दर्ज कराने और समाधान की स्थिति जानने की सुविधा मिल रही है। इस पोर्टल ने न केवल प्रशासनिक कार्यप्रणाली में सुधार किया है, बल्कि शासन की जवाबदेही भी बढ़ाई है।

भूमि विवाद को जलाया आशियाना

तरबगंज : ग्राम पंचायत रांगी के मजरा कुरमिन पुरवा में दबंगों पर जमीनी विवाद को लेकर गरीब का घर जला देने का आरोप है। पीड़ित महिला किरन पत्नी दीनबंधु ने गांव के चार लोगों के खिलाफ शिकायत करतें हुए बताया कि सोमवार सुबह जमीनी विवाद के चलते पंकज उर्फ राकेश, संतोष, स्वामी दयाल और आशीष ने उनके मड़हे में आग लगा दी। आरोपियों ने अपने परिवार के साथ मिलकर पीड़ित परिवार के सदस्यों को लाठी-डंडों और थप्पड़ों से मारा पीटा है। मारपीट में दीनबंधु और ब्रह्मादीन को चोटें आई हैं। पीड़ित परिवार ने बताया कि सूचना देने के बाद भी पुलिस ने तत्काल कोई कार्रवाई नहीं की थी। प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है। जांच कार्रवाई जा रही है।

अब सीवेज की समस्या से मिलेगी राहत

जिलाधिकारी ने एक माह में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) चालू करने के दिए निर्देश

संवाददाता, बलरामपुर

अमृत विचार। नगर पालिका क्षेत्र में लंबे समय से गंदे पानी की निकासी और बदबू से परेशान लोगों को जल्द राहत मिलने वाली है। जिला मजिस्ट्रेट विपिन कुमार जैन ने मंगलवार को निर्माणाधीन सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का निरीक्षण कर कार्यदायी संस्था को एक माह के भीतर सभी कार्य पूर्ण कर प्लांट चालू करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने कहा कि यह परियोजना शहर की स्वच्छता और जनस्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। एसटीपी चालू होने से नालों का गंदा पानी सीधे शोधन के बाद निकलेगा, जिससे पर्यावरण प्रदूषण में कमी आएगी और आसपास के मोहल्लों में गंदगी व दुर्गंध की समस्या समाप्त होगी।

इसके बाद डीएम ने पाइप लाइन बिछाने और सड़क मरम्मत कार्यों का भी जायजा लिया। उन्होंने मौके पर स्थानीय लोगों से बातचीत कर फीडबैक लिया। कई नागरिकों ने बताया कि खुदाई के बाद सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया है। इस पर डीएम ने कार्यदायी संस्था को क्षतिग्रस्त सड़कों को शीघ्र पुनर्निर्मित कर सुगम यातायात सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

एसटीपी कार्य का निरीक्षण करते डीएम। अमृत विचार

डिजिटल व्यवस्था से जन्म व मृत्यु पंजीकरण हुआ आसान

बलरामपुर, अमृत विचार। बलरामपुर में अब जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी हो गई है। स्वास्थ्य विभाग की सतत निगरानी और बेहतर समन्वय के चलते यह व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो रही है, जिससे नागरिकों को बड़ी राहत मिली है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी के निर्देशन में सभी नगर निकायों, ग्राम पंचायतों एवं स्वास्थ्य संस्थानों में जन्म-मृत्यु की ऑनलाइन प्रविष्टियाँ समयबद्ध तरीके से की जा रही हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक घटना की सूचना निर्धारित समयावधि में दर्ज की जाए ताकि लोगों को प्रमाणपत्र प्राप्त करने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। सीएमओ ने बताया कि पंजीकरण प्रणाली को और अधिक सुगम और पारदर्शी बनाने के लिए प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए हैं, जिनमें स्वास्थ्यकर्मियों और पंचायत अधिकारियों को पोर्टल के उपयोग की जानकारी दी गई है। उन्होंने कहा कि जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र नागरिकों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण दस्तावेज हैं, जो कई सरकारी योजनाओं में आवश्यक हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, जनपद में पंजीकरण दर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और बलरामपुर राज्य के अग्रणी जिलों में शामिल होने की दिशा में तेजी से अग्रसर है।

न्यूज ब्रीफ

आज निकलेगी विशाल एकता पदयात्रा

बलरामपुर। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर आज 13 नवंबर को सदर विधानसभा क्षेत्र में एकता पदयात्रा एवं जनसभा का आयोजन होगा। मंगलवार को विधायक पलटू राम की अध्यक्षता में तैयारी बैठक हुई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। जिला प्रभारी मंत्री राकेश सचान मुख्य अतिथि होंगे। पदयात्रा बहादुरापुर पंचायत भवन से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए भगवती आदर्श विद्यालय धर्मपुर खेल मैदान पर जनसभा के साथ संपन्न होगी। सदर विधायक ने बताया कि कार्यक्रम में चाउरखाता, श्रीदत्तगंज, गौरा, नगर व देहात मंडल के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में भाग लेंगे।

फाइनल में पहुंची चैनपुर निश्चलपुर की की टीम

बलरामपुर। कोतवाली जरवा पुलिस टीम, ग्राम प्रधान अरशद खान और ग्रामीणों के सहयोग से आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबले में चैनपुर निश्चलपुर की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए बसंतपुर जनकपुर को 15 प्वाइंट के अंतर से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। अगला मैच सोनगढ़ा मुतेहरा और बालापुर जरवा की टीमों के बीच जनजातीय विद्यालय बालापुर में खेला जाएगा।

स्कूल को दी सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन

गोंडा: महिला स्वास्थ्य जागरूकता के प्रति भारत विकास परिषद द्वारा केंद्रीय नेतृत्व व क्षेत्रीय संगठन मंत्री विक्रांत खंडेलवाल, प्रांतीय अध्यक्ष देवेंद्र स्वरूप शुक्ला व प्रांतीय महासचिव शशिकांत सक्सेना के निर्देशन में पूरे देश में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में भारत विकास परिषद गोनार्द शाखा गोंडा द्वारा श्री गुरु नानक बालिका उच्तर माध्यमिक विद्यालय को एक सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन प्रदान किया गया।

डॉ. शैफाली पंड्या ने सौंपी मशाल

पचपेड़वा, बलरामपुर। लखीमपुर में आयोजित नारी उत्कर्ष समारोह के पांच दिवसीय आयोजन के चौथे दिन की सायंकालीन बेला भक्ति, उत्साह और ऊर्जा से भरपूर रही। हजारों नारी शक्तियों की उपस्थिति में हुए महा दीपयज्ञ में अखिल विश्व गायत्री परिवार की प्रमुख डॉ. शैफाली पंड्या ने महिलाओं का आह्वान करते हुए कहा कि "इक्कीसवीं सदी नारी सदी है" — अब समय आ गया है कि हर महिला अपनी शक्ति और क्षमता को पहचाने तथा समाज परिवर्तन की अग्रदूत बने।

कार बेचने के बाद नहीं मिली पूरी रकम

नवाबगंज: लौव्वाबीरपुर गांव के तिवारी पुरवा मजरा निवासी सुनील यादव पुत्र महादेव ने कार खरीद-फरोख्त के नाम पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पीड़ित ने बताया कि करीब चार माह पूर्व उसने अपनी स्विफ्ट डिजायर कार 95 हजार रुपये में साहिल निवासी हजरतपुर गोंडा को बेची थी। साहिल ने सौदे के समय 40 हजार रुपये खाते में ट्रांसफर किए और गाड़ी लेकर चला गया। वादा किया था कि गाड़ी ट्रांसफर कराते समय शेष 55 हजार रुपये अदा करेगा, लेकिन अब तक न तो उसने पैसे लौटाए और न ही गाड़ी अपने नाम ट्रांसफर कराई। प्रभारी थाना अध्यक्ष विश्वास चतुर्वेदी ने बताया कि पीड़ित की मामले की जांच की जा रही है।

राजकुमार बने संरक्षक

गोंडा। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की देवीपाटन मंडल इकाई के पदाधिकारियों की एक बैठक बुधवार को सिंचाई डाक बंगले में आयोजित की गयी। संगठन में शामिल हुए जिले के वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार सिंह को संगठन का संरक्षक व कप्तान सिंह तथा दिनेश पाठक को मंडल महामंत्री मनोनीत किया गया।

रेलवे स्टेशन पर गिरे किसान की मौत

गोंडा: रेलवे स्टेशन पर सीढ़ी चढ़ते समय चक्कर आने से गिरे किसान की मौत हो गई। नरौरा भर्रापुर के जगरूप सिंह (55) हृदय रोग से पीड़ित थे। मंगलवार को दवा लेने के लिए लखनऊ जा रहे थे। गोंडा रेलवे स्टेशन पर सीढ़ी पर चढ़ते समय अचानक उन्हें चक्कर आ गया और वह सीढ़ी से नीचे गिर गए।

सब्जी विक्रेता घायल

नवाबगंज: लौव्वाबीरपुर गांव में मंगलवार की रात तेज रफ्तार बाइकों की लापरवाही का शिकार एक सब्जी विक्रेता हो गया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि दोनों बाइक सवार मौके से फरार हो गए। रघुनाथ तिवारी पुरवा मजरा निवासी अजय तिवारी पुत्र छेदी लाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह नवाबगंज सीएचसी के सामने सब्जी की दुकान लगाता है।

तुलसीपुर में निकली एकता पदयात्रा

बलरामपुर, अमृत विचार। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर जनपद में आयोजित एकता पदयात्रा कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत बुधवार को तुलसीपुर विधानसभा क्षेत्र में भव्य पदयात्रा निकाली गई।

यह यात्रा श्री गायत्री मंदिर, बल्देव नगर से आरंभ होकर श्री मोहन बाबा मंदिर, ललिया में संपन्न हुई। पदयात्रा में सैकड़ों कार्यकर्ता, किसान, मजदूर और व्यापारी शामिल हुए। पूरा वातावरण "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" और देशभक्ति के नारों से गूंज उठा। पदयात्रा का नेतृत्व पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष मुकुट बिहारी वर्मा, विधान परिषद सदस्य अवधेश सिंह मंजू, लोकसभा प्रभारी शंकर दयाल पांडेय, कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अजय सिंह पिंकू, विधायक कैलाश नाथ शुक्ल और जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी ने किया।

पदयात्रा में शामिल भाजपा विधायक, पदाधिकारी और कार्यकर्ता। अमृत विचार

- **लौह पुरुष सरदार पटेल के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प**

इस अवसर पर जिला महामंत्री विष्णुदेव गुप्ता, जिला मंत्री राम प्रसाद सिंह, अवधेश तिवारी तरुण, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष संदीप वर्मा, विनय मिश्रा, शेरावली शुक्ला, सभी मंडल अध्यक्ष और महामंत्री सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। समापन अवसर पर वक्ताओं ने सरदार पटेल के जीवन, देश की एकता और अखंडता में उनके योगदान पर प्रकाश डाला और उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

'पलवनी प्राणायाम' ने बांधा शमां

बलरामपुर। एमएलके पीजी कॉलेज के शिक्षा संकाय (बी. एड. विभाग) द्वारा आयोजित पाँच दिवसीय योग प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का भव्य समापन समारोह कॉलेज के स्विमिंग पूल परिसर में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। समापन सत्र में प्राचार्य प्रो. जे.पी. पांडेय, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डी.पी. सिंह बैस, तथा योगाचार्य डॉ. वीरेन्द्र विक्रम सिंह सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। छात्र-छात्राओं ने अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण योगाचार्य डॉ. वीरेन्द्र विक्रम सिंह द्वारा प्रस्तुत "पलवनी प्राणायाम" रहा, जिसमें जल के भीतर श्वास नियंत्रण और शारीरिक संतुलन का प्रदर्शन किया गया।

भारत-नेपाल सीमा पर बढ़ी सतर्कता

संवाददाता, बलरामपुर

अमृत विचार। दिल्ली में हुई आतंकी घटना के बाद भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता और बढ़ा दी गई है। लगभग 82 किलोमीटर लंबी खुली सीमा वाले बलरामपुर जनपद में पुलिस और एसएसबी के जवान चौकन्ने हो गए हैं। सीमावर्ती क्षेत्रों में वाहनों, बसों और पैदल आने-जाने वालों की गहन तलाशी ली जा रही है।

भारत और नेपाल के बीच सदियों पुराना "रोटी-बेटी का रिश्ता" रहा है। लोग रोजमर्रा की जरूरतों के लिए दोनों देशों के बाजारों में आना-जाना करते हैं। हालांकि, इसी आपसी आवाजाही का फायदा कुछ असामाजिक तत्व उठाते हैं— वे भारत की वस्तुएं नेपाल में ले जाकर महंगे दामों पर बेचते हैं, वहीं नेपाल से ऊनी वस्त्र भारत लाकर बिक्री करते हैं।

नेपाल बॉर्डर पर गश्त करती पुलिस और सशस्त्र सीमा बल की टीम। अमृत विचार

पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया कि देश में जारी अलर्ट को देखते हुए बलरामपुर में "सतर्कता एवं सुरक्षा अभियान" चलाया जा रहा है। सिद्धार्थनगर से बलरामपुर आने वाली हर बस, चारपहिया और दुपहिया वाहनों की जांच की जा रही है। नेपाल से पगडंडी मार्गों से आने-जाने वालों की भी सघन तलाशी कराई जा रही है ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई की जा सके।

पूर्ति कार्यालय के निरीक्षण के दौरान मिली गड़बड़ी

गोंडा, अमृत विचारः पात्रों का राशन कार्ड नहीं बन पा रहा है। समस्या का समाधान जिला पूर्ति कार्यालय से नहीं हो रहा है। लगातार शिकायत तो को देखते हुए बुधवार को उपायुक्त खाद्य देवी पाटन मंडल विजय प्रभा ने जिला पूर्ति कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। कार्यालय निरीक्षण के दौरान कई पूर्ति निरीक्षक नदारद भी मिले। उपायुक्त खाद्य ने जिला पूर्ति अधिकारी कुंवर दिनेश प्रताप सिंह से राशन कार्ड जारी करने में आ रही समस्याओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने निरीक्षण के दौरान पूछा कि पात्रों का राशन कार्ड क्यों नहीं बन रहा है। क्या समस्या आ रही है। निरीक्षण के दौरान ही कई आवेदक पूर्ति कार्यालय में घूमते नजर आए जिस पर उपायुक्त खाद्य ने नाराजगी भी जताई। उन्होंने आवेदन तथा जारी किए जाने राशन कार्ड आधार के बारे में व्यापक जानकारी। पूर्ति विभाग की ओर से कई सवालों के जवाब न मिलने पर उन्होंने चेतावनी भी दी। कुछ शिकायतें यह थी कि ब्लॉक स्तर से पात्रता का चयन करने के बाद पूर्ति विभाग आवेदन पहुंचा लेकिन जिला पूर्ति अधिकारी के पोर्टल से आवेदन गायब मिले जिस पर उन्होंने व्यापक रूप से रिपोर्ट मांगी है। जो राशन कार्ड जारी किए गए उनका अनुमोदन किस स्तर से प्राप्त हुआ इसके बारे में भी रिपोर्ट मांगी गई है।

- **राशन कार्ड जारी करने में गड़बड़ी को लेकर भेजी जायेगी रिपोर्ट**

दिव्यांग विद्यार्थियों को मिलेगा प्रतिभा दिखाने का अवसर

गोंडा: दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं प्रतिभा संवर्द्धन के उद्देश्य से उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र प्रयागराज में आगामी 20 से 22 नवम्बर 2025 तक दिव्य कला एवं कौशल प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं की उत्कृष्ट कलाकृतियों, तकनीकी नवाचारों, अनुसंधान और उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा। इस प्रदर्शनी में विशेष रूप से दिव्यांग विद्यार्थियों को अपनी कला, तकनीकी दक्षता और नवाचार प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। इसके माध्यम से न केवल प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को मंच मिलेगा, बल्कि उनके कार्यों को प्रोत्साहन और पहचान भी मिलेगी। जनपद के विश्वविद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत दिव्यांग छात्र-छात्राओं से आग्रह किया गया है कि वे इस प्रदर्शनी में प्रतिभाग के लिए शीघ्र अपना पंजीकरण संबंधित कार्यालय में कराएं।

थारू संस्कृति से रूबरू हुए बच्चे

बलरामपुर, अमृत विचार। जनजातीय गौरव पखवाड़ा के अंतर्गत शारदा पब्लिक स्कूल में मंगलवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन 1 से 15 नवंबर तक चल रहे जनजातीय समुदाय सप्ताह का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को जनजातीय समाज की गौरवशाली संस्कृति, परंपराओं और योगदान से परिचित कराना है।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उर्मिला देवी रहीं, जो थारू जनजाति से संबंध रखती हैं और इमलिया कोराड, पचपेड़वा की निवासी हैं। वे पारंपरिक जनजातीय वेशभूषा में विद्यालय पहुंचीं, जिससे पूरा वातावरण सांस्कृतिक रंग में रंग गया। उर्मिला देवी ने बच्चों को अपनी जनजातीय जीवनशैली, पूजा-पद्धति, खान-पान, पहनावा और सामाजिक मूल्यों के बारे में बड़ी आत्मीयता और सरल भाषा में बताया। उन्होंने बच्चों के सवालों के जवाब देते हुए थारू समाज की एकता, अनुशासन और पर्यावरण से जुड़ाव के महत्व पर प्रकाश डाला।

शारदा पब्लिक स्कूल में बच्चों को थारू संस्कृति की जानकारी देतीं उर्मिला देवी।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने उर्मिला देवी का आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति की विविधता और एकता के भाव को सशक्त बनाते हैं। कार्यक्रम विद्यालय में शिक्षा और संस्कृति का सुंदर संगम साबित हुआ।

छात्रों ने थारूओं की जीवनशैली को समझा

बलरामपुर। एमएलके पीजी कॉलेज, बलरामपुर के समाजशास्त्र विभाग के स्नातक एवं परास्नातक छात्र-छात्राओं का एक दल बुधवार को चित्तौड़गढ़ बांध और इमिलिया कोडर थारू संग्रहालय के शैक्षिक भ्रमण पर गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने के साथ-साथ थारू जनजाति की सामाजिक और सांस्कृतिक जीवनशैली को करीब से समझा। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जे.पी. पांडेय के निर्देशन में तथा विभागाध्यक्ष डॉ. अनामिका सिंह के नेतृत्व में यह दल कॉलेज के स्टैच्यू हॉल से रवाना हुआ। छात्रों ने चित्तौड़गढ़ बांध के प्राकृतिक दृश्यों और पक्षी जीवन का अवलोकन किया। भ्रमण दल में डॉ. ओमप्रकाश सिंह, डॉ. दिनेश तिवारी, डॉ. अर्चना शुक्ला, सीमा पांडेय और नीरज पांडेय शामिल रहे। भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को मैदानी अनुभव के माध्यम से समाजशास्त्रीय अवधारणाओं की व्यावहारिक समझ विकसित कराना रहा।

पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण

मनकापुर, अमृत विचारः बुधवार को पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने मनकापुर कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कोतवाली परिसर, अभिलेख, मालखाना, हवालात, आरक्षी बैरक, भोजनालय, शस्त्रागार, महिला सहायता कक्ष, मिशन शक्ति केंद्र, बीट सूचना एवं आगंतुक रजिस्टर का बारीकी से निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान एसपी ने अभिलेखों के रखरखाव, साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि कोतवाली पुलिस अनुशासन और जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण पेश कर रही है। उन्होंने प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह की कार्यशैली की प्रशंसा की और समस्त पुलिसकर्मियों को अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा और जनसंपर्क को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। एसपी ने समयबद्ध जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मनकापुर कोतवाली के निरीक्षण के दौरान चौकीदारों को टॉर्च, कंबल देते एसपी।

श्रीकृष्ण जन्म के गूंजे जयकारे

करनैलगंज, अमृत विचार : स्थानीय क्षेत्र में ग्राम लालेमऊ में चल रही श्रीमद्भागवत कथा मे बीती रात कथा व्यास डॉ. महीधर शुक्ल महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण जन्म लीला का दिव्य वर्णन किया। जैसे ही उन्होंने श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग सुनाया तो जय कन्हैया लाल की के जयघोष से पूरा पंडाल गूंज उठा।

भक्ति, उल्लास और आनंद से श्रद्धालु झूम उठे, वातावरण में हरि-नाम की ध्वनि व्याप्त हो गई। इस अवसर पर कथा स्थल पर पहुंचे कर क्षेत्रीय विधायक अजय सिंह का मुख्य जजमान गोविंद प्रसाद दीक्षित एवं विद्यावती दीक्षित ने उनके सहयोगियों संग भव्य स्वागत किया।

विधायक ने व्यासपीठ पर पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद लिया और कथा के आयोजकों की सराहना की। इस मौके पर देवेंद्र प्रताप दीक्षित, सुरेंद्र प्रताप दीक्षित, अरुण वैश्य, राजकुमार मिश्रा, भाजपा जिला मंत्री संदीप सिंह मोनू, विधायक प्रतिनिधि सूरज सिंह, धर्मेंद्र तिवारी सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। श्रद्धालुओं ने कथा व्यास का फूल-मालाओं से अभिनंदन कर कथा का आनंद लिया।

भक्ति, नाम और आस्था की सीख देती श्रीमद्भागवत कथाः राधेश्याम शास्त्री

नवाबगंज: खरगुपुर गांव के मौहारी मजरे में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन बुधवार को भागवत भूषण कथा व्यास राधेश्याम शास्त्री ने भक्तों को प्रियव्रत, अजामिल, वृत्तासुर, जड़भरत और प्रह्लाद की कथाओं का भावपूर्ण वर्णन सुनाया। कथा व्यास ने अजामिल प्रसंग सुनाते हुए बताया कि जब मनुष्य मोह और पाप के मार्ग पर भटक जाता है, तब भी प्रभु का नाम उसके उद्धार का कारण बन सकता है। अजामिल ने अपने जीवन के अंतिम क्षण में अपने पुत्र का नाम पुकारते हुए "नारायण" शब्द उच्चारित किया और उसी नामस्मरण के प्रभाव से उसे मोक्ष की प्राप्ति हुई। यह कथा नाम-जप और भक्ति की महिमा को प्रकट करती है। इसके बाद प्रह्लाद चरित्र के माध्यम से उन्होंने बताया कि सच्चे भक्त की रक्षा स्वयं भगवान करते हैं।

कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बलरामपुर।

पत्रांकः मु0चि0अ0/एनएचएम/का0आडिट/नोटिस/2025–26/17322–1 दिनांकः 12.11.2025

SELECTION OF DISTRICT CONCURRENT AUDITOR-REQUEST FOR PROPOSAL GEM Bid-NOTICE

FOR HIRING SERVICES OF Chartered Accountants Firm For Concurrent Audit of Districts Health Society (DHS) for the F.Y. 2023-24, 2024-25, 2025-26& 2026-27.

Chief Medical Officer, Office of the Chief Medical Officer, District Health Society, BALRAMPUR invites Bid through GEM bidding from eligible Chartered Accountants firms for Conducting monthly concurrent audit of the District Health Societies located at Office of the Chief Medical Officer, campus Balrampur Near RTO Office Utraula Road Balrampur of Uttar Pradesh for the F.Y.2023-24, 2024-25, 2025-26 & 2026-27. The Request for Proposal document can be downloaded from GEM Portal.

Eligibility Criteria: As per Request for Proposal. Applying audit firm should submit all documentary proof for eligibility as mentioned in the Request for Proposal.

Important dates of the tender:

S.No.	Scheduled	Date	Time
1	Bid Start Date/Time	10.11.2025	01:00 PM
2	Bid End date/Time	26.11.2025	01:00 PM
3	Bid Opening Date/Time	26.11.2025	04:00 PM
4	Technical Evaluation	05.12.2025	....

Chief Medical Officer
Balrampur

आस्था | विविध कार्यक्रमों के साथ श्रृंगार व आरती का आयोजन

दो दिवसीय बटुक भैरव जन्मोत्सव की धूम

संवाददाता, करनैलगंज,गोंडा

अमृत विचार : श्री बटुक भैरव जन्मोत्सव को लेकर भैरवनाथ मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया गया है। मंगलवार को प्रथम दिवस पर भैरव बाबा का श्रृंगार व आरती संपन्न हुई, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन किया। हर वर्ष की भांति इस बार भी श्री बटुक भैरव जयंती महोत्सव पर विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर के महंत गिरिजा शंकर गिरी ने बताया कि मंगलवार को प्रातः 8 बजे कलश स्थापना, अखंड ज्योति एवं बटुक भैरव स्तोत्र पाठ संपन्न हुआ। दोपहर 12 बजे भैरव बाबा का श्रृंगार व आरती तथा सायं 6 बजे सुंदरकांड पाठ आयोजित किया गया। रात्रि 10 बजे विशेष आरती एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम हुआ।

सजाया गया भैरवनाथ मंदिर। अमृत विचार

बुधवार को प्रातः 8 बजे बटुक भैरव पाठ, दोपहर 12 बजे यज्ञ-हवन पूजन, तथा शाम 4 बजे से भव्य श्रृंगार प्रारंभ हुआ। इसके उपरांत 5 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। रात्रि 11 बजे श्री बटुक भैरवनाथ जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर भव्य जागरण व आकर्षक झांकी का आयोजन होगा, जिसमें अंकिता तिवारी गोरखपुर, नरेंद्र सरल, हरीश व्यास और वैभव श्रीवास्तव द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही जय मां लीला जागरण ग्रुप द्वारा एक से बढ़कर एक झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी। मंदिर के भावी महंत आशीष गिरी ने बताया कि जन्मोत्सव के अवसर पर श्रद्धालु बड़ी संख्या में दर्शन-पूजन के लिए पहुंचते हैं। इस अवसर पर महंत गिरिजा शंकर गिरि, अरविन्द गिरि, सोनू गिरी, रजनीकांत गिरि, अभिषेक गिरि, मुकेश खेतान, मोहित आदि मौजूद रहे।

मॉडल गौ आश्रय केंद्र में भंडारे का आयोजन

धानेपुर: विकास खंड मुजेहना के ग्राम पंचायत रूद्रगढ़ नौसी स्थित प्रदेश के प्रथम मॉडल गौ आश्रय केंद्र में ग्राम पंचायत की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गायों को पूड़ी, केला और गुड़ खिलाकर गौ सेवा का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय गौ रक्षा गौ सेवा संघ की प्रदेश संरक्षक आशा सिंह उपस्थित रहीं। उनके साथ खंड विकास अधिकारी मुजेहना सत्य प्रकाश पाण्डेय, इटियाथोक खंड विकास अधिकारी विजय मिश्रा तथा ग्राम प्रधान नाजिया फातिमा के प्रतिनिधि मंसूर अली ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ग्राम पंचायत अधिकारी रमेश कुमार ने अतिथियों का पुष्प भेंट कर स्वागत किया। उपस्थित सभी अतिथियों ने गायों को गुड़, पूड़ी और केला खिलाया।

न्यूज ब्रीफ

आईटीआई में कल लगेगा रोज़गार मेला

बहराइच, अमृत विचार : व्यावसायिक शिक्षा कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के अन्तर्गत संचालित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में 14 नवम्बर को रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। इसमें टाटा मोटर्स पन्तनगर उत्तराखण्ड द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य ने बताया कि आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थी अपने शैक्षणिक अभिलेखों के साथ रोज़गार मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं।

पदयात्रा रैली का आयोजन 15 को

बहराइच, अमृत विचार : मेरा युवा भारत ब युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वाधावन में सरदार @150 युनिटी मार्च कार्यक्रम के अन्तर्गत 15 नवम्बर को विकास खण्ड बलहा के ग्राम हाड़ा बसेहरी से शिवाला बाग नानपारा तक पदयात्रा रैली का आयोजन किया गया है। विशेष कार्य अधिकारी मेरा युवा भारत ने बताया कि 15 नवम्बर को पूर्वान्ह 10 :00 बजे ब्लाक बलहा के ग्राम हाड़ा बसेहरी से पदयात्रा रैली प्रारम्भ होकर अपरान्ह 04 :00 बजे शिवाला बाग नानपारा में समाप्त होगी।

सर्राफा व कपड़े की दुकान में चोरी

श्रावस्ती, अमृत विचार : सोनवा थाना क्षेत्र के मोहरानिया निवासी प्रमोद मौर्या की फोरलेन स्थित दिकौली मोड़ पर कपड़ा व ज्वैलर्स की दुकान है। मंगलवार रात वह दुकान बंद कर घर चला आया था। बुधवार सुबह जब वह दुकान खोलने पहुंचा तो शटर का कुंडा टूटा मिला। अन्दर जाकर देखा तो दुकान का सामान तितर-बितर था। दुकान में रखे कपड़े व जेवर गायब थे। सूचना पर सोनवा थाना प्रभारी विशुनदेव पाण्डेय के साथ पहुंचे सीओ इकौना ने घटनास्थल का जायजा लिया।

यातायात नियमों का पालन करने की अपील

श्रावस्ती, अमृत विचार : यातायात माह के तहत यातायात पुलिस ने बुधवार को कई विद्यालयों में छात्रों, शिक्षकों व आमजन को यातायात नियमों के पालन के लिए जागरूक किया। इस दौरान वाहनों की जांच कर नियमों का उलंघन करने वाले चालकों के विरुद्ध कार्रवाई भी की गई।

छात्राओं को किया गया जागरूक

श्रावस्ती, अमृत विचार : मिशन शक्ति व एंटी रोमियो टीम की ओर से बुधवार को सार्वजनिक स्थल व विद्यालयों में महिलाओं व छात्राओं को जागरूक किया गया। इस दौरान एक शोहदे को गिरफ्तार भी किया। युवक की पहचान कटरा थाना क्षेत्र के ग्राम पासीपुरवा निवासी गौतम पासवान पुत्र सत्य नारायण पासवान के रूप में हुई।

नेपाल सीमा पर कड़ी चौकसी जारी

गहन तलाशी और परिचय-पत्र की जांच के बाद ही लोगों को दिया जा रहा है प्रवेश

संवाददाता, रुपईडीहा, बहराइच

अमृत विचार : दिल्ली में हुए विस्टफोट के बाद प्रदेश से लगने वाली नेपाल सीमा पर पुलिस और एसएसबी ने सतर्कता काफी बढ़ा दी है। गहन तलाशी के बाद ही लोगों को आने-जाने दिया जा रहा है। यहां तक कि लोगों से आने-जाने का कारण पूछने के साथ ही पहचान पत्र की भी जांच की जा रही है।

दिल्ली बम धमाके के बाद उत्तर प्रदेश से तार जुड़े होने की आशंकाओं के मद्देनजर प्रदेश के सभी जिलों में विशेष सतर्कता बरते जाने के निर्देश शासन की ओर से दिए गए हैं। सभी जिलों में पुलिस ने भी शासन के निर्देश के बाद जांच अभियान तेज कर दिया है। भारत नेपाल सीमा पर तो सुरक्षा के दृष्टिकोण से विशेष चौकसी बरती जा रही है। एसएसबी के जवान सीमा पर चप्पे-चप्पे पर तैनात रहकर दोनों देशों के बीच आवागमन करने वाले लोगों से कड़ाई से पूछताछ और पहचान पत्र देखने के बाद ही आने-जाने दे रहे हैं।

वाहन की डिक्की खुलवाकर जांच करते एसएसबी के जवान। ● अमृत विचार

नेपाल से लगे मुख्य मार्ग रुपईडीहा पर भी पुलिस और एसएसबी का संयुक्त चेकिंग जारी रहा। प्रत्येक व्यक्ति से गहन पूछताछ और पहचान पत्र देखने तथा तलाशी लेने के बाद ही आने-जाने दिया गया। जवानों ने वाहनों की डिक्की खुलवाकर जाचं की। सीमावर्ती इलाके में प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा रमेश सिंह रावत के नेतृत्व में पुलिस, पीएसी, एसएसबी ने संयुक्त रूप से सीमावर्ती इलाके में पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। वन क्षेत्र में भी गश्त की गई।

लोक सुनवाई का आयोजन 17 को

बहराइच, अमृत विचार : जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि जिले में बहुउद्देशीय हब निर्माण के लिए कलवारी, गबरखा व भवनियापुर टिकुरी परगना चर्दा तहसील नानपारा बहराइच की 1.2495 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण प्रस्तावित है। डीएम ने बताया कि कपूरथला परिसर स्थित कार्यालय विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी में 17 नवम्बर को पूर्वान्ह 11:00 बजे से लोक सुनवाई की जायेगी।

डीएम ने अर्जन हेतु प्रस्तावित भूमि में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों से अपेक्षा की है कि सामाजिक समाघात प्रबन्ध योजना पर अपनी आपत्ति अथवा सुझाव प्रस्तुत कर सकते हैं।

दो पैथोलॉजी सील, तीन अस्पतालों को नोटिस

संवाददाता, नानपारा, बहराइच

अमृत विचार : नानपारा तहसील अंतर्गत संचालित बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित दो निजी पैथोलॉजी को सील कर दिया गया तथा तीन अस्पतालों को नोटिस दी गई है। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनुराग वर्मा ने बताया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर तहसील नानपारा में संचालित दो पैथोलॉजी को सील किया गया तथा तीन अस्पतालों को नोटिस दी गई है।

चीनी मिल नानपारा स्थित घोष पॉलीक्लीनिक पर जांच के दौरान चिकित्सक नहीं मिले तथा गंदगी फैली मिली। अग्निशमन की कोई व्यवस्था नहीं थी। एसएफ पॉलीक्लीनिक पर बिना रजिस्ट्रेशन के एलोपैथ दवाएं मिलीं तथा नोवा केयर हॉस्पिटल में न ही मरीज मिला और न ही कोई डॉक्टर जिस पर तीनों को नोटिस दिया गया है। डॉ. वर्मा ने बताया कि इसके अलावा बाबागंज में अवैध रूप से संचालित मल्हीपुर रोड स्थित न्यू पैथोलॉजी एंड डायग्नोस्टिक सेंटर तथा वर्मा पैथोलॉजी सेंटर पर कार्यवाही करते हुए उन्हें सील कर दिया गया है तथा केयर डायग्नोटिक सेंटर को हिदायत दी गई है। डॉ. अनुराग ने बताया कि इसकी रिपोर्ट बनाकर उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है और आगे भी अभियान जारी रहेगा।

छात्राओं ने बनाये विज्ञान मॉडल

संवाददाता, रुपईडीहा, बहराइच

अमृत विचार : आचार्य रमेश चन्द्र गर्ल्स इंटर कॉलेज में बुधवार को विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी तथा बाल मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण से हुआ। माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत, डॉ. सनत कुमार शर्मा आईसीपी मैनेजर सरदार तरनजीत सिंह द्वारा किया गया।

प्रधानाचार्या आशा बिष्ट ने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनियां छात्राओं में रचनात्मकता, वैज्ञानिक सोच तथा आत्मविश्वास विकसित करती हैं। उन्होंने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ज्ञान के साथ कला और विज्ञान का समन्वय ही समाज के विकास का आधार है। प्रदर्शनी में छात्राओं ने विज्ञान के विभिन्न मॉडल जैसे सौर ऊर्जा, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण तथा स्वास्थ्य संबंधी नवाचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंत में पूर्व ब्लाक प्रमुख डॉ हरिश् चंद बंटू भैया, प्रबन्धक डॉ. यशपाल गोपी भैया ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल की शिक्षिकाओं व कर्मियों का विशेष योगदान रहा।

दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन करते थानाध्यक्ष रमेश रावत।

राजेश बहराइच बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बने

बहराइच, अमृत विचार : जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर राजेश शुक्ल निर्वाचित हुए हैं। श्री शुक्ल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कृपाराम त्रिपाठी को 57 मतों से पराजित किया है श्री शुक्ल को 610 मत प्राप्त हुए जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी श्री त्रिपाठी 553 मत पाकर दूसरे स्थान पर रहे। महामंत्री के पद पर शैलेन्द्र सिंह विजयी हुए हैं तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष के दो पदों पर परम प्रकाश पांडेय व मो. उमर खां विजयी हुए हैं।

जानकी गांव के मेले का समापन

संवाददाता, नवाबगंज, बहराइच

अमृत विचार : जानकी गांव में कार्तिक पूर्णिमा पर राप्ती नदी के तट जानकी गांव में लगे एक सप्ताह तक चलने वाले मेले का बुधवार को समापन किया गया।

भारत के होलिया, मजगंवा, मलौनापुरवा, फुलटेकरा, भगंहर, सिरसिया आदि गांवों सहित नेपाल क्षेत्र के खडैचा, पिपरहवा, चौफेरी, गंगापुर, नयीबस्ती, संतलिया, नारायनापुर, भज्जी पुरवा, हलबलडोली, जाफर पुरवा आदि से बड़ी संख्या में लोगों ने मेले में खरीदारी की। मेला देखने आए संजय कुमार, भूपेंद्र, शिव नारायण, जगदीश प्रसाद, आमिर खान, आदि ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा के पहले दिन स्नान करने के लिए आए थे। अब मेला देखने के लिए आए हैं। मेला समिति के प्रबंधक ओमप्रकाश वर्मा ने बताया कि यहां बहराइच, लखनऊ, वीपुर, मिहींपुरवा, जमुनहा, श्रावस्ती, भिनगा, रुपईडीहा, बाबागंज, नानपारा, नवाबगंज आदि स्थानों से दुकानें लगाने दुकानदार आते हैं। मेले में अस्थाई समतलीया चौकी प्रभारी दिलीप कुमार उपाध्याय कांस्टेबल महेंद्र यादव, प्रधान नीरज आदि मौजूद रहे।

मेले में लगीं दुकानों से खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार

धान खरीद में तेजी लाने का निर्देश

श्रावस्ती, अमृत विचार : कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को डीएम अश्विनी कुमार पांडेय ने धान खरीद की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने धान खरीद में तेजी लाने का निर्देश दिया। वर्ष 2025-26 में जिले में 45000 मीट्रिक टन धान की खरीद का लक्ष्य मिला है। इसके सापेक्ष क्रय एजेंसियों के मध्य क्रय लक्ष्य का बंटवारा करा दिया गया है। अब तक कुल 126 किसानों से 487 मीट्रिक टन धान की खरीद की गई है। सभी किसानों का भुगतान भी कर दिया गया है। इसके अलावा मंगलवार तक तक कुल 2621 किसानों द्वारा पंजीकरण कराया गया है। 2621 किसानों के सापेक्ष 1544 किसानों का सत्यापन हो चुका है।

फेफड़ों के संक्रमण से होता है निमोनिया

संवाददाता, बहराइच

जागरूकता गोष्ठी

अमृत विचार : विश्व निमोनिया दिवस पर मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय सभागार में सीएमओ डॉ. संजय कुमार की अध्यक्षता में जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया तथा हस्ताक्षर अभियान संचालित किया गया।

गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए सीएमओ डॉ. कुमार ने बताया कि बताया कि पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में निमोनिया मृत्यु का प्रमुख कारण है। जबकि यह पूरी तरह रोकी जा सकने वाली बीमारी है। उन्होंने बताया कि जनपद के सभी एफआरयू पर बाल रोग विशेषज्ञों की तैनाती की गई है। जिला अस्पताल में पीकू और एसएनसीयू में निमोनिया प्रबंधन की आधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं। आशाओं को प्रशिक्षित भी किया गया है। डिप्टी सीएमओ डॉ. संदीप मिश्रा ने बताया कि निमोनिया फेफड़ों का संक्रमण है, जो बैक्टीरिया, वायरस या धुएं के प्रदूषण से होता है। इससे फेफड़ों में सूजन और तरल पदार्थ भर जाता है, जिससे बच्चे को सांस लेने में कठिनाई होती है। इसके मुख्य लक्षण तेज सांस, पसली धंसना आदि हैं।

उन्होंने कहा कि सामान्य सर्दी-जुखाम में घरेलू उपाय किए जा सकते हैं लेकिन निमोनिया के लक्षण दिखते ही बच्चे को अस्पताल ले जाना चाहिए। डीएचईआईओ बृजेश सिंह ने बताया कि बचाव के लिए बच्चों को पीसीवी टीका लगवाएं, जन्म के 48 घंटे के भीतर न नहलाएँ, हाथों की स्वच्छता बनाए रखें, शिशु के आसपास धुएं रहित वातावरण रखें, और यदि खांसी 30 दिन से अधिक बनी रहे तो चिकित्सक से अवश्य संपर्क करें।

कार्यक्रम के अंत में निमोनिया मुक्त बहराइच के संकल्प पत्र पर सभी प्रतिभागियों ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से एसीएमओ डॉ. संतोष राना, तेजवापुर सीएचसी अधीक्षक डॉ. अभिषेक अग्निहोत्री, डीपीएम सरजू खान, डीसीपीएम मोहम्मद राशिद, एआरओ मुशर्रफ और जेएसआई संस्था के मनीष त्रिवेदी सहित बीपीएम व बीसीपीएम उपस्थित रहे।

जवानों को साइबर फ्रॉड से बचने के दिये टिप्स

संवाददाता, श्रावस्ती

अमृत विचार : प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम पुलिस थाना संतोष कुमार व निरीक्षक चन्द्रहास मिश्रा ने टीम के साथ एसएसबी मुख्यालय भिनगा में गोष्ठी का आयोजन किया।

इस दौरान टीम ने एसएसबी के महिला व पुरुष कर्मियों को साइबर अपराध से बचाव के प्रति जागरूक किया।

इस दौरान उन्हें एटीएम कार्ड का प्रयोग करते समय अनजान व्यक्तियों से सहयोग लेने से बचने व अपने एटीएम पिन को छिपाकर प्रयोग करने की जानकारी दी गई। इसके साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से प्रदर्शित किए जाने वाले लुभावने विज्ञापनों से प्रभावित होकर वस्तुओं को खरीदने से बचने या खरीदने से पहले विक्रेता का भली-भांति सत्यापन करने की सलाह दी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से आरक्षी जगदीश, आरक्षी अंकित कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

कलेक्ट्रेट में वंदेमातरम का सामूहिक गायन

कलेक्ट्रेट में वंदे मातरम का सामूहिक गायन करते अधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, श्रावस्ती

अमृत विचार : कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को डीएम की अध्यक्षता में वंदे मातरम् कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें मौजूद सीडीओ सहित अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों की ने सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् का गान किया। इस दौरान डीएम अश्वनी कुमार पांडेय ने कहा कि वंदेमातरम् देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रभाव का प्रतीक है। वंदे मातरम् राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सामूहिक गान किया गया है। सीडीओ शाहिद अहमद ने आजादी के इस मूल मंत्र के इतिहास का गुणगान किया। इस मौके पर विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

फंदे से लटका मिला युवक का शव

श्रावस्ती, अमृत विचार : गोठवा निवासी एक युवक की मंगलवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक का शव बुधवार सुबह फंदे से लटका मिला। भिनगा पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बबलू निषाद (20) पुत्र शोभाराम मंगलवार रात खाना खाकर कमरे में सोया था। सुबह जब देर तक वह नहीं जगा तो परिजन उसे जगाने कमरे में गए। वहां परिजनों ने देखा कि उसका शव कमरे में चैट के कुण्डे से रस्सी के फंदे के सहारे लटक रहा है। परिजनों की सूचना पर फॉरेंसिक टीम के साथ पहुंची भिनगा पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाया। बाद में पुलिस ने शव का पंचनामा भराकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

खो-खो प्रतियोगिता में भाग लेतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

खेलों से होता है शारीरिक व मानसिक विकास

बाबागंज, बहराइच, अमृत विचार : खेल प्रतियोगिता मानसिक और शारीरिक विकास के साथ प्रतिभा में भी निखार लाती है। ये बातें मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज जयप्रकाश सिंह ने पंडित राधेश्याम सरस्वती इंटर कॉलेज चर्दा में आयोजित विज्ञान प्रतियोगिता के दौरान छात्र-छात्राओं को संबोधन के दौरान कहीं। प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा रमेश सिंह रावत, पूर्व इंजीनियर आरके सिंह की मौजूदगी में प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं। प्रतियोगिताओं को सफल बनाने में मुख्य रूप से शिक्षक पी एन बाजपेई, निसात खान, आशीष शर्मा, बृजेश आर्य, अभय दीक्षित, जीवी पाठक, अवनीश गुप्ता का योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में प्रबंधक कौशलेंद्र पांडे ने छात्र-छात्राओं और उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम | विधायक रामनिवास वर्मा ने किया पांच दिवसीय रेशम प्रशिक्षण का उद्घाटन

स्वायल टू सिल्क नीति से बढ़ेगी किसानों की आय

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार : नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा ने कहा कि बहराइच में रेशम उत्पादन का बहुत बड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर सरकार के प्रयासों से उपलब्ध है यहां के किसानों को चाहिए कि वह रेशम उत्पादन में शामिल होकर इसका लाभ उठायें। उन्होंने कहा कि अभी तक किसान केवल अपने खेतों की मिट्टी से ही अपनी आजीविका चलाता रहा है अब उसके पास उसके जिले में स्वायल से सिल्क तक का सफर तय करने का विकल्प मौजूद है। इससे वह अपनी आय में काफी इजाफा कर सकते हैं।

विधायक श्री वर्मा मुख्यमंत्री विकास योजना के तहत रेशम भवन में आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत आप एक रोजगार से जुड़ रहे हैं। इस योजना के तहत आप समूहों से जुड़कर खेती के साथ अच्छी अतिरिक्त आय दे सकते हैं। उप निदेशक कृषि विनय कुमार वर्मा ने कहा कि यह योजना किसानों के लिए एक वरदान है। उन्होंने कहा कि आज जरूरत है कि जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाये जिससे आप और आपका परिवार स्वस्थ रहेगा। जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी ने शहतूत की खेती के साथ सहफसली लेने की विस्तृत जानकारी दी।

उपनिदेशक रेशम, देवीपाटन मंडल गोंडा रामानंद मल्ल ने शहतूत की लाभकारी खेती के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यहां पर चल रहे प्रशिक्षण में बहराइच जनपद के चयनित 66 व श्रावस्ती जनपद के 60 किसान शामिल हो रहे हैं जिन्हें पांच दिनों तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला गन्ना अधिकारी आनन्द शुक्ल, धनंजय सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

रेशम भवन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

सिटी डायरी

जमुनहा तहसील अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने ली शपथ

तहसील में आयोजित शपथ ग्रहण में मौजूद अधिवक्ता।

श्रावस्ती, अमृत विचार : जमुनहा तहसील में बुधवार को न्यू मॉर्डन बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। एसडीएम संजय कुमार राय की उपस्थिति में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को एल्डर कमेटी के चुनाव आयुक्त ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। एल्डर कमेटी के चुनाव आयुक्त मोहम्मद रसीद कल्याणपुरी ने नवनिर्वाचित न्यू मॉर्डन बार एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष सत्य नारायण यादव व महामंत्री पद पर जितेंद्र कुमार भारती को शपथ दिलाई। इसी क्रम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर रामकुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष प्रहलाद यादव, संयुक्त सचिव दिनेश मणि त्रिपाठी, प्रकार कुमार मौर्य तथा कनिष्ठ सदस्य दिनेश कुमार ने भी पद एवं गोपनीयता की शपथ ली।

कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में फरियाद सुनते डीएम।

डीएम-एसपी ने सुनीं शिकायतें

श्रावस्ती, अमृत विचार : कलेक्ट्रेट स्थित कक्ष में डीएम व पुलिस कार्यालय में एसपी ने जनता दर्शन में पीड़ितों की समस्या सुना। इस दौरान अधिकारियों ने मातहतों को समस्या निस्तारित करने का निर्देश दिया। डीएम अश्विनी कुमार पांडेय ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी अधिकारी जनता दर्शन में जन सुनवाई कर लोगों की समस्याओं का निस्तारण करे। इस दौरान डीएम को नौ शिकायतें मिली। जिन्हें निस्तारित करने के लिए फोन से निर्देशित किया। वही पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के समक्ष 19 शिकायतें प्राप्त हुई। जिसे निस्तारित करने के लिए मातहतों को निर्देशित किया।

सिलाई मशीन और प्रमाणपत्र के साथ महिलाएं।

समद फाउंडेशन ने महिलाओं को दी सिलाई मशीन

बहराइच, अमृत विचार : समद फाउंडेशन के अध्यक्ष मोहम्मद समद (शाबान) के नेतृत्व में एक समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं को सिलाई मशीन, प्रशिक्षण प्रमाण पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था के कोषाध्यक्ष मोहम्मद ताहिर, वरिष्ठ सलाहकार कार्तवीर सिंह और मोहम्मद शोएब सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। वहीं महिला सदस्यों में शाइना परवीन, साज़िया, सलीबा इकबाल, सादिया सुल्ताना और सोनी परवीन मौजूद रहीं।

लखनऊ विवि में मौजूद राजकीय बालिका इंटर कालेज कैसरगंज की छात्राएं।

छात्राओं ने लखनऊ विवि का किया भ्रमण

कैसरगंज, बहराइच, अमृत विचार : पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कैसरगंज की छात्राओं ने प्रधानाचार्या संतोष यादव के नेतृत्व में लखनऊ विवि का शैक्षिक भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान छात्राओं ने विभिन्न संकायों, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों एवं शोध केंद्रों का अवलोकन किया। प्रधानाचार्या ने कहा कि अनुभव आधारित शिक्षा से छात्राओं में आत्मविश्वास आता है।

सफेदपोश आतंक

दिल्ली विस्फोट के नये खुलासों ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि यह कई शहरों में धमाके की सुव्यवस्थित आतंकी साजिशी श्रृंखला की एक कड़ी थी। जांच एजेंसियों द्वारा पकड़े गए आरोपियों में छह डॉक्टरों सहित अनेक उच्च शिक्षित युवाओं का शामिल होना यह बताता है कि आतंकवाद वंचित तबके के साथ ही अब शहरी, शिक्षित, प्रतिष्ठित वर्गों के बीच भी गहरी पैठ बना चुका है। यह सवाल बेहद गंभीर है कि आखिर पढ़े-लिखे, सामाजिक रूप से सफल लोग आतंक के रास्ते पर क्यों उतर रहे हैं? उत्तर है, धर्म के अधूरे घातक ज्ञान के बाद वैचारिक ब्रेनवॉश, ऑनलाइन प्रचार और "डिजिटल रैडिकलाइजेशन" का बढ़ता जाल। सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म, धार्मिक कट्टरपंथी साइटें और एन्क्रिप्टेड चैट समूह अब आतंक के लिए वही काम कर रहे हैं जो कभी सीमापार प्रशिक्षण शिविर करते थे। अब आतंकी शिविरों जाने की जरूरत नहीं वह खुद ऐसे लोगों तक पहुंच रहा है। इन मंचों पर "युवाओं को यह विश्वास दिलाया जा रहा है कि हिंसा किसी उच्चतर उद्देश्य की पूर्ति का साधन है। भारत में "वाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल" का फैलना इसी प्रक्रिया का नतीजा है। ये लोग न तो आर्थिक रूप से मजबूर हैं और न ही सामाजिक रूप से हाशिए पर, परंतु इन्हें आतंकवादी संगठनों द्वारा "इंटेलेक्चुअल कैप" के रूप में सामाजिक साख वाले चेहरे तथा तकनीकी, वित्तीय और नेटवर्किंग सहायता देने वाले सहयोगी के बतौर इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके चलते आतंकी विचार अब विश्वविद्यालयों, अस्पतालों और आईटी कंपनियों के गलियारों तक पहुंच गया है। इस पूरे नेटवर्क के सूत्र पाकिस्तान तक जाते हैं। गिरफ्तारियों से साफ है कि धन, विस्फोटक और डिजिटल सहायता पाकिस्तान की धरती से संचालित समूहों जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा से प्राप्त हुई। सैन्य-ग्रेड विस्फोटकों तक पहुंच बना लेना और तीन हजार किलो तक सामग्री जुटा लेना तभी संभव हो सकता है जब इसके पीछे संगठित अंतरराष्ट्रीय लॉजिस्टिक चैनल हों। यह भारत की खुफिया एजेंसियों के लिए गंभीर आत्ममंथन का विषय है कि इतने बड़े नेटवर्क को सक्रिय होने में इतना समय कैसे मिल गया।

"ऑपरेशन सिंदूर" के बाद यह अपेक्षा थी कि पाकिस्तान को भारत की आंतरिक सुरक्षा से खिलवाड़ की कोई और गुंजाइश नहीं बचेगी, लेकिन हकीकत में उसे उतना सबक नहीं मिला जितनी जरूरत थी। इसका कारण यह है कि भारत की प्रतिक्रिया अक्सर 'घटना के बाद' तक सीमित रहती है, 'घटना से पहले' नहीं। यही हमारी रणनीतिक कमजोरी है। जरूरी है कि गृह मंत्रालय साइबर इंटेलिजेंस को मजबूत बनाते हुए इस पर बहुस्तरीय निगरानी ढांचा स्थापित करें, विश्वविद्यालयों और अस्पतालों जैसे संवेदनशील संस्थानों में सुरक्षा ऑडिट नियमित रूप से हों, तथा राज्यों के बीच खुफिया समन्वय अनिवार्य बनाया जाए। दिल्ली विस्फोट एक ऐसा आतंकी वारदात है जो हमारी सुरक्षा नीति और ऑपरेशन सिंदूर जैसी पहलों की सीमाओं को उजागर करता है। समय है कि भारत आतंकवाद को केवल सीमा-पार चुनौती न माने, बल्कि उसे "अंदर से पलने वाली" मानसिक और वैचारिक चुनौती के रूप में भी समझे। क्योंकि जब आतंक सफेद कॉलर पहन ले, तब बंदूक से पहले विचार की जंग जीतनी पड़ती है।

प्रसंगवश

आतंकवाद की उभरती व्हाइट कॉलर थ्योरी

हाल ही में दिल्ली में लाल किले के पास एक कार में हुए ब्लास्ट से देश एक बार फिर हिल गया है। इस ब्लास्ट के बाद एक बार फिर व्हाइट कॉलर आतंकवाद की थ्योरी सामने आई है। यह थ्योरी आतंकवाद में शामिल बेहद पेशेवर लोगों की पहचान कराती है। आखिर क्या है व्हाइट कॉलर आतंकवाद? सबसे पहले इसे समझने की कोशिश करते हैं। व्हाइट कॉलर आतंकवाद का मतलब उन लोगों से होता है, जो बेहद पढ़े-लिखे और पेशेवर हैं। इनमें कोई डॉक्टर होता है, तो कोई इंजीनियर या फिर मैनेजमेंट का पेशेवर। कहने को तो ये सब लोग बहुत पढ़े-लिखे, डिग्रीधारक और पेशेवर होते हैं, लेकिन इनका असली काम आतंकवाद फैलाना और आतंकी गतिविधियों में शामिल होना है। दिल्ली ब्लास्ट में अब तक जितने भी आरोपी पकड़े गए हैं, उनमें से अधिकतर डॉक्टर हैं। दिल्ली ब्लास्ट के बाद जम्मू-कश्मीर

अमित बैजनाथ गर्ग

वरिष्ठ पत्रकार

पुलिस ने जिस आतंकी मॉड्यूल का खुलासा किया है, उससे साफ हुआ है कि देशभर में व्हाइट कॉलर आतंकियों का नेटवर्क बढ़ रहा है। ये लोग शिक्षित होते हैं, अलग-अलग पेशे में होते हैं और आम लोगों के बीच रहकर सामान्य जिंदगी जी रहे होते हैं। असल में व्हाइट कॉलर आतंकियों को सामान्य लोगों से अलग करना मुश्किल होता है। ये आतंकवादी संगठनों की बैकबोन होते हैं। हथियार उठाकर किसी हमले या आतंकी वारदात को अंजाम देने वाले आतंकी जहां सामने होते हैं, वहीं ये व्हाइट कॉलर आतंकी बाकी सारे सपोर्ट सिस्टम का हिस्सा होते हैं। रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि टेररिज्म में जो टेरर होता है, वो होते हैं हथियार थामने वाले आतंकी। वहीं इसका जो इज्म है, वह है आतंकियों का पूरा सपोर्ट सिस्टम। इसमें ओवर ग्राउंड वर्कर, आतंकियों के समर्थक और आतंकियों से सहानुभूति रखने वाले लोग भी शामिल होते हैं। व्हाइट कॉलर आतंकी लॉजिस्टिक सपोर्ट देते हैं, जानकारी और संदेश एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाते हैं, फंड जुटाते हैं और पूरे आतंकी संगठन को चलाने में मदद करते हैं। कुल मिलाकर कह सकते हैं कि ये आतंकियों को पीछे से पूरा सपोर्ट देते हैं।

ओसामा बिन लादेन भी व्हाइट कॉलर आतंकी था। वह इंजीनियरिंग का छात्र था। पढ़ाई पूरी करने के बाद उसने अल कायदा बनाया और अमेरिका पर हमला करके पूरी दुनिया को दहला दिया। ओसामा ने अल कायदा में कई पेशेवर लोगों को शामिल किया। इनमें से कई उच्च शिक्षित थे। अमेरिका को उसे खोजने और मारने में दस साल का लंबा समय लगा और आखिरकार उसे पाकिस्तान के एबटाबाद में मार गिराया। इन दस सालों में अमेरिका को बहुत पैसा भी खर्च करना पड़ा। दिल्ली ब्लास्ट में जितने भी लोग पकड़े गए हैं या फिर आगे पकड़े जाएंगे, उनमें से अधिकतर व्हाइट कॉलर आतंकी होंगे। ये सब उच्च शिक्षित और आतंकवाद में उच्च प्रशिक्षित व्यक्ति हैं। इनके आका पाकिस्तान में बैठे हुए हैं। इन लोगों में इतना जहर भरा है कि ये पढ़े-लिखे होने के बावजूद भी किसी को मारने से परहेज नहीं कर रहे हैं।

देश के पहले सीडीएस बिपिन रावत ने कहा था कि हम ढाई मोर्चों पर लड़ रहे हैं। पहला मोर्चा पाकिस्तान है, दूसरा मोर्चा चीन है। ये दोनों मोर्चे स्पष्ट रूप से दिखलाई देते हैं। आधा मोर्चा देश के भीतर है, जो साफ दिखाई नहीं देता। इस मोर्चे को पहचानने की जरूरत है। इसी मोर्चे में व्हाइट कॉलर आतंकी छिपे हुए हैं, जो आपके और हमारे बीच में ही हैं। इन्हें पहचानिए। कुछ भी संदिग्ध लगते ही पुलिस, प्रशासन और सरकार को जानकारी दीजिए। देश की मौजूदा राजनीति हर तरह के आतंकी फन को कुचलने के लिए प्रतिबद्ध है। बस! आम आदमी के जागरूक होने और सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने की जरूरत है। इसके बाद इस आधे मोर्चे से भी निपट लिया जाएगा।

सच्चाई यह है कि अस्तित्व चाहता है कि आपका जीवन एक उत्सव बन जाए, क्योंकि जब आप दुखी होते हैं, तो आप अपने चारों ओर भी दुख फैलाते हैं।
– ओशो

पुतिन के दौरे के बीच ट्रंप के तेवर ढीले



नवीन गुप्ता

बरेली

भारतीय युवाओं को रूस में रोजगार देने के लिए मास्को अपने सीमित कोटे को बढ़ाने जा रहा है। साथ ही भारतीय युवा रूस की सेना में शामिल न हों इसके इसके लिए भी शिखर सम्मेलन में बात होगी। भारत के कुशल कामगार मशीनरी और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में रूस में आकर काम करें ऐसा प्रयास रूस कर रहा है।

23 वां भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन 4 से 6 दिसंबर के बीच दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। इसकी तैयारियां तेजी से हो रही हैं। इस सम्मेलन में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन खुद अपने देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। उधर रूसी राष्ट्रपति भवन ने पुतिन के भारत दौरे की पुष्टि की इधर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के तेवर भी भारत को लेकर ढीले होने लगे हैं।

ट्रंप को पता है कि पुतिन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच रक्षा के साथ ही कई बड़े समझौते हो सकते हैं। ऐसे में ट्रंप ने भी भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ में कटौती की बात कहकर भारत से रिश्ते सुधारने के संकेत दे दिए हैं। ट्रंप ने तो अगले साल भारत के दौरे पर आने की इच्छा जाहिर की है। ऐसे में उम्मीद लगाई जा रही है कि वे चतुर्भुज सुरक्षा संवाद (क्वाड) की बैठक में हिस्सा ले सकते हैं। अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच एक अनौपचारिक रणनीतिक मंच वाले इस संगठन का शिखर सम्मेलन भारत में होना है, लेकिन भारत और अमेरिका के बीच खराब हुए रिश्ते के कारण इसकी तिथि तय नहीं हो पा रही है। वैसे तो क्वाड शिखर सम्मेलन इसी साल होना था, लेकिन ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ से उपजे विवाद के बाद इसकी तिथि तय नहीं हो पाई।

भारत और रूस के बीच गहरे रिश्ते हैं। इसी रिश्ते को खत्म करने की कोशिश में अमेरिका लगा हुआ है। रूस से तेल का आयात भारत बड़े पैमाने पर करता है। अमेरिका बार-बार आरोप लगाता है कि भारत से मिलने वाली भारी-भरकम धनराशि से ही रूस-यूक्रेन पर हमले कर रहा है। हालांकि भारत लगातार मजबूती से खंडन कर रहा है। यूक्रेन-रूस युद्ध के विरोध में खड़े पश्चिम के कई देश रूस से तेल खरीद रहे हैं। खुद अमेरिका ने हंगरी को रूस से तेल खरीदने की छूट देने के संकेत दिए हैं। रूसी तेल के बहाने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाकर भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ तोड़ने की अमेरिकी साजिश नाकाम हो गई है, क्योंकि भारतीय कारोबारियों ने सरकार के सहयोग से कई बड़े देशों में न सिर्फ बाजार तलाश लिया, बल्कि वहां पर अपने कई उत्पादों का निर्यात भी शुरू कर दिया। यहां तक हमारा निर्यात चीन में भी बढ़ा है।

अमेरिकी दबाव के बाद भी भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद नहीं किया है, बल्कि कई और रक्षा सौदे भी भारत-रूस के बीच होने जा रहा है। अब अमेरिकी थिंक टैंक को यह महसूस हो गया है कि अगर भारत और रूस की नजदीकी और बढ़ी तो इससे अमेरिका को नुकसान ही है, क्योंकि रूस की वजह से चीन भी भारत के नजदीक तेजी से आ रहा है। भारत और चीन के बीच बढ़े व्यापार ने इसके संकेत दे दिए हैं। दोनों देश आपसी विवाद को तेजी से सुलझा रहे हैं। इन सबके बीच ही रूसी राष्ट्रपति का भारत दौरा तय होना अमेरिकी थिंक टैंक को चिंता में डाल रहा है। अमेरिका इस पर बारीकी से नजर रखेगा। फिलहाल भारत से खराब हुए रिश्ते को सुधारने की दिशा में अब प्रयास करने के संकेत अमेरिका के तरफ से मिलने लगे हैं। उम्मीद है कि इसी माह विदेश मंत्री एस जयशंकर रूस जा रहे हैं। ताकि वहां दोनों देशों के बीच शिखर सम्मेलन का खाका तैयार किया जा सके।

भारतीय युवाओं को रूस में रोजगार देने के लिए मास्को अपने सीमित कोटे को बढ़ाने जा रहा है। साथ ही भारतीय युवा रूस की सेना में शामिल न हों इसके इसके लिए भी शिखर सम्मेलन में बात होगी। भारत के कुशल कामगार मशीनरी और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में रूस में आकर काम करें ऐसा प्रयास रूस कर रहा है। अभी ज्यादातर भारतीय वहां निर्माण और कपड़ा क्षेत्र के उद्योगों में कार्यरत हैं। रूसी श्रम मंत्रालय द्वारा निर्धारित कोटे के मुताबिक 2025 के आखिर तक रूस में काम करने वाले भारतीयों की संख्या 70,000 से थोड़ी अधिक हो जाएगी। अब यही कोटा बढ़ाने की बात चल रही है। इस साल भारत ने रूस से बड़े पैमाने पर हीरे और सोने का आयात किया है। भारत को रूस के हीरे का निर्यात बढ़कर 31.3 मिलियन डॉलर हो गया। 2024 के अगस्त में यह मात्र 13.4 मिलियन डॉलर से थोड़े ज्यादा का था। हालांकि इस वर्ष के आठ महीनों में भारत को रूसी हीरे की कुल आपूर्ति में लगभग 40 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई थी। इसे और बढ़ाने की तैयारी चल रही है।

भारत आ रहे रूसी राष्ट्रपति और भारत सरकार के बीच एस-400 व एस-500 एयर डिफेंस सिस्टम समेत लड़ाकू विमानों की आपूर्ति और भारत में उनके निर्माण आदि मुद्दों पर भी चर्चा होनी है। अमेरिका की कोशिश हैं कि भारत रूस से हथियारों की खरीद कम करे और ज्यादा से ज्यादा हथियार उससे खरीदे, लेकिन भारत अपने विश्वसनीय दोस्त से हथियार, तेल आदि की खरीद में कटौती नहीं करेगा। ऐसे में 50 फीसदी टैरिफ लगाकर भारत को परेशान करने वाले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तो नहीं झुका सके, लेकिन खुद झुकने के संकेत दे रहे हैं, जो भारत के लिए अच्छी बात है।

भारत में अमेरिका के नए राजदूत सर्जियो गोर के शपथ समारोह में ट्रंप की ओर से पहली बार कहा गया कि वे टैरिफ को कम करने वाले हैं, क्योंकि भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील पर बात बनने वाली है। इस दौरान वे भारत के साथ अमेरिका के रिश्ते सुधारने पर भी जोर देते नजर आए, लेकिन उन्होंने रूसी तेल का मुद्दा छेड़ दिया। इन सबके बीच डोनाल्ड ट्रंप ने भारत आने का संकेत दिया है। उनकी यात्रा की तिथि तय होने के बाद क्वाड शिखर सम्मेलन की तिथि भी निर्धारित होगी, क्योंकि ट्रंप सम्मेलन में शामिल हो सकते हैं।

आमने सामने

पहले भी कहा था कि 14 तारीख को नतीजे होंगे और 18 को शपथ ग्रहण होगा। यह निश्चित तौर पर होने जा रहा है। भाजपा और एनडीए के पसीने छूट रहे हैं। वोटिंग के दौरान लोग बड़ी कतारों में खड़े थे। मतदान खत्म नहीं हुआ था कि एग्जिट पोल आ गया। ये सर्वे केवल मनोवैज्ञानिक तौर पर जितने भी अधिकारी चुनाव में लगे हुए हैं, उनके दबाव में लाया गया है।
– **तेजस्वी यादव**, राजद नेता

यह चुनाव नरेंद्र मोदी व राहुल गांधी, नीतीश कुमार व लालू यादव के बीच था। बिहार में विकास व जातीय समीकरण एनडीए के पक्ष में था। एग्जिट पोल बता रहे हैं एनडीए की जीत होगी। विपक्ष ने गलत वोट चोरी का मुद्दा उठाया। प्रशांत किशोर ने विपक्ष का स्पेस लेने की कोशिश की। अब तेजस्वी यादव के पास 48 घंटे हैं, उसके बाद वे कहीं नहीं रहेंगे।
– **राजीव प्रताप रूडी**, बीजेपी नेता

बम विस्फोटों की दर्दनाक दस्तान, नियंत्रण की चुनौतियां

विवेक शुक्ला

पूर्व सूचना अधिकारी यूएई एंबेसी

इन चुनौतियों के बावजूद, हमारी एनएसजी और एनआईए जैसी एजेंसियां मजबूत हुई। 2011 के बाद बड़े ब्लास्ट कम हुए, जो सुरक्षा की सफलता है, लेकिन सोमवार का ब्लास्ट बताता है कि खतरा बाकी है।

दिल्ली सहमी हुई है। लाल किले में 10 नवंबर को हुए भीषण बम धमाके के अगले दिन बहुत कम ट्रैफिक चल रहा था। सारी दिल्ली में उदासी का आलम था। पिछले चार दशकों में यहां दर्जनों बम विस्फोट हुए हैं, जिनमें सैकड़ों निर्दोष लोग मारे गए और हजारों घायल हुए। 1985 के ट्रांजिस्टर बम विस्फोटों से शुरू हुई यह श्रृंखला 1996 के लाजपत नगर ब्लास्ट, 2005 के दीवाली पूर्व सीरियल ब्लास्ट, 2008 के दिल्ली सीरियल ब्लास्ट और 2011 के हाई कोर्ट ब्लास्ट तक जारी रही। अब, 10 नवंबर को लाल किले के पास कार बम विस्फोट में 13 लोगों की मौत और दर्जनों घायल होने से एक बार फिर शहर दहल उठा। ये घटनाएं न केवल मानवीय क्षति का कारण बनीं, बल्कि पूरे देश में भय और असुरक्षा की लहर पैदा करती रही हैं। सवाल उठता है कि इतनी उन्नत सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद दिल्ली में इन बम धमाकों पर काबू पाना क्यों इतना कठिन साबित हो रहा है?

दिल्ली में बम विस्फोटों की शुरुआत 1980 के दशक से मानी जा सकती है। 10 मई 1985 को ट्रांजिस्टर बम विस्फोटों ने शहर को हिलाकर रख दिया। इन विस्फोटों में ट्रांजिस्टर रेडियो जैसे दिखने वाले उपकरणों में विस्फोटक भरे गए थे, जो बसों और सार्वजनिक स्थानों पर फटे। दिल्ली में अकेले 49 लोग मारे गए और 127 घायल हुए, जबकि आसपास के राज्यों में कुल मौतें 69 तक पहुंचीं। इन धमाकों की जांच में कई खामियां उजागर हुईं और 2020 में कोर्ट ने 30 आरोपियों को सबूतों की कमी के कारण बरी कर दिया। यह मामला जांच की लापरवाही का उदाहरण बना। इसी करह 29 अक्टूबर 2005 को दीवाली से ठीक पहले पहाड़गंज, सरोजिनी नगर और गोविंदपुरी में तीन सीरियल ब्लास्ट हुए। इनमें 67 लोग मारे गए और 200 से अधिक घायल हुए। लश्कर-ए-तैयबा और इंडियन मुजाहिदीन की संलिप्तता पाई गई। 13 सितंबर 2008 को फिर पांच जगहों पर सीरियल ब्लास्ट- कनॉट प्लेस, ग्रेटर कैलाश, करोल बाग आदि में 30 लोग मारे गए और 100 से अधिक घायल हुए थे। इंडियन मुजाहिदीन ने जिम्मेदारी ली। 7 सितंबर 2011 को दिल्ली हाई कोर्ट के बाहर ब्रीफकेस बम से 15 मौतें हुईं। इन सभी घटनाओं के अलावा 1997 में करोल बाग, 2000 में रेड फोर्ट के पास, 2006 में जामा मस्जिद आदि में छोटे-बड़े विस्फोट हुए। अब 2025 का लाल किले का ब्लास्ट, जहां एक कार में अमोनियम नाइट्रेट से भरा बम फटा, जैश-ए-मोहम्मद से लिंक और एक डॉक्टर की संलिप्तता सामने आ रही है। ये घटनाएं दिखाती हैं कि दिल्ली आतंकवादियों के लिए 'सॉफ्ट टारगेट' बनी हुई है।

इन पर काबू पाना क्यों कठिन है? पहली बड़ी चुनौती दिल्ली की भौगोलिक और जनसांख्यिकीय स्थिति है। दिल्ली एक घनी आबादी वाला महानगर है, जहां रोजाना लाखों लोग बाजारों, मेट्रो, बसों और सार्वजनिक स्थानों पर आते-जाते हैं। 3 करोड़ से अधिक की आबादी, व्यस्त मार्केट जैसे सरोजिनी नगर, कनॉट प्लेस, चांदनी चौक और पर्यटन स्थल जैसे रेड फोर्ट, यहां सॉफ्ट टारगेट्स की भरमार है। इतनी भीड़ में हर व्यक्ति या वाहन की जांच असंभव है। आतंकवादी जानबूझकर त्योहारों (जैसे दीवाली) या व्यस्त समय चुनते हैं, जब नुकसान अधिक हो।

दूसरी चुनौती इंटेलिजेंस और कोऑर्डिनेशन की कमी है। कई ब्लास्ट्स में पहले चेतावनी मिली, लेकिन एक्शन नहीं हुआ। जैसे 2008 में इंडियन मुजाहिदीन ने ईमेल भेजा था, फिर भी रोक नहीं पाए। दिल्ली पुलिस, एनआईए, आईबी, रॉ जैसी एजेंसियों के बीच समन्वय की कमी रहती है। राज्य और केंद्र की पुलिस में तालमेल न होने से जानकारी शेयरिंग में देरी होती है। 1985 के ट्रांजिस्टर बम केस में जांच इतनी खराब थी कि 35 साल बाद आरोपी बरी हो गए। सबूतों का संरक्षण, गवाहों की सुरक्षा और फॉरेंसिक जांच में कमियां आम हैं।

तीसरा, विस्फोटकों की आसान उपलब्धता। अमोनियम नाइट्रेट, आरडीएक्स जैसे सामान खाद या इंडस्ट्री में इस्तेमाल होते हैं, लेकिन काला बाजार में आसानी से मिल जाते हैं। 2025 के ब्लास्ट में भी अमोनियम नाइट्रेट इस्तेमाल हुआ, जो फरीदाबाद में बड़ी मात्रा में बरामद हुआ। बॉर्डर से तस्करी, लोकल सप्लायर्स और ऑनलाइन खरीदारी ने इसे आसान बना दिया है। चौथा, आतंकवाद की बदलती प्रकृति। पहले खालिस्तानी, फिर कश्मीरी अलगाववादी, अब इंडियन मुजाहिदीन जैसे ग्रुप। पाकिस्तान से क्रॉस-बॉर्डर सपोर्ट-फंडिंग, ट्रेनिंग, हथियार जारी है। जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर जैसे ग्रुप आईएसआई की मदद से ऑपरेट करते हैं। अब 'व्हाइट कॉलर टेररिज्म' उभरा है, जहां डॉक्टर, इंजीनियर जैसे शिक्षित लोग रेडिकलाइज होकर शामिल हो रहे हैं। पांचवीं, तकनीकी और मानवीय संसाधनों की कमी। सीसीटीवी तो लगे हैं, लेकिन पूरे शहर में कवरेज नहीं। ड्रोन, एआई बेस्ड सर्विलांस सीमित है। पुलिसकर्मियों की संख्या अपर्याप्त, ट्रेनिंग पुरानी। राजनीतिक इच्छाशक्ति भी कमजोर पड़ती है- चुनावी मौसम में सख्ती, फिर ढील।

इन चुनौतियों के बावजूद, हमारी एनएसजी और एनआईए जैसी एजेंसियां मजबूत हुईं। 2011 के बाद बड़े ब्लास्ट कम हुए, जो सुरक्षा की सफलता है, लेकिन सोमवार का ब्लास्ट बताता है कि खतरा बाकी है। ये विस्फोट न केवल जान लेते हैं, बल्कि देश की एकता पर चोट करते हैं। समय आ गया है कि हम इनसे सबक लें और दिल्ली को वाकई सुरक्षित बनाएं। निर्दोषों की मौतें बंद होनी चाहिए।

सोशल फोरम

जीवन का श्वास है संवाद

एक बार किसी को नकार देना एक पूरे संसार का दरवाजा बंद कर देना होता है। इस नकार का असर हमेशा ठंडा होता है, जैसे किसी जीवित शरीर में धीरे-धीरे मृत्यु उतर रही हो। नकार के बाद जो बचता है, वह संवाद का शव होता है-बिना आवाज, बिना हरकत, बिना उम्मीद के। मनुष्य का अस्तित्व संवाद में ही जीवित रहता है। हम जब किसी की बात सुनते हैं, तो हम उसके साथ एक अदृश्य सेतु बनाते हैं। ऐसा पुल जिस पर से दोनों ओर की चेतनाएं चल सकती हैं, लेकिन जब किसी की बात को ठुकरा दिया जाता है, जब यह कहा जाता है कि "बस, अब और नहीं," तो वह सेतु ढह जाता है। दोनों किनारे एक-दूसरे से कट जाते हैं।

मनोज अभिज्ञान

ब्लॉगर

वहीं शुरू होती है ठंडक- मृत्यु जैसी, लेकिन जीवित शरीर में। नकार का मतलब सिर्फ किसी विचार या राय को अस्वीकार करना नहीं होता, बल्कि यह कहना भी होता है कि "तुम्हारी अनुभूति मेरे लिए अप्रासंगिक है, तुम्हारा अनुभव असत्य है, तुम्हारी दृष्टि का मेरे लिए कोई मूल्य नहीं।" यह अदृश्य हिंसा है, जो शब्दों के बिना भी किसी के स्व को घायल कर सकती है। उस क्षण, जब किसी को पूरी तरह नकार दिया जाता है, वह खुद से संवाद खो देता है। उसे लगता है जैसे उसकी भाषा व्यर्थ थी, जैसे उसकी चेतना ही गलत थी। कई बार लोग सोचते हैं कि किसी बात को नकार देना दृढ़ता है, निर्णय लेने की शक्ति है, लेकिन सच में, यह कई बार संवेदना की मृत्यु होती है। धीरे-धीरे हम ऐसे बन जाते हैं, जिन्हें अब कुछ भी नया छू नहीं पाता। नकार में अजीब सी आत्मरक्षा होती है, जैसे हम किसी दूसरे के सत्य से डरते हों। क्योंकि किसी को सुनना, किसी के दृष्टिकोण को स्वीकार करना, अपने विचारों को अस्थिर होने देना है। यह साहस मांगता है, लेकिन जब हम कहते हैं "नहीं, बस इतना ही सही है," तो हम अपने विचारों को कांच की तरह जड़ बना लेते हैं-साफ, लेकिन नाजुक और जब जीवन अपनी अनिश्चितताओं के साथ टकराता है, तो यह कांच टूट जाता है। संवाद जीवन का श्वास है। वह चलता रहे, तो मनुष्य जीवित है। वह रुक जाए, तो चाहे शरीर सांस ले रहा हो, भीतर कुछ मर चुका होता है। कभी-कभी यह नकार किसी विवाद का हिस्सा होता है, कभी किसी रिश्ते का। इसलिए हर बार जब मन करे किसी को नकार देने का, किसी बात को, किसी व्यक्ति को, तो थोड़ा ठहर जाना चाहिए। क्योंकि हर नकार के पीछे एक अपूर्ण संवाद छिपा होता है। संवाद, चाहे जितना कठिन हो, मृत्यु से हमेशा बेहतर होता है। जीवन का अर्थ जीतने या साबित करने में नहीं, बल्कि सुनने और समझने में है। नकार जहां खत्म होता है, वहीं से विनाश शुरू होता है और जहां संवाद जीवित रहता है, वहां से हमेशा सुप्रभात जन्म लेता है।

– फेसबुक वॉल से

सामयिकी

क्या बांग्लादेश में समानुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली लागू है?

भारत की भागीदारी से जिस बांग्लादेश को अलग देश बनाया गया। वहीं आज हिन्दू अल्पसंख्यक हिंसा के शिकार हो रहे है। भारत के राजनयिक संबंधों को दरकिनार कर शेख हसीना का तख्तापलट करने वाले कट्टरपंथी समाज वहां अल्पसंख्यक हिन्दुओं के साथ सौतेला व्यवहार कर रहे हैं। बांग्लादेश दक्षिण एशिया में एक मुस्लिम बहुल राष्ट्र है, जहां लगभग प्रतिशत से अधिक आबादी हिन्दू अल्पसंख्यक हैं। जम्मा-ए-इस्लामी जैसे इस्लामवादी एवं धर्मनिरपेक्ष राजनीति में सक्रिय समूह देश की राजनीतिक सामाजिक तस्वीर को जटिल बना देते हैं। इसके अतिरिक्त, राजनीतिक दलों और सरकार के बीच सत्ता-संघर्ष के कारण यही जनसंघर्ष अक्सर सामाजिक तथा धार्मिक अल्पसंख्यकों को प्रभावित करता रहा है। वर्तमान में बांग्लादेश में समानुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली की अवधारणा उस बदलाव के संदर्भ में उठ रही है, जिसे छात्र आंदोलन, नागरिक समाज और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने मांग किया है। हालांकि स्पष्ट रूप से यह प्रणाली देश में लागू है या नहीं, यह सवाल बना हुआ है।

कांतिलाल मांडोत

स्वतंत्र लेखक

एक जानकारी के मुताबिक जुलाई-अगस्त 2024 के छात्र-आंदोलनों के बाद नया अंतरिम सरकार चुनावी सुधार एवं प्रशासनिक सुधार की दिशा में काम कर रही है। समानुपातिक प्रतिनिधित्व का उद्देश्य है कि राजनीतिक प्रतिनिधित्व सिर्फ बहुमत वाले धड़ों तक सीमित न रहे, बल्कि जाति, धर्म, क्षेत्र, लिंग आदि विविध समूहों को भी संसद-स्थानिक शासन में उचित भागीदारी मिले। यदि इस तरह की प्रणाली बांग्लादेश में पूरी तरह लागू हो जाए, तो अल्पसंख्यकों-विशेषकर हिन्दुओं के लिए बेहतर प्रतिनिधित्व संभव हो सकता है। जमात-ए-इस्लाम (जमात) बांग्लादेश में इस्लामी विचारधारा वाले प्रमुख राजनीतिक संगठन है, जिसे कई आलोचकों द्वारा कट्टरवाद और अल्पसंख्यकों विरोधी कार्रवाई से जोड़ा गया है। उदाहरण के लिए जुलाई-अगस्त 2024 के दौरान छात्र-आंदोलन हिंसक मोड़ लेने पर जमात-छात्र संगठन सहित कुछ इस्लामी समूहों पर हिंसा भड़काने का आरोप लगा था। इन आंदोलनों तथा रैलियों का उद्देश्य अक्सर सरकार-नीति से असंतुष्ट आवाज उठाना, प्रशासनिक सुधार की मांग करना या सत्ता-विग्रह की स्थिति बनाना रहा है। हालांकि जब यह प्रदर्शन हिंसात्मक बने, तो सामाजिक सुरक्षा, कानून-व्यवस्था और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा पर गंभीर असर हुआ।

सामाजिक भरोसा टूट रहा है। हिन्दू-मुस्लिम अल्पसंख्यक-बहुसंख्यक बीच में राजनीतिक प्रतिनिधित्व एवं सुरक्षा की कमी गंभीर चिंता का विषय बन गई है। बांग्लादेश में समानुपातिक प्रतिनिधित्व का महत्व और चुनौतियां को देखते हुए अल्पसंख्यक समुदाय के लिए गंभीर संकट है। समानुपातिक प्रतिनिधित्व का मॉडल उस स्थिति से बेहतर माना जाता है, जहां एक ही धड़े द्वारा अधिकांश बहुमत जीत लें और अन्य छोटे-वोटर समूह अनदेखे रह जाएं। यदि बांग्लादेश में पीआर लागू हुआ या हो रहा है, तो इसके निम्न लाभ-हानि व्याख्यायित किए जा सकते हैं। अल्पसंख्यकों जैसे हिन्दू को संसद-विधान परिषद में बेहतर भागीदारी मिल सकती है। राजनीतिक दलों को वोट-विभाजन तथा विविधता को धारण करना पड़ेगा, जिससे ध्रुवीकरण कम हो सकता है। यदि हिन्दू समुदाय पीआर के लाभ उठा सकें, तो उन्हें सक्रिय-पॉलिटिकल भागीदारी, सामाजिक-संरक्षण तथा स्थानीय स्तर पर प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना होगा। सुरक्षा, भागीदारी, जागरूकता एवं सामाजिक-संबंधों का समन्वित विकास आवश्यक है। हिन्दू समुदाय को सक्रिय रूप से अपनी सुरक्षा-योजना विकसित करनी होगी। न कि सिर्फ रक्षा-मोड में, बल्कि भागीदारी-मोड में भी। इससे अल्पसंख्यको के लिए बांग्लादेश में सुरक्षा उपलब्ध हो सकती है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना*** 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

विधि विज्ञान से अपराधों की गुत्थियां सुलझाने का सपना देखने वाले युवाओं के लिए सुखद अवसर है और सरोवर नगरी में प्राकृतिक सुंदरता के बीच यह मौका और भी सुनहरा हो जाता है। नैनीताल स्थित कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी कैंपस में अब मास्टर ऑफ फॉरेंसिक साइंस कोर्स संचालित होना शुरू हो गया। यह उत्तराखंड का एकमात्र सरकारी कॉलेज है, जहां यह विशेष कोर्स उपलब्ध है। फॉरेंसिक साइंस आज के दौर में अपराध जांच का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। चोरी, हत्या से लेकर साइबर अपराध और आतंकवाद जैसे जटिल मामलों में सबूत जुटाने और वैज्ञानिक विश्लेषण करने के लिए फॉरेंसिक विशेषज्ञों की अहम भूमिका होती है। यही कारण है कि पुलिस विभाग, सीबीआई, एनआईए, एफएसएल और न्यायिक जांच एजेंसियों में फॉरेंसिक विशेषज्ञों की मांग तेजी से बढ़ रही है।

-प्रस्तुति
गौरव जोशी, नैनीताल

नैनीताल के डीएसबी से बनें फॉरेंसिक साइंस में एक्सपर्ट

आधुनिक लैब और प्रैक्टिकल लर्निंग का अवसर

डीएसबी परिसर के फॉरेंसिक साइंस विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. नगमा परवीन के अनुसार यह राज्य का इकलौता सरकारी संस्थान है, जहां दो साल का पीजी डिग्री कोर्स संचालित होता है। विभाग को बायोमेडिकल डिपार्टमेंट के डीन प्रोफेसर महेंद्र राणा के निर्देशन में चलाया जा रहा है। दो वर्षीय यह मास्टर प्रोग्राम छात्रों को अत्याधुनिक लैब, आधुनिक उपकरणों और अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रायोगिक शिक्षा का अवसर प्रदान करता है। यहां छात्रों को अपराध स्थलों से सबूतों का वैज्ञानिक विश्लेषण, डीएनए प्रोफाइलिंग, फिंगरप्रिंट एनालिसिस, टॉक्सिकोलॉजी, साइबर फॉरेंसिक और क्राइम सीन रिकंस्ट्रक्शन जैसी महत्वपूर्ण विधाओं का प्रशिक्षण दिया जाता है। कोर्स की सबसे खास बात इसकी सुलभ फीस है। छात्रों को 25,000 रुपये प्रति सेमेस्टर में उच्च स्तरीय शिक्षा और लैब अनुभव का अवसर मिलता है। एक साल में दो सेमेस्टर यानी कुल चार सेमेस्टर हैं।

कैसे करें आवेदन

कुमाऊं विश्वविद्यालय में आवेदन के इच्छुक छात्र समर्थ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जुलाई में एडमिशन शुरू होते हैं। पढ़ाई ऑफलाइन ही होगी और दूसरे राज्यों के विद्यार्थी निजी हॉस्टल या पीजी में रह सकते हैं। डीन प्रो. महेंद्र राणा के अनुसार, नैनीताल से करीब 12 किलोमीटर दूर पर्यटन स्थल पटवाडांगर में जल्द ही नया कैंपस खुल रहा है, जहां यूजी कोर्स भी शुरू होगा।

यहां बना सकते हैं करियर

कम लागत में कॅरियर के नए अवसरों के द्वार खुलने से यह कोर्स युवाओं के बीच लोकप्रिय हो रहा है। फॉरेंसिक साइंस की पढ़ाई पूरी करने वाले छात्र सरकारी और निजी फॉरेंसिक लैब्स, पुलिस विभाग, जांच एजेंसियों, न्यायालय और रिसर्च सेंटर्स में कार्य कर सकते हैं। इसके अलावा वे एक्सपर्ट विटनेस या कंसल्टेंट के रूप में भी कॅरियर बना सकते हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार यह कोर्स न केवल युवाओं के करियर को नई दिशा देता है, बल्कि उन्हें अपराध जांच की वैज्ञानिक दुनिया में योगदान करने का गौरव भी प्रदान करता है।

नोटिस बोर्ड

- आज (13 नवंबर) महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली का 23 वां दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय परिसर के अटल सभागार में आयोजित किया जाएगा। इसमें उप्र राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार भी शामिल होंगे। संतोष गंगवार को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड दिया जाएगा। इसके अलावा 94 टॉपर्स को स्वर्ण पदक और 111 विद्यार्थियों को उपाधियां दी जाएंगी।

- रामपुर में सेवायोजन विभाग द्वारा दो दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 14 व 15 नवंबर को प्रातः 10 बजे से जिला सेवायोजन कार्यालय पुरानी तहसील में आयोजित होगा। रोजगार मेले में कैरम मोबिलिटी सॉल्यूशन प्रालि एवं पुखराज हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड प्रतिभाग करेंगे।
- एचबीटीयू में 22 नंवबर को पूर्व छात्र सम्मेलन आयोजित होगा। इस सम्मेलन में 1975 बैच की गोल्डन जुबली व 2000 बैच की सिल्वर जुबली आयोजित होगी। यहां पूर्व छात्र विश्वविद्यालय परिसर आकर पुराने दिन याद करेंगे।

जॉब अलर्ट

बैंक ऑफ बड़ौदा

- पद का नाम : प्रशिक्षु
- पदों की संख्या : 2700
- वेतन : 15,000
- योग्यता : स्नातक
- आयु सीमा : 20 से 28 वर्ष
- आवेदन की अंतिम तिथि : 01-12-2025
- वेबसाइट : bankofbaroda.bank.in

बीओबी कैपिटल मार्केट्स

- पद का नाम : व्यवसाय विकास प्रबंधक
- पदों की संख्या : 110
- योग्यता : स्नातक, 12वीं
- आवेदन की अंतिम तिथि : 30-11-2025
- वेबसाइट : bobcaps.in

इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (IPPB)

- पद का नाम : जूनियर एसोसिएट, सहायक प्रबंधक
- पदों की संख्या : 309
- योग्यता : स्नातक
- आयु सीमा : 20 से 35 वर्ष
- आवेदन की अंतिम तिथि : 01-12-2025
- वेबसाइट : ippbonline.bank.in

इंटेलिजेंस ब्यूरो (IB)

- पद का नाम : सहायक केंद्रीय खुफिया अधिकारी ग्रेड II/तकनीकी
- पदों की संख्या : 258
- वेतनमान : रु. 44900-142400
- योग्यता : बी.टेक/बी.ई., एम.एससी
- आयु सीमा : 18 से 27 वर्ष
- आवेदन की अंतिम तिथि : 16-11-2025
- आधिकारिक वेबसाइट : mha.gov.in

कैंपस में पहला दिन — कॉलेज जाने के उत्साह में नहीं आई नींद

वर्ष 1980 में जब मैंने अपनी इंटर की परीक्षा उत्तीर्ण की, तब कॉलेज में प्रवेश की उम्मींद मन में हिलोरे मान रहीं थीं। स्कूल से कॉलेज जाने का उत्साह क्या होता है, उस वक्त एकाएक मैने अनुभव किया। मन में यह सवाल भी था कि किसी महाविद्यालय में प्रवेश लिया जाए? ऐसे में उस वक्त शहर के सभी युवाओं के मन में हमारे शहर कानपुर के क्राइस्ट चर्च कॉलेज जाना, वहां पढ़ना एक सपना हुआ करता था। मैं भी उसी सपने को पूरा करने के लिए प्रयास करने लगा। चुनौती कठिन थी, क्योंकि उस वक्त इस कॉलेज में प्रवेश पाना ही बड़ी उपलब्धि मानी जाती थी। खैर! मैंने कॉलेज में प्रवेश के नियम समझे। चुंकि मैं 12 वीं कक्षा तक वालीबॉल में राष्ट्रीय व एक जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता का उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधि कर चुका था। इस तरह से मेरे इस प्रोफाइल के चलते मेरा एडमिशन कॉलेज में हो गया था। कॉलेज में प्रवेश की सूचना जैसे ही मुझे मिली मेरी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। यह खुशी इस कदर थी कि कॉलेज जाने के एक दिन पहले की पूरी रात मैं सो नहीं सका। पूरी रात कॉलेज के पहले दिन के विचार मेरे मन में आते रहे। कॉलेज जाने के लिए सुबह जल्दी से तैयार होकर तय समय से लगभग आधे घंटे पहले ही मैं कॉलेज पहुंच गया। कॉलेज में मेरी ही तरह और भी छात्र-छात्राएं पहले से ही उपस्थित थे। संयोग से मुझे सबसे आगे बैठने का मौका मिला। कॉलेज के पहले ही दिन जब प्रोफेसर क्लास में आए तो उन्होंने सबका अभिवादन किया। एक-एक कर सबका परिचय हुआ। जब मेरा परिचय पूछा गया तो मैंने अपनी खिलाड़ी पृष्ठभुमि को सबसे पहले बताया। मेरी बात जब तक पूरी होती, तब तक प्रोफेसर व क्लास में मौजूद सभी ने तालियां बजाकर मेरा अभिवादन किया। यह पल मेरे जीवन के सबसे सुखद पलों में से एक था। कॉलेज के पहले दिन ही मुझे ऐसा अनुभव हुआ कि अब मैं जीवन के व्यस्क और जिम्मेदार नागरिक की भूमिका में आ खड़ा हुआ हूं। क्लास में एक के बाद एक कक्षाएं संचालित होती रहीं। पहले दिन का कॉलेज खत्म हो गया। बावजूद किसी को भी घर जाने का मन नहीं हो रहा था। ऐसे में क्लास में ही सभी ने दोस्ती भरे माहौल में एक दूसरे से बातचीत की। उस दिन बने दोस्तों में कुछ आज भी मेरे साथ हैं। वह दोस्ती आज भी सुख और दुख के पलों में जिंदा हैं।

-सुशील शर्मा
चेयरमैन, इंडस्ट्री कमेटी, मर्चेंट चेंबर ऑफ उत्तर प्रदेश, कानपुर।

ऑफ बीट कोर्स
नई पीढ़ी के लिए नए रास्ते

अगर आप जिंदगी में कुछ बड़ा करना चाहते हैं, तो जरूरी नहीं कि डॉक्टर, इंजीनियर या चार्टर्ड अकाउंटेंट बनना ही एकमात्र रास्ता हो। अब वक्त है अपनी रुचि और क्रिएटिविटी को पहचानने का। आज ऐसे कई ऑफ बीट कोर्स हैं, जिनमें कंपटीशन कम और कमाई ज्यादा है। इन कोर्सों के जरिए आप न केवल एक अलग पहचान बना सकते हैं, बल्कि अपने पैशन को भी करियर में बदल सकते हैं।

क्या होते हैं ऑफ बीट कोर्स

ऑफ बीट कोर्स वे होते हैं, जो पारंपरिक विषयों से अलग, नए और इनोवेटिव करियर विकल्प देते हैं। इनका उद्देश्य सिर्फ डिग्री पाना नहीं, बल्कि आपकी इंटरेस्ट और टैलेंट को पेशेवर रूप देना है। ऐसे कोर्सेज में प्रैक्टिकल नॉलेज और स्किल डेवलपमेंट पर खास ध्यान दिया जाता है।

ग्राफिक डिजाइनिंग

आपको रंगों, ड्रॉइंग और विजुअल क्रिएटिविटी से लगाव है, तो ग्राफिक डिजाइनिंग एक सुनहरा विकल्प है। इस कोर्स में आप सीखते हैं कि किसी आइडिया को आकर्षक विजुअल फॉर्म में कैसे बदला जाए। ब्रांडिंग, एडवरटाइजिंग, सोशल मीडिया और डिजिटल कंटेंट के दौर में इसकी मांग तेजी से बढ़ी है।

फिल्ममेकिंग और सिनेमैटोग्राफी

बॉलीवुड, ओटीटी या यूट्यूब- हर जगह कहानी कहने की कला की जरूरत होती है। फिल्ममेकिंग कोर्स में कैमरा हैंडलिंग, एडिटिंग, लाइटिंग, स्क्रिप्ट राइटिंग और डायरेक्शन जैसी तकनीकी स्किल्स सिखाई जाती हैं। अगर आप विजुअल स्टोरीटेलर हैं, तो यह फील्ड आपके लिए परफेक्ट है।

ट्रैवल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट

यदि आपको नए स्थानों की खोज और लोगों से मिलना पसंद है, तो ट्रैवल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट एक रोमांचक विकल्प है। आप एयरलाइन, ट्रैवल एजेंसी, होटल या टूर प्लानर के रूप में काम कर सकते हैं। इस कोर्स से विदेशों में भी शानदार करियर बनता है।

बेकिंग और क्यूलिनरी आर्ट्स

यदि खाना बनाना आपका पैशन है, तो इसे पेशे में बदलने का वक्त है। बेकिंग और क्यूलिनरी आर्ट्स कोर्स से आप प्रोफेशनल शेफ, फूड स्टाइलिस्ट या ब्लॉगर बन सकते हैं। आज फूड इंडस्ट्री तेजी से बढ़ रही है और इसमें क्रिएटिव टैलेंट की बहुत मांग है।

डिजिटल मार्केटिंग

डिजिटल युग में हर ब्रांड को ऐसे लोगों की जरूरत है, जो ऑनलाइन दुनिया को समझते हों। डिजिटल मार्केटिंग में SEO, सोशल मीडिया, कंटेंट क्रिएशन, ईमेल और पेड कैंपेन जैसी स्किल्स सिखाई जाती हैं। इस कोर्स से आप फ्रीलांसर बनकर भी अच्छा कमा सकते हैं।

बाजार	सेंसेक्स ↑	निफ्टी ↑
बंद हुआ	84,466.51	25,875.80
बढ़त	595.19	180.85
प्रतिशत में	0.70	0.70

सोना 1,27,900 प्रति 10 ग्राम

चांदी 1,61,300 प्रति किलो

अमृत विचार
अयोध्या, गुरुवार, 13 नवंबर 2025
www.amritvichar.com

बिजनेस ब्रीफ

बेहतर भारत के लिए अनुसंधान एकमात्र रास्ता : नारायण मूर्ति

बेंगलुरु। आईटी उद्योग के दिग्गज एनआर नारायणमूर्ति ने अनुसंधान पर भारत के राष्ट्रीय एवं संस्थागत स्तर पर ध्यान देने की आवश्यकता पर बुधवार को जोर देते हुए कहा कि यह देश व दुनिया को बेहतर स्थान बनाने का एकमात्र रास्ता है। उन्होंने भारत से एक आकांक्षापूर्ण, योग्यता आधारित एवं प्रतिस्पर्धी अनुसंधान परिवेश बनाने का आह्वान किया जो वैज्ञानिकों, इंजीनियर, अर्थशास्त्रियों, गणितज्ञों और मानवतावादियों को लाभकारी माहौल मुहैया कराए। 'इन्फोसिस पुरस्कार 2025' की यहां घोषणा के अवसर पर मूर्ति ने रोमन सम्राट मार्कस ऑरेलियस को उद्धृत किया और कहा कि अनुसंधान समझ के विस्तार का प्रतिनिधित्व करता है, जो प्रकृति के रहस्यों को उजागर करने, दूसरों ने जो अभी तक नहीं देखा है उसे देखने एवं मानव जाति के सामने आने वाली समस्याओं के संभवत: असंभव समाधान खोजने की ओर ले जाता है।

भारत वैश्विक तेल मांग वृद्धि में बनेगा प्रमुख केंद्र: आईईए

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने बुधवार को कहा कि दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल आयातक और उपभोक्ता देश, भारत अगले दशक में तेल की मांग में वृद्धि का नया केंद्र होगा। उभरते बाजारों और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में, भारत में ऊर्जा की मांग सबसे तेजी से बढ़ रही है। इसका 2035 तक हर साल औसतन तीन प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। पेरिस स्थित एजेंसी ने नवीनतम वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य में कहा कि 2035 तक वैश्विक तेल खपत में सबसे ज्यादा वृद्धि भारत में होगी। इसका कारण तेज आर्थिक विस्तार, औद्योगीकरण और वाहनों की बढ़ती संख्या है। देश की ऊर्जा मांग चीन और दक्षिण पूर्व एशिया की संयुक्त मांग से भी ज्यादा होगी। यह वैश्विक तेल बाजारों को आकार देने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है। आईईए ने कहा, वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए 2050 तक तेल प्रमुख ईंधन बना रहेगा। पिछले 10 वर्षों में तेल की मांग में 75 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि चीन में हुई है।

नौकरियों में सुधार के संकेत, 2026 तक बढ़ सकती हैं 11% नियुक्तियां

बीएफएसआई, विनिर्माण और बुनियादी ढांचा जैसे क्षेत्र बढ़ाएंगे भर्तियों की गति

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में एक साल की सुस्त एकल अंक की वृद्धि के बाद नियुक्ति की मंशा दोहरे अंक में 11 प्रतिशत पर लौट आई है। यह पिछले साल 9.75 प्रतिशत थी जिसे क्षेत्रीय विस्तार से समर्थन मिला है। एक रिपोर्ट में यह बात सामने आई।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के सहयोग से डिजिटल भर्ती मंच 'टैग्ड' की ओर से जारी 'इंडिया डिकोडिंग जॉब्स' 2026 रिपोर्ट के अनुसार, बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं एवं बीमा (बीएफएसआई), विनिर्माण और बुनियादी ढांचा जैसे क्षेत्र भर्ती की गति को बढ़ाने के लिए तैयार हैं। टैग्ड के सीईओ देवाशीष शर्मा ने कहा, यह पुनरुत्थान डिजिटल क्रांति, औपचारिकता और क्षेत्रीय विस्तार द्वारा संचालित पुनर्प्राप्ति से पुनर्निर्माण की ओर बदलाव को दर्शाता है। रिपोर्ट का यह संस्करण 21 उद्योगों के लगभग 300 से अधिक दिग्गजों से प्राप्त फीडबैक पर आधारित है

कंपनियों को अब अनुभवी प्रतिभाओं की तलाश

रिपोर्ट के अनुसार, नियोक्ता डिजिटल एवं डेटा विशेषज्ञों, कृत्रिम मेधा/मशीन लर्निंग इंजीनियर और स्थिरता विशेषज्ञों के साथ-साथ जेनएआई, क्लाउड कंप्यूटिंग व साइबर सुरक्षा जैसी प्रौद्योगिकियों में कुशल उम्मीदवारों की तलाश कर रहे हैं। वर्ष 2026 अनुभवी पेशेवरों का वर्ष बनकर उभरेगा क्योंकि कंपनियां छह से 15 वर्ष के अनुभव वाले मध्यम एवं वरिष्ठ स्तर की प्रतिभाओं को प्राथमिकता दे रही हैं। 2026 में अनुमानित नौकरियों में मझोले शहरों का योगदान 32 प्रतिशत होगा। इसमे कहा गया कि वित्त वर्ष 2026-27 में महिलाओं की भर्ती 30 प्रतिशत रहने का अनुमान है जो 2025 के स्तर के अनुरूप है लेकिन 2024 के 36 प्रतिशत से कम है।

और भारत की नौकरी एवं प्रतिभा की कहानी का डेटा-समर्थित दृष्टिकोण पेश करता है।

रिपोर्ट के अनुसार, कृत्रिम मेधा (एआई), संगठनों में नियुक्ति के तरीके को बदल रहा है। 60 प्रतिशत भर्तीकर्ता इसका उपयोग 'रिज्यूमे स्क्रीनिंग' के लिए और 45 प्रतिशत साक्षात्कार स्वचालन के लिए करते हैं। नतीजतन एआई-संबंधित कौशल अब भर्ती में उतने ही महत्वपूर्ण हैं जितने कि अन्य उद्योगों में।

स्किल फर्स्ट : रिज्यूमे आधारित भर्ती प्रक्रिया से हट रही हैं कंपनियां

मुंबई। नियोक्ता अब हुनर को प्राथमिकता दे रहे हैं। लगभग 59 प्रतिशत कंपनियां पहले कौशल यानी स्किल फर्स्ट दृष्टिकोण अपना रही हैं जो पिछले साल की तुलना में 26 प्रतिशत अधिक है। पारंपरिक रिज्यूमे' आधारित भर्ती प्रक्रिया से हटते हुए अब अधिक कंपनियां 'स्किल-फर्स्ट' यानी नियुक्ति में हुनर को प्राथमिकता दे रही हैं। कृत्रिम मेधा-समर्थित कौशल आकलन मंच 'इक्विप' की 'स्किल-फर्स्ट हायरिंग' रिपोर्ट के अनुसार 59 प्रतिशत कंपनियां कौशल-आधारित भर्ती दृष्टिकोण अपना रही हैं। यह पिछले साल की तुलना में 26 प्रतिशत और 2022 से 78 प्रतिशत अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया कि एआई टूल्स की मदद से वास्तविक कौशल का बड़े पैमाने पर मूल्यांकन आसान हो गया है जिससे पारंपरिक 'रिज्यूमे' आधारित भर्ती प्रक्रिया की जगह कौशल-आधारित मूल्यांकन ने ले ली है।

सेंसेक्स 595 अंक चढ़ा, निफ्टी 25,850 के पार

मुंबई, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला लगातार तीसरे दिन बुधवार को जारी रहा और दोनों मानक सूचकांक लाभ में रहे। बीएसई सेंसेक्स 595 अंक चढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी में 189 अंक की तेजी रही।

वैश्विक शेयर बाजारों में तेजी के बीच आईटी तथा टिकाऊ उपभोक्ता सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में भारी लिवाली से बाजार में तेजी बनी रही। कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी सरकार के कामकाज ठप होने के संभावित समाधान और

• अमेरिका से व्यापार समझौते की उम्मीद से बाजार में पड़ी जान

फेडरल रिजर्व के ब्याज दर में कटौती की उम्मीद से बाजार धारणा को मजबूती मिली। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 595.19 अंक यानी 0.70 प्रतिशत की बढ़त के साथ 84,466.51 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 780.69 अंक चढ़कर 84,652.01 अंक के उच्चस्तर पर पहुंच गया था। एनएसई निफ्टी 180.85 अंक यानी 0.70 प्रतिशत चढ़कर 25,875.80 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 239.6 अंक तक चढ़ गया था।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट नंदीश शाह ने कहा, निफ्टी ने लगातार तीसरे सत्र में बढ़त का सिलसिला जारी रखा और अमेरिका के साथ संभावित व्यापार समझौते को लेकर उम्मीद के कारण 180 अंक बढ़कर 25,875 अंक पर बंद हुआ।

भारत यात्रा पर कनाडा के अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री

नई दिल्ली। कनाडा के अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री मनिंदर सिद्धू बुधवार से तीन दिवसीय भारत यात्रा पर हैं। यात्रा का मकसद व्यापार और निवेश संबंधों को मजबूत करना है। कनाडाई उच्चायोग ने बताया कि सिद्धू भारत में एआई, स्वच्छ प्रौद्योगिकी और डिजिटल उद्योगों सहित कई क्षेत्रों में कनाडा-भारत व्यापार संबंधों को बढ़ावा देंगे और दोनों देशों के कामगारों तथा व्यवसायों के लिए नए साझेदारी के अवसर तलाशेंगे।

अपनी संपत्तियों का खुलासा करें सेबी प्रमुख और वरिष्ठ अधिकारी

नई दिल्ली, एजेंसी

सेबी चेयरमैन और वरिष्ठ अधिकारियों को पारदर्शिता एवं जवाबदेही बढ़ाने के लिए अपनी संपत्तियों व देनदारियों का सार्वजनिक खुलासा करना चाहिए। एक उच्चस्तरीय समिति ने सुझाव दिया है।

पूर्व मुख्य सतर्कता आयुक्त प्रत्यूष सिन्हा की अध्यक्षता वाली समिति ने यह भी सुझाव दिया कि सभी सेबी बोर्ड सदस्यों तथा कर्मचारियों को परिसंपत्तियों, देनदारियों, व्यापारिक गतिविधियों व पारिवारिक संबंधों के साथ-साथ अन्य व्यावसायिक एवं संबंधपरक हितों का प्रारंभिक, वार्षिक और कुछ भी बदलाव होने पर व उससे अलग होने संबंधी खुलासा करना चाहिए। यह खुलासा प्रस्तावित सेबी के नैतिकता एवं अनुपालन कार्यालय (ओईसी) तथा नैतिकता एवं अनुपालन निरीक्षण समिति के समक्ष किया जाना चाहिए।

सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय को 10 नवंबर को सौंपी गई रिपोर्ट में सुझाव दिया गया कि चेयरमैन व सदस्यों के पद तथा उच्च पद पर सीधी भर्ती के लिए आवेदकों को नियुक्ति प्राधिकारी के समक्ष वित्तीय व गैर-वित्तीय प्रकृति के वास्तविक, संभावित तथा हितों के टकराव के जोखिमों का खुलासा करना होगा। समिति की रिपोर्ट में, चेयरमैन, डब्ल्यूटीएम (पूर्णकालिक सदस्य) और सीजीएम तथा उससे ऊपर के स्तर के सेबी कर्मचारियों को अपनी परिसंपत्तियों व देनदारियों का सार्वजनिक विवरण देने का सुझाव दिया गया। इसमें कहा गया कि सेबी बोर्ड के अंशकालिक सदस्यों को इससे छूट दी जा सकती है क्योंकि वे सेबी की दिन-प्रतिदिन की नियामक गतिविधियों को नहीं संभालते हैं।

• पूर्व सीवीसी प्रमुख की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समिति का सुझाव

माधबी पुरी पर आरोपों के बाद बनी थी समिति

सेबी बोर्ड ने हितों के टकराव और सेबी सदस्यों एवं अधिकारियों द्वारा संपत्ति, निवेश, देनदारियों तथा अन्य संबंधित मामलों के खुलासे से संबंधित मौजूदा प्रावधानों की व्यापक समीक्षा करने के लिए समिति गठित करने का मार्च में निर्णय लिया था। यह कदम सेबी की पूर्व प्रमुख माधबी पुरी बुच के खिलाफ लगे आरोपों के मद्देनजर उठाया गया। उन पर हितों के टकराव के कारण अदाणी समूह के खिलाफ जांच रोकने का आरोप लगाया गया था। हालांकि, बुच और अदाणी समूह दोनों ने इस आरोपों का खंडन किया है।

दूसरी तिमाही में जीडीपी 7.2% की दर से बढ़ेगी

नई दिल्ली, एजेंसी

इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में भारत की जीडीपी के 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया है। इसमें निजी खपत वृद्धि प्रमुख चालक होगी। वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में भारतीय अर्थव्यवस्था 5.6 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी।

रेटिंग एजेंसी ने कहा कि भारत के वास्तविक जीडीपी के चालू वित्त वर्ष में पांच तिमाहियों में सबसे तेज गति से 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। वास्तविक

• इंडिया रेटिंग्स का पांच तिमाही में सबसे ज्यादा तेजी का अनुमान

जीडीपी, आधार वर्ष 2011-12 पर आधारित होती है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) 28 नवंबर को वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही के जीडीपी वृद्धि अनुमानों पर आधिकारिक आंकड़े जारी करेगा।

रेटिंग एजेंसी ने बयान में कहा कि उसे उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर सालाना आधार पर 7.2 प्रतिशत पर मजबूत बनी रहेगी।

इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च के अर्थशास्त्री एवं कार्यकारी निदेशक पारस जसराय ने कहा, मांग पक्ष से निजी खपत, उच्च तथा निम्न आय वाले परिवारों दोनों की स्थिर वास्तविक आय में बढ़ोतरी के कारण वृद्धि का एक प्रमुख चालक है। उन्होंने कहा, विनिर्माण क्षेत्र में अनुकूल आधार-आधारित माल निर्यात वृद्धि के साथ-साथ मजबूत सेवा क्षेत्र ने वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही के दौरान आपूर्ति पक्ष से जीडीपी वृद्धि को बढ़ावा दिया।

भारत ने चीन के रबर के आयात की डंपिंग रोधी जांच शुरू की

नई दिल्ली। वाणिज्य मंत्रालय की इकाई डीजीटीआर ने एक घरेलू विनिर्माता की शिकायत पर मुख्य रूप से मोटर वाहन उद्योग में इस्तेमाल होने वाले चीनी रबर के आयात की डंपिंगरोधी जांच शुरू की है।

आरोप है कि हेलो आइसोब्यूटेन व आइसोप्रीन रबर की डंपिंग से घरेलू उद्योग प्रभावित हो रहा है। व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) ने अधिसूचना में कहा कि आवेदक रिलायंस सिबुर इलास्टोमर्स ने चीन से आयात पर डंपिंग रोधी शुल्क लगाने का अनुरोध किया है। कहा गया है, जांच में यदि सिद्ध हो जाता है कि डंपिंग से घरेलू उत्पादक को वास्तविक क्षति हुई है तो डीजीटीआर आयात पर शुल्क लगाने की सिफारिश करेगा। शुल्क लगाने का अंतिम निर्णय वित्त मंत्रालय लेता है। प्रतिकार उपाय के रूप में वे जिनेवा स्थित विश्व व्यापार संगठन की बहुपक्षीय व्यवस्था के तहत ये शुल्क लगाते हैं। इसका उद्देश्य निष्पक्ष व्यापार प्रथाओं को सुनिश्चित करना और घरेलू उत्पादकों एवं विदेशी उत्पादकों व निर्यातकों के लिए समान अवसर उपलब्ध कराना है।

हत्या के केस में फंसाए गए हरियाणा के वकील की तत्काल रिहाई का आदेश

हरियाणा-दिल्ली सरकार और बार काउंसिल ऑफ इंडिया को जारी किए नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को दिल्ली के वकील विक्रम सिंह को तत्काल रिहा करने का आदेश दिया, जिन्हें गुरुग्राम पुलिस के एसटीएफ ने हत्या के एक मामले में गिरफ्तार किया था। सीजेआई बीआर गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन तथा न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने वकील की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश पारित किया। अगली सुनवाई बुधवार को होगी।

न्यायालय ने निर्देश दिया कि सिंह को 10,000 रुपये के जमानती बॉन्ड जमा करने पर तत्काल रिहा किया जाए तथा उसने मामले की अगली सुनवाई अगले बुधवार के लिए तय कर दी। पीठ ने शीर्ष न्यायालय के रजिस्ट्रार (न्यायिक) को निर्देश दिया कि वे तत्काल अनुपालन के लिए गुरुग्राम के पुलिस आयुक्त को आदेश से अवगत कराएं। सुनवाई शुरू होने पर विकास ने कहा कि आपराधिक कानून में 'प्रैक्टिस' करने वाला कोई भी व्यक्ति अब इस तरह के बलपूर्वक उपायों का शिकार हो सकता है। सिंह 'सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन' के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार वकील गैंगस्टरों का प्रतिनिधित्व कर रहा था लेकिन वकीलों के खिलाफ पुलिस का इस तरह का अत्याचार अस्वीकार्य है।

विकास ने उच्चतम न्यायालय के हाल में आए एक फैसले का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि हर गिरफ्तार व्यक्ति को उसकी गिरफ्तारी के आधारों की जानकारी लिखित रूप में और ऐसी भाषा में दी जानी चाहिए जिसे वह समझ सके, चाहे अपराध का स्वरूप कुछ भी हो। सिंह ने आरोप लगाया कि एसटीएफ ने ऐसा नहीं किया। वरिष्ठ अधिवक्ता ने यह भी कहा कि उन्होंने दिल्ली के वकीलों को मनाया है कि इस मुद्दे पर हड़ताल जारी न रखें क्योंकि इस मामले में उच्चतम न्यायालय में याचिका दाखिल की जा चुकी है। इन दलीलों पर गौर करते हुए पीठ ने हरियाणा और दिल्ली सरकारों तथा बार काउंसिल ऑफ इंडिया को नोटिस जारी किया।

वकील ने की थी मुवक्किल का पैर तोड़ देने की शिकायत

पीठ ने गौर किया कि एसटीएफ अधिकारी गिरफ्तार वकील के संपर्क में थे। पीठ ने कहा, याचिकाकर्ता का कहना है कि एएसआई के कहने पर वह थाने गए लेकिन वहां पहुंचने के बाद उन्हें गिरफ्तारी का कारण बताए बिना हिरासत में ले लिया गया। दिल्ली की विभिन्न जिला अदालतों के बार एसोसिएशन ने छह नवंबर को विकास सिंह को झूठे हत्या के मामले में फंसाए जाने के विरोध में हड़ताल की थी। याचिका में उनकी तत्काल रिहाई और एसटीएफ की अवैध कार्रवाई की न्यायिक जांच का अनुरोध किया गया है। यह भी अनुरोध किया गया है कि आईपीसी की धारा 302 और 34 तथा शस्त्र कानून की धारा 25 के तहत दर्ज सभी आपराधिक कार्यवाहियों को रद्द किया जाए। याचिका में कहा गया है कि वकील को तब निशाना बनाया गया जब उन्होंने अदालत में आवेदन दायर कर आरोप लगाया कि उनके एक मुवक्किल ज्योति प्रकाश उर्फ बाबा से हिरासत में मारपीट कर उसका पैर तोड़ दिया गया था।

सीजेआई पर जूता फेंकने जैसी घटनाओं को रोकने के लिए सुझाव मांगे

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को अटार्नी जनरल और शीर्ष अदालत की बार एसोसिएशन से कहा कि वे अदालत परिसर में सीजेआई बीआर गवई पर जूता उछालने के प्रयास जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सुझाव दें। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि न्यायालय को जो भी करने की जरूरत होगी, उस पर विचार करेगा। पीठ ने प्रधान न्यायाधीश की तरफ जूता उछालने का प्रयास करने वाले वकील राकेश किशोर (71) के खिलाफ आपराधिक अवमानना कार्यवाही शुरू करने में अनिच्छा दिखाई थी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) की ओर से उपस्थित वकीलों से कहा कि वे अपने सुझाव दें, क्योंकि न्यायालय इस संबंध में अखिल भारतीय दिशानिर्देश तैयार करने पर विचार कर रहा है। उन्होंने कहा, अदालत परिसर और बार कक्ष जैसे स्थानों पर ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए तीन-चार सुझाव देने के बारे में सोचिए। आप सभी कृपया सुझाव दीजिए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने मामले की सुनवाई स्थगित करते हुए कहा, जो भी करना होगा, हम अगली तारीख पर देखेंगे। हम अटॉर्नी जनरल से भी इस संबंध में अपने सुझाव देने का अनुरोध करेंगे।

अग्रिम जमानत के लिए सत्र न्यायालय जाने के मुद्दे पर शीर्ष कोर्ट की तीन सदस्यीय पीठ करेगी सुनवाई

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को यह मुद्दा तीन जजों की पीठ को सौंप दिया कि क्या अग्रिम जमानत के लिए हाईकोर्ट जाना पक्षकार की पसंद है या वादियों के लिए पहले सत्र न्यायालय का रुख करना अनिवार्य है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि सुनवाई तीन न्यायाधीशों की पीठ के गठन के बाद ही की जाएगी। शीर्ष कोर्ट की पीठ ने कहा, इस मामले की सुनवाई तीन न्यायाधीशों की पीठ द्वारा किए जाने की आवश्यकता है। सुप्रीम कोर्ट ने इससे पहले मामले में सहायता के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा को न्यायमित्र नियुक्त किया था। शीर्ष कोर्ट ने आठ सितंबर को केरल उच्च न्यायालय की अग्रिम जमानत याचिकाओं पर सीधे सुनवाई करने की 'नियमित प्रथा' पर ध्यान दिया था, जिसमें वादी को सत्र न्यायालय में जाने की आवश्यकता नहीं होती।

वायु प्रदूषण : पंजाब और हरियाणा से पराली जलाने के खिलाफ उठाए गए कदमों की जानकारी मांगी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में पराली जलाने के कारण वायु गुणवत्ता की खराब होती स्थिति का संज्ञान लेते हुए बुधवार को पंजाब और हरियाणा सरकारों से स्थिति को नियंत्रित करने के लिए की गई कार्रवाई से अवगत कराने को कहा। सीजेआई बीआर गवई, न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने 17 नवंबर को याचिका पर सुनवाई करने पर भी सहमति जताई। न्यायमूर्ति गवई ने कहा, पंजाब और हरियाणा सरकार पराली जलाने पर नियंत्रण के लिए उठाए गए कदमों पर जवाब दें। पूर्व में, पीठ ने मामले की सुनवाई बुधवार के लिए निर्धारित की थी। सुनवाई शुरू होते ही वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि वर्तमान में 'ग्रैप-3' प्रतिबंध लागू है। वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा, ''ग्रैप-4 लागू किया जाना चाहिए।

विमान में बम की सूचना से दहशत सुरक्षित उतारा गया

वाराणसी/मुंबई। मुंबई से 170 से अधिक यात्रियों को वाराणसी लेकर जा रहे एअर इंडिया एक्सप्रेस के एक विमान में बुधवार को बम होने की सूचना मिली। एयरलाइन ने कहा कि विमान वाराणसी हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतर गया।

एअर इंडिया एक्सप्रेस के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, वाराणसी जाने वाली हमारी एक उड़ान को सुरक्षा संबंधी धमकी मिली। प्रोटोकॉल के अनुसार, सरकार द्वारा नियुक्त बम खतरा आकलन समिति को तुरंत सूचित किया गया और सभी आवश्यक सुरक्षा उपाय तुरंत शुरू किए गए। विमान सुरक्षित उतर गया और सभी यात्रियों को उतार लिया गया। एअर इंडिया एक्सप्रेस के प्रवक्ता ने कहा, सभी अनिवार्य सुरक्षा जांच पूरी होने के बाद विमान को परिचालन की अनुमति दे दी जाएगी।

एयरलाइन ने विमान में सवार यात्रियों की संख्या और विमान के विवरण का खुलासा नहीं किया। सूत्रों ने बताया कि विमान में 170 से ज़्यादा यात्री सवार थे। उड़ानों की निगरानी करने वाली वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, एअर इंडिया एक्सप्रेस की एक उड़ान मुंबई से शाम करीब चार बजे वाराणसी हवाई अड्डे पर उतरी।

एग्जिट पोल: बिहार चुनाव में राजग को बढ़त, राजद एक बार फिर सबसे बड़ा दल

एक्सिस माय इंडिया ने चुनाव बाद सर्वे के जारी किए आंकड़े

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रमुख चुनाव सर्वेक्षण एजेंसी 'एक्सिस माय इंडिया' ने बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर जारी अपने एग्जिट पोल में राजग को बढ़त मिलने की संभावना जताई है। यह भी कहा है कि राजद एक बार फिर सबसे बड़े दल के रूप में उभर सकता है।

बिहार संग्राम

अनुमान जताया गया है कि राजग को 243 सदस्यीय विधानसभा में 43 प्रतिशत वोट के साथ 121 से 141 सीटें मिल सकती हैं, जबकि महागठबंधन को 41 प्रतिशत वोट के साथ 98 से 118 सीटें हासिल हो सकती हैं। एजेंसी ने बिहार में दूसरे एवं अंतिम चरण के मतदान के एक दिन बाद अपना एग्जिट पोल जारी किया। 'एक्सिस माय इंडिया' के सर्वेक्षण के अनुसार, राजग में भाजपा को 50 से 56 सीटें और जदयू को 65 से 62 सीटें मिलने का अनुमान है। साथ ही, लोजपा (रामविलास) को 11 से 16, 'हम' को दो से तीन तथा रालोमो को दो से चार सीटें मिल सकती हैं।

सर्वेक्षण में कहा गया है कि महागठबंधन का मुख्य घटक 67 से 76 सीटों के साथ सबसे बड़े दल के रूप में उभर सकता है। महागठबंधन में कांग्रेस को 17 से 21, वीआईपी को तीन से पांच, वाम दलों को 10 से 14 तथा आईआईपी को शून्य से एक सीट मिलने का अनुमान है। 'एक्सिस माय इंडिया' के सर्वेक्षण में कहा गया है कि जन सुराज पार्टी को शून्य से दो सीटें ही मिल सकती हैं। बिहार में 14 नवंबर को मतगणना होनी है। दूसरे चरण के मतदान के बाद कुछ देर बाद मंगलवार को जारी लगभग सभी एग्जिट पोल में संभावना जताई गई थी कि राजग प्रचंड बहुमत के साथ एक बार फिर सरकार बना सकता है।

अब तक का रिकॉर्ड : बिहार के किसी भी चुनाव में कभी पूरी तरह सच साबित नहीं हुए एग्जिट पोल

पटना। बिहार विधानसभा चुनावों का पिछला इतिहास कहता है कि एग्जिट पोल लोकतंत्र की जननी कहे जाने वाले इस राज्य के मतदाताओं का मिजाज भांपने में अक्सर चूक जाते हैं। सन् 2000 से सन् 2020 के बीच बिहार में हुए 56% चुनावी सर्वे के नतीजे पूरी तरह ग़लत साबित हुए। यानी सर्वे के नतीजे और चुनाव के वास्तविक नतीजे में कोई मेल नहीं था, लेकिन 44% सर्वेक्षणों के नतीजे चुनाव के वास्तविक नतीजे के आसपास रहे, यानी व्यापक तौर पर सही साबित हुए। नीतीश कुमार भले ही 20 वर्षों से सत्ता का स्वाद चख रहे हैं, लेकिन 2010 में आये विधानसभा नतीजों को छोड़ दें तो बिहार में पक्ष और विपक्ष के बीच लगातार जद्दोजहद जारी है। चुनाव के दौरान बढ़े हुए मतदान प्रतिशत के लिए विभिन्न पक्षों के अपने अपने दावे देखने को मिलते हैं और सभी दल बढ़े हुए मतदन में अपना फायदा बताते रहे हैं। लेकिन बिहार और अन्य राज्यों में चुनावों के नतीजे बताते हैं कि मतदान और चुनावी नतीजों के बीच शायद ही कोई संबंध होता है। ऐसे कई चुनाव हुए हैं, जब मतदान-प्रतिशत पिछले चुनाव की तुलना में कम हुआ, लेकिन सरकारें बदली भी और दोबारा भी चुनी गईं, ऐसे में परिणाम में मतों के घटने का कोई सीधा संबंध स्थापित नहीं हुआ। 2020 तक विभिन्न राज्यों में हुए लगभग 332 विधानसभा चुनावों के विश्लेषण से पता चलता है कि 188 चुनावों में मतदान-प्रतिशत बढ़ा था। इनमें 89 सरकारें दोबारा चुनी गईं। इसी तरह, 144 बार मतदान-प्रतिशत घटा है और इनमें 56 सरकारें दोबारा चुनी गईं। इससे स्पष्ट है कि मतदान प्रतिशत और चुनावी नतीजों के बीच कोई मजबूत संबंध नहीं है।

बिहार में महिलाओं ने सुशासन के लिए मतदान किया : भाजपा

नई दिल्ली। भाजपा ने बुधवार को कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में महिलाओं का भारी संख्या में मतदान करना ऐतिहासिक परिवर्तन है। दावा किया कि उन्होंने विकास और सुशासन के लिए राजग के पक्ष में निर्णायक वोट दिया।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी ने कहा, 2014 से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सुशासन के लिए सत्ता-समर्थक रुझान भारतीय लोकतंत्र में एक नया आयाम बन गया है, एक ऐसा चलन जो पहले कभी नहीं देखा गया। निर्वाचन आयोग द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, बिहार में कुल 66.91 प्रतिशत मतदान हुआ, जो 1951 में हुए पहले राज्य चुनावों के बाद से सबसे अधिक है। राज्य के इतिहास में इस बार सबसे ज्यादा महिला मतदाताओं ने मतदान किया। निर्वाचन आयोग के अनुसार, छह नवंबर को हुए पहले चरण के मतदान में महिलाओं का मतदान प्रतिशत 69.04 रहा, जबकि पुरुषों का मतदान प्रतिशत 61.56 रहा।

मंगलवार को हुए दूसरे और अंतिम चरण के मतदान में महिलाओं ने फिर से बड़ी संख्या में मतदान किया, जो 74.03 प्रतिशत रहा जबकि पुरुषों का मतदान प्रतिशत 64.1 रहा।

तेजस्वी ने एग्जिट पोल को खारिज किया, कहा- 18 को शपथ लेंगे

पटना। राजद के नेता तेजस्वी यादव ने चुनाव के बाद आए 'एग्जिट पोल' को खारिज करते हुए बुधवार को कहा कि प्रदेश में महागठबंधन बड़ी जीत की तरफ बढ़ रहा है और 18 नवंबर को वह मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। तेजस्वी ने कहा कि भाजपा के प्रभाव में मीडिया अपनी विश्वसनीयता खो चुका है और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह जैसा सर्वे चाहते हैं उसी के हिसाब से आंकड़े जनता के सामने पेश किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि इसी मीडिया ने ऑपरेशन सिंदूर के समय लाहौर पर भारत का कब्जा करवाया था। झारखंड और बंगाल में 'एग्जिट पोल' में भाजपा को जिताया था और अब बिहार में उसी भूमिका का निर्वहन कर रहा है।

वर्ल्ड ब्रीफ

नौसेना प्रमुख छह दिनी अमेरिकी यात्रा पर गए

नई दिल्ली। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी द्विपक्षीय नौसैनिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए बुधवार को अमेरिका की छह दिवसीय यात्रा पर रवाना हुए, जिसका उद्देश्य एक स्वतंत्र, खुला और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र सुनिश्चित करना है। नौसेना प्रमुख की अमेरिका यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अगस्त में भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के बाद दिल्ली और वाशिंगटन के बीच संबंधों में तनाव जारी है। नौसेना ने कहा कि एडमिरल त्रिपाठी अमेरिकी युद्ध विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत करेंगे और अमेरिकी हिंद-प्रशांत कमान के कमांडर एडमिरल सैमुअल जे पापारो और अमेरिकी प्रशांत बेड़े के कमांडर एडमिरल स्टीफन टी कोहलर से मुलाकात करेंगे।

पाकिस्तान में टीटीपी के तीन आतंकी ढेर

पेशावर। उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में कैडेट कॉलेज पर हुए आत्मघाती हमले में शामिल लोगों के खात्मे के लिए बुधवार को चलाए गए अभियान में प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के तीन आतंकवादी मारे गए। वाना स्थित कैडेट कॉलेज के मुख्य द्वार पर सोमवार को एक आत्मघाती हमलावर द्वारा किए गए विस्फोट में छह लोग घायल हो गए थे। अधिकारियों के अनुसार, तीन आतंकवादी मारे गए हैं। पाकिस्तानी सेना के विशेष सेवा समूह के कमांडो ने बुधवार सुबह कैडेट कॉलेज के अंदर मौजूद तीन आतंकवादियों को मार गिराया।

ऑस्ट्रेलियाई कोर्ट ने रद्द की रूसी याचिका

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के उच्चतम न्यायालय ने रूस की ओर से दूतावास का नया परिसर बनाने के संबंध में दायर की गई एक याचिका को बुधवार को खारिज कर दिया। रूस ने अपनी इस याचिका में उस कानून को चुनौती दी, जिसमें सुरक्षा कारणों से रूस को उस स्थान से बेदखल करने का प्रावधान है, जहां वह अपने दूतावास का नया परिसर बनाना चाहता था। न्यायालय के सात न्यायाधीशों ने सर्वसम्मति से फैसला सुनाया कि आस्ट्रेलिया की सरकार राष्ट्रीय राजधानी कैनबरा में पट्टे को रद्द करने की हकदार है, उसे रूस को मुआवजा भी देना होगा।

म्यामांर को रूस-चीन से मिले हेलीकॉप्टर

बैंकाक। म्यामांर ने कहा है कि उसने अपनी वायुसेना में रूसी हेलीकॉप्टरों और चीनी विमानों को शामिल किया है। म्यामांर में खूनी गृहयुद्ध की समाप्ति को लेकर अंतर्राष्ट्रीय दबाव के बावजूद दोनों देश अब भी सैन्य सरकार को उपकरणों की आपूर्ति कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोपीय संघ और अन्य देशों ने म्यामां पर प्रतिबंध लगा रखे हैं, जिनमें हथियारों की बिक्री पर रोक भी शामिल है। हालांकि रूस और चीन लगातार म्यामांर की सेना को करोड़ों डॉलर के उपकरण उपलब्ध करा रहे हैं। सेना को तीन रूसी एमआई-38टी हेलीकॉप्टर और दो चीनी वाई-8 विमान प्राप्त हुए हैं।

श्रीलंका के पूर्व मंत्री भ्रष्टाचार में गिरफ्तार

कोलंबो। श्रीलंका के पूर्व पर्यटन और नागरिक उड्डयन मंत्री प्रसन्ना रणतुंगा को रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए गठित आयोग के अधिकारियों ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। आयोग ने कहा कि रणतुंगा को 2021 में उनके कार्यकाल के दौरान कथित भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। यह मामला मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले चार संस्थानों के लिए एक नई बीमा योजना की खरीद से जुड़ा है।

लद्दाख की सीमा चौकियों का होगा विद्युतीकरण

लेह/जम्मू, एजेंसी

- डीबीओ सेक्टर के लिए प्रशासन ने बनाया प्रस्ताव

लद्दाख प्रशासन केंद्र शासित प्रदेश में ग्रिड कनेक्टिविटी के माध्यम से दौलत बेग ओल्डी सेक्टर में सीमा चौकियों के विद्युतीकरण पर विचार कर रहा है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। चीन के साथ सटी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर स्थित दौलत बेग ओल्डी (डीबीओ) में सैन्य चौकियां और लद्दाख क्षेत्र की सबसे ऊंची हवाई पट्टी है, जहां सेना और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) तैनात हैं।

अधिकारियों ने कहा कि लद्दाख विद्युत विकास विभाग (एलपीडीडी) ने ग्रिड कनेक्टिविटी के माध्यम से डीबीओ सेक्टर में सेना और आईटीबीपी सीमा चौकियों के विद्युतीकरण के लिए प्रस्ताव पेश किया है। 'पुर्नोत्थान वितरण क्षेत्र योजना' के कार्यकारी निदेशक प्रिंस धवन की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक के दौरान इस पर चर्चा हुई। बैठक केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में बिजली क्षेत्र की पहल की समीक्षा के लिए आयोजित की गई थी। धवन ने दूर-दराज के सीमावर्ती क्षेत्रों में निर्बाध बिजली आपूर्ति प्रदान करने के रणनीतिक महत्व पर जोर देते हुए इस पहल की सराहना की।

जैश-ए-मोहम्मद एक खतरनाक आतंकी संगठन

2000 में मौलाना मसूद अजहर ने इसकी स्थापना की थी। इसका मुख्यालय पाकिस्तान में है। यह भारत में कई आतंकी हमलों के लिए जिम्मेदार है।

जैश-ए-मोहम्मद एक पाकिस्तानी आतंकी संगठन है, जिसकी स्थापना 2000 में मौलाना मसूद अजहर ने की थी। यह संगठन भारत में कई आतंकी हमलों के लिए जिम्मेदार है, जिनमें 2001 में भारतीय संसद पर हमला, 2016 में पठानकोट एयर बेस पर हमला, 2016 में उरी हमला, और 2019 में पुलवामा हमला शामिल हैं। हाल ही में नई दिल्ली में लाल किले के समीप कार में धमाका कराने में भी इस संगठन का नाम सामने आया है। भारत ने यूएपीए एक्ट के तहत 12 अक्टूबर 2001 से जैश को प्रतिबंधित संगठन घोषित कर रखा है।

जैश का इतिहास : जैश-ए-मोहम्मद की स्थापना 2000 में मौलाना मसूद अजहर ने की थी, जो पहले हरकत-उल-अंसार नामक आतंकी संगठन से जुड़ा था। 1999 में कंधार विमान अपहरण के दौरान भारत ने मसूद अजहर को रिहा किया था, जिसके बाद उसने जैश-ए-मोहम्मद की स्थापना की।

दिल्ली में किया कार धमाका

दिल्ली में लाल किले के पास 10 नवंबर 2025 को कार धमाके की आतंकी घटना हुई। इस घटना में 12 लोग मारे गए थे और 20 से अधिक लोग घायल हुए थे। विस्फोट एक ह्युंडई आई 20 कार में हुआ था, जिसमें अमोनियम नाइट्रेट जैसे विस्फोटक पदार्थ का उपयोग किया गया था। घटना की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) कर रही है। जांच में पता चला है कि विस्फोट करने वाला व्यक्ति डॉ. उमर उन्नबी था, जो पुलवामा का रहने वाला और उसके जैश-ए-मोहम्मद से संबंध थे।

जैश-ए-मोहम्मद की गतिविधियां

जैश-ए-मोहम्मद पाकिस्तान में सक्रिय है और भारत में आतंकी हमलों के लिए जिम्मेदार है। यह संगठन अल-कायदा और तालिबान जैसे आतंकी संगठनों से जुड़ा है। इसके कई आतंकी ठिकाने पाकिस्तान के बहावलपुर, मुज़फ़्फ़राबाद और बलूचिस्तान क्षेत्रों में हैं। भारत में इसकी सक्रियता सुरक्षा एजेंसियों द्वारा काफी हद तक नियंत्रित की गई है, लेकिन इसके मॉड्यूल (स्लीपर सेल) समय-समय पर पकड़े जाते हैं।

अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंध

जैश-ए-मोहम्मद को भारत, अमेरिका, और संयुक्त राष्ट्र ने आतंकी संगठन घोषित किया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने भी जैश-ए-मोहम्मद को 2001 में आतंकी संगठन घोषित किया। मौलाना मसूद अजहर को 1 मई 2019 को संयुक्त राष्ट्र द्वारा व्यक्तिगत रूप से वैश्विक आतंकवादी घोषित किया गया।

भारत में प्रमुख आतंकी हमले

- 2001 भारतीय संसद हमला : जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा ने मिलकर भारतीय संसद पर हमला किया, जिसमें 9 लोग मारे गए।
- 2016 पठानकोट एयर बेस हमला : जैश-ए-मोहम्मद के आतंकियों ने पठानकोट एयर बेस पर हमला किया, जिसमें 7 सुरक्षा बल शहीद हो गए।
- 2016 उरी हमला : जैश-ए-मोहम्मद के आतंकियों ने उरी में सेना के कैंप पर हमला किया, जिसमें 19 जवान शहीद हो गए।
- 2019 पुलवामा हमला : जैश-ए-मोहम्मद ने पुलवामा में सीआरपीएफ के काफिले पर आत्मघाती हमला किया, जिसमें 40 जवान शहीद हो गए।

भूटान की 13वीं पंचवर्षीय योजना को समर्थन की भारत ने की पुष्टि

प्रधानमंत्री मोदी ने किया कालचक्र व्हील ऑफ टाइम एम्पॉवरमेंट का उद्घाटन

थिम्पू, एजेंसी

भारत ने बुधवार को भूटान की 13वीं पंचवर्षीय योजना के प्रति अपने अटूट समर्थन की पुष्टि की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भूटान के पूर्व नरेश जिग्मे सिंग्ये वांगचुक के साथ वार्ता की और वैश्विक शांति प्रार्थना महोत्सव के तहत आयोजित कालचक्र दीक्षा समारोह में भूटानी नेतृत्व के साथ शामिल हुए। बैठक के बाद मोदी ने भारत-भूटान संबंधों को और मजबूत करने में सिंग्ये के योगदान की सराहना की और कहा कि चर्चा ऊर्जा, व्यापार, कनेक्टिविटी, प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग पर केंद्रित रही। मोदी ने सोशल मीडिया पर कहा कि ऊर्जा, व्यापार, तकनीक और कनेक्टिविटी में सहयोग पर चर्चा हुई।

गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी परियोजना में प्रगति की सराहना की, जो हमारी एक्ट ईस्ट नीति के अनुरूप है। सुबह मोदी ने वैश्विक शांति प्रार्थना महोत्सव में 'कालचक्र व्हील ऑफ टाइम एम्पॉवरमेंट' का उद्घाटन किया, जिसमें भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और सिंग्ये सहित शीर्ष भूटानी नेतृत्व ने भाग लिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण अनुष्ठान है, जिसका बौद्ध समुदाय के लिए विश्वभर में अत्यंत सांस्कृतिक महत्व है। 'कालचक्र एम्पॉवरमेंट' वैश्विक शांति प्रार्थना उत्सव का हिस्सा है, जो भूटान में बौद्ध श्रद्धालुओं और विद्वानों को एक साथ लाया है। नई दिल्ली रवाना होने से पहले मोदी ने कहा कि ऊर्जा, स्वास्थ्य सेवा और कनेक्टिविटी जैसे क्षेत्रों में उनकी यात्रा के परिणाम हमारी द्विपक्षीय साझेदारी को गति प्रदान करेंगे। भूटान नरेश प्रधानमंत्री मोदी को हवाई अड्डे पर विदा करने आए। मोदी की दो दिवसीय भूटान यात्रा समाप्त होने पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि प्रधानमंत्री ने आर्थिक प्रोत्साहन कार्यक्रम सहित भूटान की 13वीं पंचवर्षीय योजना (2024-2029) के प्रति भारत के अटूट समर्थन की पुष्टि की। उन्होंने पड़ोसी देश को उसकी प्रमुख विकास प्राथमिकताओं को प्राप्त करने और सभी क्षेत्रों में सतत विकास को आगे बढ़ाने में सक्रिय रूप से सहायता करने की नई दिल्ली की प्रतिबद्धता पर बल दिया।

भूटान में कालचक्र सशक्तिकरण समारोह के उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी।

देश के विकास में भारत के योगदान की भूटान ने की सराहना

विदेश मंत्रालय ने कहा कि भूटानी पक्ष ने भूटान की 13वीं पंचवर्षीय योजना अवधि में वहां क्रियान्वित विभिन्न परियोजनाओं के लिए भारत की सहायता तथा देश के विकास में उनके योगदान की सराहना की। भारत पहले ही भूटान की 13वीं पंचवर्षीय योजना के लिए 10,000 करोड़ रुपये देने की प्रतिबद्धता जता चुका है। प्रधानमंत्री मोदी ने आर्थिक केंद्र में निवेशकों और आगंतुकों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने के लिए असम के हतिसार में एक आव्रजन जांच चौकी स्थापित करने के निर्णय की भी घोषणा की। मोदी और भूटान नरेश द्वारा पुनात्सांचु-2 जलविद्युत परियोजना के उद्घाटन का उल्लेख करते हुए कहा गया कि यह जलविद्युत के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच मैत्री, सहयोग का प्रमाण है।

अमेरिका को दुनियाभर से लानी होंगी प्रतिभाएं : ट्रंप

न्यूयॉर्क। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एच-1बी वीजा कार्यक्रम का बचाव करते हुए नजर आए और उन्होंने कहा कि अमेरिका को दुनिया भर से प्रतिभाओं को लाना होगा क्योंकि देश में कुछ खास प्रतिभाएं नहीं हैं। ट्रंप ने फॉक्स न्यूज पर लॉरा इंग्राहम के साथ साक्षात्कार में पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए यह बात कही। उनसे पूछा गया था कि क्या एच-1बी वीजा का मुद्दा उनके प्रशासन के लिए एक बड़ी प्राथमिकता नहीं होगा। साक्षात्कारकर्ता ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति अमेरिकी कामगारों का वेतन बढ़ाना चाहता है, तो देश में लाखों विदेशी कामगारों को नहीं आने दिया जा सकता। जवाब में ट्रंप ने कहा कि मैं सहमत हूं, लेकिन आपको प्रतिभाओं को भी लाना होगा।

साहित्य महोत्सव में महाकुंभ पर होगी चर्चा

न्यूयॉर्क। महाकुंभ 2025 के वृत्तांत, अमेरिका में भारतीयों के उत्थान तथा राष्ट्रीय पुस्तक पुरस्कार की फाइनलिस्ट मेघा मजूमदार और प्रसिद्ध लेखकों अमिश त्रिपाठी व देवदत्त पटनायक की कृतियां इस वर्ष के एक प्रमुख साहित्यिक महोत्सव के केंद्र में होंगी, जो विश्व साहित्य में भारतीय लेखनी का उत्सव मनाएगा। इंडो-अमेरिकन आर्ट्स काउंसिल द्वारा आयोजित आईएएसी साहित्यिक महोत्सव 2025 का आयोजन 15-16 नवंबर को होगा।

कनाडा-भारत में और प्रगाढ़ होगी द्विपक्षीय साझेदारी

कनाडा की विदेश मंत्री के साथ जयशंकर।

ओटावा, एजेंसी

- विदेशमंत्री जयशंकर ने की अपनी कनाडाई समकक्ष से वार्ता

विदेश मंत्री एस. जयशंकर और कनाडा के अपने समकक्ष अनीता आनंद के साथ बुधवार को व्यापार, ऊर्जा, सुरक्षा और लोगों के बीच संबंधों के क्षेत्रों में भारत-कनाडा सहयोग की समीक्षा की। यह समीक्षा बैठक दो साल पहले एक राजनयिक विवाद के बाद रिश्तों में आई खटास के बाद संबंधों को फिर से प्रगाढ़ करने की कोशिशों के तहत हुई।

कनाडा के नियाग्रा में एक बैठक में दोनों विदेश मंत्रियों ने 'नई रूपरेखा-2025' के कार्यान्वयन पर भी विचार-विमर्श किया, जिसे पिछले महीने आनंद की भारत यात्रा के दौरान अंतिम रूप दिया गया था। जयशंकर दुनिया के औद्योगिक लोकतंत्रों के संगठन जी-7 के साझेदार देशों के साथ एक संवाद सत्र में हिस्सा लेने के लिए नियाग्रा में हैं। विदेश मंत्री ने जर्मनी, फ्रांस, ब्राजील और ब्रिटेन के अपने समकक्षों के साथ भी अलग-अलग द्विपक्षीय बैठकें भी कीं। उन्होंने कनाडा की विदेश मंत्री से मुलाकात के बाद सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि नई रूपरेखा-2025 के कार्यान्वयन में प्रगति की सराहना की। हमारी द्विपक्षीय साझेदारी और अधिक मजबूत होने की उम्मीद है। आनंद ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि दोनों नेताओं ने व्यापार, ऊर्जा, सुरक्षा और लोगों के बीच संबंधों पर सहयोग के बारे में चर्चा की। कनाडा ने जी-7 बैठक के लिए जिन साझेदार देशों को आमंत्रित किया है, उनमें ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, भारत, सऊदी अरब, मेक्सिको, दक्षिण कोरिया, दक्षिण अफ्रीका और यूक्रेन शामिल हैं। जयशंकर की कनाडा यात्रा आनंद की भारत यात्रा के एक महीने बाद हो रही है। उस वक्त दोनों पक्षों ने व्यापार, महत्वपूर्ण खनिजों और ऊर्जा के क्षेत्रों में संबंधों को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वाकांक्षी रूपरेखा प्रस्तुत की थी।

बोत्सवाना से भारत लाए जाएंगे आठ अफ्रीकी चीते

गबोरोन (बोत्सवाना), एजेंसी

- राष्ट्रपति मुर्मू की मौजूदगी में हुआ स्थानांतरण समझौता

भारत और बोत्सवाना ने बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की राजकीय यात्रा के दौरान अफ्रीकी राष्ट्र से आठ चीतों को स्थानांतरित करने की योजना की औपचारिक घोषणा की।

मुर्मू ने बोत्सवाना के राष्ट्रपति ड्यूमा गिदोन बोको और दुनिया के सबसे बड़े हीरा उत्पादक देशों में से एक के लोगों को इस सद्भावना के लिए धन्यवाद देते हुए आश्वासन दिया कि हम चीतों कीअच्छी देखभाल करेंगे। बोको ने कहा कि उनका देश गुरुवार को प्रतीकात्मक रूप से चीतों को मुर्मू को सौंपेगा। दोनों राष्ट्राध्यक्ष एक कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे, जिसमें पकड़े गए आठ चीतों को मोकोलोडी प्राकृतिक अभयारण्य में एक पृथकवास परिसर में छोड़ा जाएगा, जो इन्हें प्रोजेक्ट चीता के भाग के रूप में और वन्यजीव संरक्षण के लिए एक पारस्परिक पहल के तहत बोत्सवाना द्वारा भारत को प्रतीकात्मक रूप से सौंपे जाने का साक्ष्य होगा। कालाहारी रेगिस्तान स्थित घांजी शहर से इन चीतों को गबोरोन से 10 किलोमीटर दक्षिण में स्थित प्राकृतिक अभयारण्य में लाया गया है।

तुर्किये का सैन्य विमान क्रैश, 20 सैनिकों की मौत

अंकारा। तुर्किये के रक्षा मंत्री ने बुधवार को घोषणा की कि जॉर्जिया में दुर्घटनाग्रस्त हुए एक सैन्य मालवाहक विमान में सवार सभी 20 कर्मियों की मौत हो गई। यह सी-130 विमान अजरबैजान से उड़ान भरने के बाद तुर्किये लौट रहा था जब मंगलवार को यह जॉर्जिया के सिघनागी नगरपालिका क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जो अजरबैजान की सीमा के पास है। रक्षा मंत्री यासर गुलर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हमारे वीर साथी 11 नवंबर 2025 को शहीद हो गए, जब हमारा सी-130 सैन्य मालवाहक विमान जॉर्जिया-अजरबैजान सीमा के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

टैरिफ टेंशन के बीच कनाडा में जुटे जी7 देश

नियाग्रा फॉल्स (कनाडा), एजेंसी।

कनाडा में बैठक के दौरान सामूहिक फोटो खिंचवाते जी7 देशों के विदेश मंत्री।

- व्यापार के साथ कई मुद्दों पर विमर्श करेंगे शीर्ष राजनयिक

औद्योगिक लोकतंत्रों के संगठन जी7 के शीर्ष राजनयिक कनाडा के दक्षिणी ओंटारियो में एकत्र हो रहे हैं। जी7 नेताओं की बैठक ऐसे समय हो रही है जब अमेरिका और कनाडा जैसे पारंपरिक सहयोगियों के बीच रक्षा खर्च, व्यापार और गाजा में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की युद्धविराम योजना तथा रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के प्रयासों पर अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे हैं। कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद ने कहा कि व्यापार दबावों के बावजूद संबंधों को कई मुद्दों पर बनाए रखना होगा। वह मंगलवार और बुधवार को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो तथा ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली और जापान के अपने समकक्षों की मेजबानी करेंगी।

रुबियो ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि हम कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर काम कर रहे हैं, जिसका मुख्य उद्देश्य अमेरिकियों की सुरक्षा और संरक्षा को सर्वोपरि रखना है। आनंद ने इस बैठक के लिए ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, भारत, सऊदी अरब, मेक्सिको, दक्षिण कोरिया, दक्षिण अफ्रीका और यूक्रेन के विदेश मंत्रियों को भी आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा कि मंगलवार रात की चर्चा की महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं में पश्चिम एशिया में दीर्घकालिक शांति और स्थिरता को आगे बढ़ाने पर बातचीत शामिल है।

उन्होंने ने कहा कि शांति योजना को बरकरार रखा जाना चाहिए। जी7 के विदेश मंत्री बुधवार सुबह यूक्रेन के विदेश मंत्री से मिलेंगे। ब्रिटेन ने घोषणा की है कि वह आसन्न सर्दियों और रूसी हमलों के तेज होने के बीच यूक्रेन के ऊर्जा ढांचे की मरम्मत के लिए 1.3 करोड़ पाउंड की मदद भेजेगा। यह धनराशि बिजली, हीटिंग प्रणाली और पानी की आपूर्ति को दुरुस्त करने तथा यूक्रेनवासियों के लिए मानवीय सहायता पर खर्च की जाएगी।

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 13 नवंबर, गुरुवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- मार्गशीर्ष, पक्ष-कृष्ण पक्ष, नवमी 23 .33 तक तत्पश्चात दशमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल- दक्षिण, **ऋतु**- हेमंत।
चन्द्रबल- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल- अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- मघा 19 .38 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

मेष — आज राजनीतिक लोगों से मेलमिलाप बढ़ेगा। आर्थिक लाभ होने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। घर में मांगलिक कार्यों की रूपरेखा बन सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको हल्की परेशानियों के बाद सफलता मिलेगी।

वृष — आज अपना समय बर्बाद न करें। दूसरों के भरोसे अपने काम न छोड़ें। आपके कुछ काम प्रभावित हो सकते हैं। इससे आपके निजी संबंध बिगड़ सकते हैं। व्यवहार कुशलता के कारण आपके सभी कार्य प्रगति में आ जाएंगे।

मिथुन — आज यात्राओं के लिए दिन अच्छा है। जल्दबाजी में कोई निर्णय लेने से आपको बचना चाहिए। आपके लिए कार्यक्षेत्र में बहुत अच्छा दिन रहने वाला है। आय के नए स्रोत बनेंगे। जीवनसाथी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा।

कर्क — आज गृहस्थ जीवन की समस्या दूर होंगी। अपनी रुचि के अनुसार काम करें, तो अधिक अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। परिवार में सब आपके ही अनुरूप होता रहेगा। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। बड़े कार्य को लेकर आप धन की व्यवस्था करेंगे।

सिंह — आज दिन की शुरुआत बहुत ही अच्छी रहने वाली है। कारोबार में अपेक्षित लाभ हो सकता है। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मौसमी बीमारियों को लेकर सर्दी-जुकाम की समस्या हो सकती है। बड़े-बुजुर्ग आपकी प्रशंसा करेंगे।

कन्या — आज दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर रहेगी। किसी पर आवश्यकता से अधिक विश्वास न करें। प्रेम संबंधों को लेकर निराशा हो सकती है। मन कुछ कारणों से अप्रसन्न रहने वाला है। मौसम में आए परिवर्तन को लेकर थोड़े सावधान रहें।

तुला — आज बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन काफी अच्छा रहेगा। जीवनसाथी के साथ कहीं रोमांटिक डेट पर जा सकते हैं। अपने निर्णयों को लेकर थोड़े असमंजस में रहेंगे। लोग आपकी प्रतिभा की प्रशंसा करेंगे।

वृश्चिक — आज व्यापार में बड़ा धन लाभ हो सकता है। आपके मन में देवस्थल जाने का विचार आ सकता है। आप लोगों का मार्गदर्शन भी कर सकते हैं। आपके व्यक्तित्व में अत्यंत सकारात्मक परिवर्तन हो सकता है। जीवनसाथी को उपहार दे सकते हैं।

धनु — आज मन में किसी विषय को लेकर चल रही तनातनी दूर होगी। प्रतियोगी परीक्षाओं में इच्छानुसार परिणाम प्राप्त होंगे। अधिकारी वर्ग के साथ बहस करने से बचें। आप अत्यधिक व्यस्त रहने वाले हैं। अपने टार्गेट को लेकर पूरी मेहनत से काम करेंगे।

मकर — आज जॉब में परेशानियां आ सकती हैं। ऐसी बातों पर ध्यान न दें, जो आपकी एकाग्रता भंग करती हों। आपकी रुचि के अनुसार काम नहीं होंगे। वैवाहिक जीवन में तनाव बढ़ने की आशंका है। आपको थोड़ा धैर्यवान और सजग रहना चाहिए।

कुंभ — आज परिजन आपके प्रति सहयोगात्मक भाव रखेंगे। कारोबार में अपेक्षित वृद्धि होगी। सरकारी कार्य बड़ी आसानी से पूरे हो जाएंगे। संपत्ति विवाद सुलझने के योग बन रहे हैं। किसी महत्वपूर्ण काम से यात्रा हो सकती है।

मीन — आज ऑफिस में आपके काम बहुत ही आसानी से बन जाएंगे। आप कुछ नया सीखने में रुचि ले सकते हैं। दांपत्य संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। मानसिक रूप से शांति का अनुभव करेंगे। पुराने परिचित मित्रों से आपका मिलना हो सकता है।

सुडोकू -159

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

				1				
							5	
	5							
			1		9			
1								3
			6			1		
								1
	2							
			4					

सुडोकू - 158 का हल

5	7	8	1	4	3	2	9	6
6	3	1	9	8	2	4	5	7
9	2	4	5	6	7	8	1	3
2	9	3	7	5	8	6	4	1
4	5	7	2	1	6	9	3	8
1	8	6	4	3	9	7	2	5
3	1	2	8	7	4	5	6	9
8	6	9	3	2	5	1	7	4
7	4	5	6	9	1	3	8	2

"दो टेस्ट मैच की श्रृंखला में स्पिनरों के आने से पहले भारत के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के घातक शुरुआती स्पैल से निपटने का तरीका ढूंढना होगा। कोई भी टीम स्पिनरों के आने से पहले तेज गेंदबाजों के खिलाफ विकेट नहीं गंवाना चाहेगी।
–ग्रीम स्मिथ, पूर्व कप्तान

स्टेडियम

अयोध्या, गुरुवार 13 नवंबर 2025

अमृत विचार
www.amritvichar.com

हाईलाइट

सीएम सैनी ने शेफाली वर्मा को किया सम्मानित

चंडीगढ़ : हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को अपने सरकारी आवास पर भारतीय महिला विश्व कप विजेता टीम की सदस्य शेफाली वर्मा को सम्मानित किया। सैनी ने उन्हें शॉल, 1.50 करोड़ का चेक और 'ग्रेड ए' खेल प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। शेफाली को हरियाणा राज्य महिला आयोग द्वारा ब्रांड दूत नियुक्त किया गया है। सैनी ने 'एक्स' पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है।

हमसे रोबोट सा प्रदर्शन की उम्मीद : रऊफ

रावलपिंडी : पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रउफ ने भारत के खिलाफ एशिया कप के फाइनल में खराब प्रदर्शन के बाद आलोचकों को जवाब देते हुए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट की 'कठोर' प्रकृति पर अफसोस जताया, जिसमें 'इंसानों से रोबोट की तरह प्रदर्शन की उम्मीद की जाती है। सितंबर में भारत के खिलाफ एशिया कप मैचों के दौरान आपत्तिजनक हाव-भाव के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछली श्रृंखला के दौरान उन पर दो मैचों का प्रतिबंध लगाया गया था। रऊफ ने कहा, हमारे लिए कोई माफी नहीं होती। हमसे रोबोट की तरह प्रदर्शन करने की उम्मीद की जाती है, लेकिन हम इंसान हैं और हमारे लिए भी कोई दिन बुरा हो सकता है।

एशेज से पहले एबॉट और हेजलवुड चोटिल

सिडनी : ऑस्ट्रेलिया की एशेज तैयारियों को उस समय झटका लगा जब सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर न्यू साउथ वेल्स और विक्टोरिया के बीच शेफील्ड शील्ड मुकाबले के दौरान तेज गेंदबाज जॉश हेजलवुड और सीन एबॉट चोटिल हो गए। हेजलवुड को पर्थ एशेज के पहले मैच के लिए टीम में शामिल होने की अनुमति मिल गई है, लेकिन एबॉट मध्यम-स्तर की हैमस्ट्रिंग चोट के कारण बाहर हो गए हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने पुष्टि की कि विक्टोरिया की पारी के अंत में अपने दाहिने हैमस्ट्रिंग में जकड़न की शिकायत करने वाले हेजलवुड का एहतियाती स्कैन कराया गया, जिसमें मांसपेशियों में खिंचाव नहीं पाया गया। वह पहले टेस्ट से पहले प्रशिक्षण जारी रखेंगे।

अनाहत चीन में हारीं रथिका सेमीफाइनल में

नई दिल्ली : भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह शंघाई में बुधवार को मिस्र की खिलाड़ी सना इब्राहिम के खिलाफ बढ़त बनाने के बावजूद चाइना ओपन के अंतिम 16 के मुकाबले में हार गईं। अनाहत इस तरह पीएसए गोल्ड टूर्नामेंट में पराजित हो गईं। वहीं सिडनी में बोंडी ओपन पीएसए चैलेंजर टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त रथिका सुथांथिरा सीलन सेमीफाइनल में पहुंच गईं। रथिका ने अपने अभियान की शुरुआत हमवतन आराधना कस्तूरीराज को हराकर की। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड की अनंतना प्रसेरतनाकुल को हरा दिया।

पाकिस्तान ने श्रीलंका को छह रन से हराया

रावलपिंडी : आगा सलमान (नाबाद 105), हुसैन तलत (62) के बाद हारिस रउफ (4 विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने पहले वनडे में श्रीलंका को छह रन से हराया। इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पाकिस्तान ने 50 ओवरों में पांच विकेट पर 299 का स्कोर खड़ा किया। श्रीलंका के लिए वानिंदु हसरंगा ने तीन विकेट लिए। 300 रनों का पीछा करने उतरी श्रीलंका के लिए पुथम निसंका और कामिल मिशारा की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत की। रनों की गति के साथ विकेटों के गिरने का क्रम जारी रहा, जिससे पाकिस्तान को जीत मिली।

पाकिस्तान में श्रीलंकाई टीम की बढ़ी सुरक्षा

रावलपिंडी : इस्लामाबाद और वाना में हुए आतंकवादी हमलों के बाद पाकिस्तान के दौरे पर आई श्रीलंका की क्रिकेट टीम की सुरक्षा बढ़ा दी गई है और उसके खिलाड़ियों के साथ सरकारी मेहमानों जैसा व्यवहार किया जाएगा। इस्लामाबाद में श्रीलंका के उच्चायुक्त एडमिरल (सेवानिवृत्त) फ्रेड सेनेविरत्ने, पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी और अधिकारियों के बीच हुई बैठक में इस पर चर्चा की गई।

द. अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में रेड्डी की जगह जुरेल

ध्रुव ने अब तक खेले सात टेस्ट, पांच प्रथम श्रेणी मैचों में लगाए चार शतक, दूसरे दिन भी भारत ने किया अभ्यास और गिल ने लिया पिच का जायजा

अभ्यास सत्र के दौरान चर्चा करते गौतम गंभीर और शुभमन गिल।

कोलकाता, एजेंसी

भारतीय टीम के सहायक कोच रेयान टेन डोएशे ने बुधवार को कहा कि शानदार फॉर्म में चल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच में खेलेंगे और ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी के बाहर बैठने की संभावना है। जुरेल ने अब तक सात टेस्ट मैच खेले हैं। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने पिछले पांच प्रथम श्रेणी मैचों में चार शतक लगाए हैं जिसमें पिछले सप्ताह बेंगलुरु में दक्षिण अफ्रीका 'ए' के खिलाफ दोनों पारियों में लगाए गए शतक भी शामिल हैं। वहीं आज गुरुवार को भी कोलकाता के इंडन गार्डेन क्रिकेट मैदान पर भारतीय टीम ने दूसरे दिन भी जमकर अभ्यास किया और कप्तान गिल ने पिच का जायजा लिया।

जुलाई में मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट के दौरान पैर में फ्रेक्चर होने के बाद पहली पसंद के विकेटकीपर ऋषभ पंत की वापसी के बाद सवाल उठ रहे थे कि क्या टीम प्रबंधन जुरेल के लिए जगह बना पाएगा, लेकिन टेन डोएशे का भारतीय टीम के संयोजन को लेकर नजरिया बेहद स्पष्ट था और उन्होंने साफ किया कि जुरेल इस मैच में खेलेंगे। डोएशे ने कहा कि मुझे लगता है कि हमें टीम संयोजन का अच्छा अंदाजा हो गया है। मुझे नहीं लगता कि आप उन्हें (जुरेल और पंत) इस टेस्ट के लिए बाहर कर सकते हैं। मुझे बहुत आश्चर्य होगा यदि आप ध्रुव और ऋषभ को इस टेस्ट मैच में खेलते हुए नहीं देखें। घरेलू सत्र की शुरुआत से लेकर अब तक जुरेल के स्कोर का क्रम 140, 1 और 56, 125, 44 और 6, 132 और नाबाद 127 रन रहा है। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछली श्रृंखला में अपने करियर का पहला टेस्ट शतक भी लगाया था और उनके प्रभावशाली प्रदर्शन को देखकर उन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।

ईडन गार्डन्स में अभ्यास सत्र के दौरान भारतीय खिलाड़ी।

डोएशे ने कहा कि छह महीनों में ध्रुव ने जिस तरह से प्रदर्शन किया है और पिछले सप्ताह बेंगलुरु में (दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ) दो शतक लगाए हैं, उसे देखते हुए उनका इस मैच में खेलना तय है। नितीश रेड्डी को टीम में नहीं चुने जाने पर नीदरलैंड के पूर्व क्रिकेटर ने कहा, वेस्टइंडीज सीरीज में नीतीश ने दोनों टेस्ट मैच खेले थे और हमने कहा था कि भविष्य के लिए उन्हें तैयार करना महत्वपूर्ण है। हम उन्हें संभावित खिलाड़ी के रूप में देखते हैं जो सीखने के लिए खेल रहा है। उन्होंने कहा कि जैसा कि मैंने वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल और रविंद्र जडेजा के बारे में कहा था कि मेरे हिसाब से इन तीनों की मौजूदगी में आपको वास्तव में तीन अतिरिक्त बल्लेबाज मिलते हैं।

उम्मीद है हमने न्यूजीलैंड श्रृंखला से कुछ सीखा होगा

भारतीय टीम के सहायक कोच डोएशे को उम्मीद है कि उनके बल्लेबाजों ने पिछले साल घरेलू मैदान पर न्यूजीलैंड से श्रृंखला में मिली हार से सबक सीखा होगा। डोएशे ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका का स्पिन आक्रमण काफी मजबूत है, जिससे उनके खिलाफ मुकाबला करना उपमहाद्वीप की टीम के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने जैसा लग रहा है। उन्होंने स्वीकार किया कि उन्हें स्पिनरों द्वारा पेश की गई चुनौती से निपटने में बेहतर होने की जरूरत है। पाकिस्तान में द. अफ्रीका की हाल की टेस्ट श्रृंखला में केशव महाराज, साइमन हार्मर, सेनुरन मुथुसैमी और प्रेनेलन सुब्रयन की स्पिन चौकड़ी ने 35 विकेट लेकर दो मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर दी थी। डोएशे ने कहा, उनके पास चार (तीन विशेषज्ञ) स्पिनर हैं। संभावना है कि वे तीन स्पिनरों के साथ खेलेंगे और यह कुछ हद तक किसी उपमहाद्वीपीय टीम के खिलाफ खेलने जैसा ही है। अफ्रीकी टीम तेज और स्पिन दोनों में संतुलित आक्रमण के साथ आई है।

भारत ने नेट पर किया अभ्यास, पंत पूरी लय में

बहुप्रतीक्षित टेस्ट वापसी के लिए तैयार भारत के आक्रामक विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत नेट्स पर लय में दिखे और उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच से पहले ट्रेनिंग सत्र में बेबाक स्ट्रोक्स लगाए। मैनचेस्टर में चौथे टेस्ट के दौरान क्रिस वोक्स की गेंद पर पैर के अंगूठे में फ्रेक्चर होने के बाद जुलाई से खेल से बाहर रहे पंत ने बेंगलुरु में दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ भारत ए की ओर से अनौपचारिक टेस्ट मैचों के जरिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की। उन्होंने पहले ए टेस्ट में जीत के लिए 90 रन बनाए और दूसरे मैच में 17 रन पर रिटायर्ड हर्ट होने के बावजूद 65 रन बनाए। बाद में वह पारी का अंत करने के लिए लौटे, जिससे सीनियर टीम की टेस्ट श्रृंखला से पहले उनकी फॉर्म और फिटनेस दोनों का संकेत मिला। टीम इंडिया में वापसी करते हुए पंत ने वहीं से शुरुआत की जहां से वह छोड़कर गए थे। उन्होंने नेट पर मनमुताबिक और साहस के साथ बल्लेबाजी करते हुए तेज गेंदबाजों और स्पिन गेंदबाजों दोनों का सामना किया। उन्होंने मैदान पर एक घंटा बिताया। उन्होंने वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल और रविंद्र जडेजा के खिलाफ स्ट्रोक्स लगाए। पंत ने स्लिप के ऊपर से रिवर्स रैंप और फाइन लेग के ऊपर से स्कूप शॉट लगाए। उन्होंने स्पिनरों के सामने भी अच्छा प्रदर्शन किया जिसमें उन्होंने एक्स्ट्रा कवर के ऊपर से इनसाइड-आउट ड्राइव के साथ सटीक फुटवर्क और कलाई पर नियंत्रण के साथ आउटसाइड ऑफ से मिडविकेट तक स्वीप शॉट खेले। पंत ने अपने सत्र की शुरुआत लगभग 15 मिनट की विकेटकीपिंग अभ्यास के साथ की।

कुमामोतो मास्टर्स में जीते लक्ष्य सेन

कुमामोतो (जापान), एजेंसी

भारत के लक्ष्य सेन ने बुधवार को यहां कोकी वतानबे को सीधे गेम में हराकर कुमामोतो मास्टर्स जापान बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल वर्ग के दूसरे दौर में जगह बनाई। सातवें वरीय लक्ष्य ने जापान के दुनिया के 26वें नंबर के खिलाड़ी सिर्फ 39 मिनट में 21-12 21-16 से हराया।

दुनिया के 15वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य अगले दौर में सिंगापुर के जिया हेंग जेसन और कनाडा के विक्टर लेई के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगे। भारत के किरण जॉर्ज को हालांकि मलेशिया के जिंग होंग कोक के खिलाफ पहले दौर

के मुकाबले में 20-22 10-21 से हार का सामना करना पड़ा। रोहन कपूर और रुतविका शिवानी गड्डे की मिश्रित युगल जोड़ी ने प्रेस्ले स्मिथ और जेनी गेई की अमेरिका की जोड़ी को कड़ी चुनौती पेश की लेकिन इसके बावजूद भारतीय जोड़ी को तीन गेम में 12-21 21-19 20-22 से हार का सामना करना पड़ा।

द. अफ्रीकी कप्तान का फिटनेस अभ्यास, टीम ने बहाया पसीना

कोलकाता, एजेंसी

चोट से वापसी कर रहे दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा ने शुक्रवार से भारत के खिलाफ शुरू हो रहे टेस्ट मैच से पहले बुधवार सुबह ईडन गार्डन्स में टीम के ट्रेनर, फिजियो और मुख्य कोच शुक्री कॉनराड की देखरेख में फिटनेस अभ्यास किया। अभ्यास में तीन मार्कर बनाकर उनके बीच दौड़ लगाई जो 20 मिनट चली। जब उनके साथी खिलाड़ी नेट्स पर अभ्यास कर रहे थे तब बावुमा ने दौड़ के बाद शैडो अभ्यास किया और बाद में नेट्स में शामिल हो गए।

बावुमा सितंबर में इंग्लैंड में लगी पिंडली की चोट से पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला की शुरुआत में नहीं खेल पाए थे। वह पिछले हफ्ते बेंगलुरु में भारत ए के खिलाफ दूसरे अनौपचारिक टेस्ट में मैदान पर लौटे। वह डेवाल्ड ब्रेविस की जगह लेंगे

अपने साथी खिलाड़ी के साथ अभ्यास करते दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा।

जिन्होंने पाकिस्तान में दो टेस्ट मैचों में 46 रन बनाए थे। टोनी डी जोरजी उस श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका के लिए एक शतक और एक अर्धशतक के साथ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे और स्पिन गेंदबाजी खेलने में माहिर हैं। कॉनराड ने बावुमा को टीम का अहम खिलाड़ी बताते हुए कहा कि उनके बिना पाकिस्तान में श्रृंखला ड्रॉ कराना उनके लिए बहुत बड़ी उपलब्धि थी। तेम्बा हमारे लिए बहुत अहम हैं। कॉनराड ने कहा, और हम इस बात से रोमांचित हैं कि उसने ए मैच में भी अच्छा प्रदर्शन किया। सीनियर सलामी बल्लेबाज एडेन मारक्रम ने भी नेट्स पर अभ्यास किया और मुख्य नेट पर जाने से पहले छोटी दूरी के थ्रोडाउन लिए। ट्रिस्टन स्टब्स ने लंबे समय तक बल्लेबाज़ी की और ऑफ-स्पिन भी फेंकी, जिससे 'थिंक-टैंक' को अपने तीन विशेषज्ञों केशव महाराज, साइमन हार्मर और सेनुरन मुथुसैमी की मदद के लिए अतिरिक्त स्पिन विकल्प मिलेगा। तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा ने हल्का अभ्यास किया और दिन के अंत में कुछ शैडो रन और ड्रिल्स कीं।

भारत को हराने के लिए बेताब द. अफ्रीका : महाराज

दक्षिण अफ्रीका ने 15 साल से भारत में कोई टेस्ट मैच नहीं जीता है और उसके मुख्य स्पिनर केशव महाराज ने इसे अपने सबसे कठिन दौरों में से एक करार देते हुए कहा कि आगामी श्रृंखला में जीत का इंतजार खत्म करने के लिए वास्तव में उनकी टीम बहुत बेताब है। महाराज ने कहा, हमें लगता है कि यह हमारी सबसे बड़ी परीक्षाओं में से एक है। यह खुद को आंकने का शानदार मौका होगा। इससे हमें अपनी वास्तविक स्थिति का पता करने का अवसर मिलेगा। हमने उपमहाद्वीप के अन्य हिस्सों में जीत हासिल करना शुरू कर दिया है और वास्तव में भारत में जीत हासिल करने के लिए हमारी टीम के अंदर तीव्र भूख और इच्छा है।

मुख्य कोच कॉनराड बोले- हम रच सकते हैं इतिहास

दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच शुक्री कॉनराड को उम्मीद है कि केशव महाराज, सेनुरन मुथुस्वामी और साइमन हार्मर की स्पिन तिकड़ी भारत के अपने अनुभवी प्रतिद्वंद्वियों के सामने कड़ी चुनौती पेश करेगी और उनकी टीम दो मैच की टेस्ट श्रृंखला जीतकर इतिहास रचने में सफल रहेगी। उन्होंने इस श्रृंखला की तुलना ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल से की। अफ्रीकी स्पिनरों ने हाल में पाकिस्तान दौरे पर अच्छा प्रदर्शन किया था और वह भारत में भी ऐसा करने को प्रतिबद्ध हैं।

प्रज्ञानानंद-डुबोव का मुकाबला ड्रॉ, हरिकृष्णा ने दर्ज की जीत

फिडे विश्व कप 2025

गोवा, एजेंसी

फिडे विश्व कप 2025 में मंगलवार को आर प्रज्ञानानंद ने ग्रैंडमास्टर डेनियल डुबोव के खिलाफ सफेद मोहरों से खेलते हुए मुकाबला ड्रॉ किया। वहीं ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी, ग्रैंडमास्टर कार्तिक वेंकटरमन और ग्रैंडमास्टर पी हरिकृष्णा ने चौथे राउंड के पहले मैच में काले मोहरों से अंक बांटे।

प्रज्ञानानंद ने 14वीं चाल में अपने डी-प्यादा को आगे बढ़ाकर गलती की थी। दोनों खिलाड़ियों को समय का नियंत्रण बनाए रखने के लिए तेजी से खेलना पड़ा। 41 चालों के बाद दोनों ने

फिडे विश्व कप में मुकाबला ड्रा होने पर हाथ मिलाते प्रज्ञानानंद और डुबोव।

हाथ मिलाते हुए ड्रॉ पर सहमति जताई।

दूसरी वरीयता प्राप्त अर्जुन एरिगैसी ने काले मोहरों से खेलते हुए हंगरी के ग्रैंडमास्टर पीटर लेको के खिलाफ 20 चालों में ड्रा खेला। हरिकृष्णा ने स्वीडन के ग्रैंडमास्टर निल्स ग्रैंडेलियस को 32 चालों में हराया। कार्तिक वेंकटरमन का वियतनाम के ग्रैंडमास्टर ले क्वांग लिएम से मुकाबला ड्रा किया। अन्य मैचों में, दो बार के विश्व चैंपियन ग्रैंड मास्टर लेवोन अरोनियन ने ग्रैंड मास्टर राडोस्लाव वोज्तास्ज़ोक को 37 चालों में हराया। ग्रैंड मास्टर जोस एडुआर्डो मार्टिनेज अल्कांतारा ने एलेक्सी सराना पर 39 चालों में जीत दर्ज की।

46 साल के पीटर लेको छह साल बाद किसी टूर्नामेंट में खेल रहे हैं। अर्जुन एरिगैसी से ड्रॉ खेलने के बाद उन्हें प्रतियोगिता में बने रहने के लिए काले मोहरों से खेलना होगा। अर्जुन एरिगैसी के खिलाफ मैच ड्रॉ पर छूटने के बाद लेको ने कहा कि मैच दिलचस्प था। अर्जुन ने बड़ा सरप्राइज दिया। इस खेल में मुझे रेखाएं तो पता थीं, लेकिन मैंने उसका गहराई से विश्लेषण नहीं किया था। इसलिए समय बहुत कम होने से मैंने बार-बार ड्रॉ करने का फैसला किया। आगे काले मोहरों से मैं जीतने का प्रयास करूंगा।

2026 वर्ल्ड कप मेरा आखिरी टूर्नामेंट : रोनाल्डो

सऊदी अरब, एजेंसी

पुर्तगाल के दिग्गज स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने मंगलवार को स्पष्ट कर दिया कि आने वाला फीफा विश्व कप 2026 उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा। उन्होंने कहा कि अब उनका करियर अपने अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ रहा है।

40 वर्षीय रोनाल्डो (जिन्होंने क्लब और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 950 से अधिक गोल किए हैं) ने बताया कि वे एक या दो साल में फुटबॉल से संन्यास लेने की योजना बना रहे हैं। सऊदी अरब में आयोजित फोरम में वीडियो लिंक के जरिए उन्होंने इसकी पुष्टि की है।

रोनाल्डो फिलहाल सऊदी अरब के क्लब अल-नास्र के लिए खेल रहे हैं। उन्होंने 2023 में इस क्लब से जुड़ने के बाद कहा था कि वे जल्द रिटायर होंगे। उन्होंने अब स्पष्ट किया, सच कहूं तो जब मैंने कहा था, मेरा मतलब था एक या दो साल में। मैं अभी भी खेल में रहूंगा, लेकिन ज़्यादा समय नहीं। पांच बार के बैलन डी'ऑर विजेता रोनाल्डो अब 2026 में अपना छठा विश्व कप खेलने का लक्ष्य रखे हुए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2006 विश्व कप में था, जब पुर्तगाल सेमीफाइनल में फ्रांस से हारा था। वहीं, पुर्तगाल ने 2026 विश्व कप के लिए क्वालीफाई नहीं किया है।

अल्काराज दूसरी बार शीर्ष रैंकिंग से एक जीत दूर

तूरिन (इटली), एजेंसी

दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज अपने करियर में दूसरी बार शीर्ष रैंकिंग हासिल करने के करीब हैं, जिसके लिए उन्हें अब केवल एक जीत की दरकार है। अल्काराज ने एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट में टेलर फ्रिट्ज़ को 6-7 (2), 7-5, 6-3 से हराया। उन्हें अब यानिक सिनर की जगह साल के आखिर में नंबर एक रैंकिंग हासिल करने के लिए या तो ग्रुप के अंतिम मैच में लोरेंजो मुसेट्टी को हराना होगा या फिर सेमीफाइनल में जीत दर्ज करनी होगी।

अल्काराज ने कहा, मैं इसके बारे में सोच नहीं रहा हूं। लेकिन नंबर एक रैंकिंग के बारे में नहीं सोचना वास्तव में बहुत मुश्किल है। अल्काराज दुनिया के शीर्ष आठ खिलाड़ियों के बीच खेले

जा रहे सत्र के इस अंतिम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में भी पहुंच गए हैं। उन्होंने मुसेट्टी की एलेक्स डी मिनौर पर 7-5, 3-6, 7-5 से जीत से अंतिम चार में अपनी जगह सुरक्षित की। अगर स्पेन के रहने वाले अल्काराज आगे कोई मैच नहीं जीत पाते हैं और सिनर अपना खिताब बचाने में सफल रहते हैं तो फिर इटली का खिलाड़ी साल के आखिर में भी नंबर एक रैंकिंग पर बना रहेगा।

पहल — न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज टूज के कार्य समूह ने तिमाही बैठकों के दौरान आईसीसी और सीईसी को सौंपीं सिफरिशें

डब्ल्यूटीसी में 12 टीमें और वनडे सुपर लीग की सिफारिश

दुबई, एजेंसी

अगली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2027-29 चरण में सभी 12 पूर्णकालिक सदस्य एक ही डिवीजन में शामिल करने और एकदिवसीय सुपर लीग फिर से शुरु करने की सिफारिश की गई है। न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज रोजर टूज की अगुवाई में एक कार्य समूह ने पिछले हफ्ते दुबई में हुई तिमाही बैठकों के दौरान आईसीसी बोर्ड और मुख्य कार्यकारी समिति (सीईसी) को इस संदर्भ में अपनी सिफरिशें सौंपी।

इस समूह को क्रिकेट के तीनों प्रारूपों से जुड़े जरूरी मुद्दों पर ध्यान देने का काम सौंपा गया है। कार्य समूह ने अगले विश्व टेस्ट

चैंपियनशिप (2027-29) चक्र के लिए सभी 12 पूर्णकालिक सदस्यों की एक स्तरीय प्रणाली लागू करने की सिफारिश की गई। अफगानिस्तान, जिम्बाब्वे और आयरलैंड के अगले चक्र में शामिल किए जाने की संभावना है। इस दौरान सदस्य देशों के साथ द्वि-स्तीय प्रणाली पर व्यापक चर्चा की गई। श्रीलंका, वेस्टइंडीज और पाकिस्तान जैसे देशों ने द्वि-स्तरीय प्रणाली का विरोध करते हुए कहा कि अगर बड़े देशों के खिलाफ मैच नहीं हुए तो उनके बोर्ड पैसे नहीं कमा पायेगा। अभी केवल नौ देश विश्व टेस्ट चैंपियनशिप खेल रहे है।

बोर्ड के एक निदेशक ने बताया कि इससे यह सुनिश्चित होता है कि हर कोई टेस्ट क्रिकेट खेल रहा है। जो लोग वास्तव में इस प्रारूप में खेलना चाहते हैं, उनके पास अब अवसर हैं और अन्य टीमों के लिए भी उन्हें खेलने का प्रोत्साहन है। इसके अलावा 2023 में रद्द हुई वनडे सुपर लीग को फिर से शुरू करने की सिफारिश की गई। 13 टीमों की यह लीग जुलाई 2020 में ही शुरू हुई थी। कार्य समूह के प्रस्ताव में यह नहीं बताया गया है कि 2028 में फिर शुरू होने वाली लीग में कितनी टीमें हिस्सा लेंगी। ऐसा माना जा रहा है कि 50 ओवरों के विश्व कप में टीमों की संख्या बढ़ाने पर कोई जोर नहीं दिया जा रहा है। 2027 में यह प्रतियोगिता 14 टीमों की होगी, जबकि पिछले दो संस्करणों में यह केवल दस टीमों तक सीमित थी।

टी-20 विश्व कप में भी टीमें बढ़ाने पर जोर

टी-20 विश्व कप में भी 20 टीमें ही रहेंगी, हालांकि कुछ प्रशासक धीरे-धीरे इसमें चार टीमें बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं, जिसका लक्ष्य अंतत: 32 टीमों तक पहुंचना है। एसोसिएट सदस्यों ने टी-20 विश्व कप क्वालीफाइंग प्रारूप में बदलाव का प्रस्ताव भी रखा है। फिलहाल कुछ टीमों की एंट्री रैंकिंग के आधार पर होती है, इसे बदलकर सभी टीमों को क्वालिफायर राउंड में शामिल करना चाहिए। इन सब के बावजूद, आईसीसी ने टी-10 को क्रिकेट को आधिकारिक प्रारुप नहीं माना। बोर्ड अगले साल की शुरुआत में होने वाली आईसीसी की अगली बैठकों में इन मुद्दों पर चर्चा हो सकती है।